डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

श्रवण शुक्ल पक्ष 09, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 13 अगस्त 2024, वर्ष-30, अंक-300, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज 12
मेरे इस्तीफे के पीछे अमेरिका : हसीना

सेंसेक्स
79,648.92 -56.98

डॉलर
83.948 -0.003

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 70,360
01 किलो 81,720

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

लेस्लीगंज में अलग-अलग जगहों पर तीन महिलाएं वज्रपात की चपेट में

## दो की मौत, एक घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सोमवार को शाम हुई बारिश में बिजली आसमान से कहर बनकर टूटी। पलामू जिले के लेस्लीगंज थानाअंतर्गत वज्रपात की तीन अलग अलग घटनाओं में एक महिला समेत दो की मौत हो गई जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल है। वज्रपात की घटना में कमलपुर की सविता देवी, पति-अर्जुन प्रजापति की मृत्यु हो गई। इसके साथ ही एक और घटना हुई, जिसमें पहाड़ी कला गांव की महिला कविता देवी पति- स्व. अरविंद शर्मा पर बारिश के दौरान वज्रपात हो गया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। वज्रपात की तीसरी घटना में लेस्लीगंज के लोटवा गांव के रहने वाले जगदीश राम की 15 वर्षीय पुत्री की मृत्यु हो गई। घायल कविता का इलाज मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक सबिता देवी अपने घर के सटे खेत में धान रोप कर वापस आ रही थी। इस दौरान वज्रपात हो गया। वज्रपात से घायल होने के बाद उसे परिजन लेकर मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पहाड़ी कला की रहने वाली कविता कुंवर अपने खेत में धान रोप रही थी, तभी वज्रपात की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई।

## नक्सलवाद पर संयुक्त रूप से अभियान चलाने की बनी रणनीति

### केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से वामपंथी उग्रवाद पर नियंत्रण के लिए हुई ऑनलाइन बैठक



डीजीपी अनुराग गुप्ता, एडीजी अभियान डॉ. संजय लाठकर सहित कई अधिकारी हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता ने नक्सलवाद की समस्या पर कार्रवाई के लिए प्रभावित राज्यों के वरीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ केन्द्रीय गृह मंत्रालय की ओर से आयोजित अंतर्राज्यीय समन्वय के लिए आयोजित बैठक में सोमवार को भाग लिया। केन्द्रीय गृह मंत्रालय की ओर से वामपंथी उग्रवाद की समीक्षा के लिए वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में झारखंड पुलिस मुख्यालय सभागार से डीजीपी अनुराग गुप्ता, एडीजी अभियान डॉ. संजय आनंदराव लाठकर, आईजी अभियान एवी होमकर, डीआईजी कार्तिक एस सहित अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान डीजीपी के जरिये झारखंड के संदर्भ में मुख्य रूप से प्राप्त सूचना को स-समय सक्रिय रूप से साझा करने, नोडल पदाधिकारी की नियुक्ति करने, वामपंथी उग्रवाद परिदृश्य के आलोक में की जा रही कार्रवाई, सीमावर्ती क्षेत्रों में उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर आपसी सहयोग, सीमावर्ती क्षेत्रों में नक्सलियों की गतिविधियों पर नकेल कसने एवं सभी स्तरों पर अंतरराज्यीय समन्वय बैठकों के लिए तंत्र की कार्ययोजना की रूप-रेखा पर चर्चा की गई। आईजी अभियान ने राज्य के सभी सीमावर्ती क्षेत्र में क्रियाशील नक्सलियों की गतिविधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के लिए आपस में ससमय आसूचना के आदान प्रदान पर बल दिया। साथ ही झारखंड के सीमावर्ती राज्यों-ओडिशा एवं छत्तीसगढ़ में सक्रिय नक्सली दस्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियानों के दौरान समन्वय स्थापित कर अभियान चलाने पर जोर दिया। इस बैठक में सभी सीमावर्ती राज्यों के साथ अलग-अलग बिन्दुओं एवं वर्त्तमान नक्सल परिदृश्य पर सभी राज्यों की ओर से की जाने वाली कार्रवाई पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में हाल के दिनों में झारखंड पुलिस के जरिये नक्सलियों के विरुद्ध लगातार चलाये जा रहे अभियानों के दौरान आपसी संबंध, एक दूसरे से सहयोग एवं समय पर प्राप्त आसूचना पर तत्काल कार्रवाई के बिन्दु पर काफी जोर दिया गया, साथ ही सभी राज्यों के जरिये उनके राज्य में सक्रिय नक्सलियों और उसके सहयोगियों के बारे में सूचनाओं का आदान प्रदान करने की बात कही गयी। सीमावर्ती राज्यों के वरीय पदाधिकारियों के साथ समय-समय पर समन्वय स्थापित करते हुए नक्सलवाद पर संयुक्त रूप से अभियान चलाने एवं तत्काल सुदृढ़ कार्रवाई करने की रणनीति बनाई गई। इसके अलावा सीमावर्ती राज्यों से समन्वय पर जोर दिया गया।

### एक नजर

#### राज्यपाल दुमका और मुख्यमंत्री रांची में करेंगे ध्वजारोहण

**रांची।** स्वतंत्रता दिवस पर झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार उप राजधानी दुमका में जबकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची के मोरहाबादी मैदान में ध्वजारोहण करेंगे। हेमंत सोरेन कैबिनेट के मंत्रियों द्वारा अपने-अपने जिले में ध्वजारोहण किया जाएगा। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने सोमवार को आदेश जारी किया। सभी उपायुक्तों को इस संबंध में संबंधित मंत्री से संपर्क कर आवश्यक तैयारी करने को कहा गया है।

#### झारखंड मंत्रालय में लगी आग, कई सामान और कागजात जलकर राख

**रांची।** राजधानी के डोरंडा में झारखंड मंत्रालय के नेपाल हाउस में दूसरे तल्ले पर स्थित पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में आग लग गई। यह घटना संयुक्त सचिव अनिल प्रसाद के कमरे में देर रात हुई। तीन दिन बाद जब सोमवार को कार्यालय खोलने चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी पहुंचे तब वह कमरे की स्थिति देखकर अचंभित रह गए। कमरे के अंदर रखे तमाम फर्नीचर, एसी, कई जरूरी सामान और कागजात जलकर राख हो गए थे। स्थानीय पुलिस प्रशासन घटना की जांच-पड़ताल कर रही है। जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि आखिर आग कैसे लगी। आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी होगी।

## नदी की तेज धार में दो महिला व एक किशोर बहे, दो के शव बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बलबल नदी में बकरी चरा लौट रहे लगभग 8 ग्रामीण रविवार शाम को नदी के तेज धार में बह गए। घटना के दूसरे दिन सोमवार को एक महिला फूलो मसोमात का शव बरामद किया गया है। विवेक कुमार व बसंती मसोमत अभी भी लापता हैं। मिली जानकारी के अनुसार बलबल बिशुनपुर ग्राम निवासी आए दिन की तरह बलबल नदी पार कर जंगल में बकरी चराने गए थे। शाम होने से पहले बकरी चरा कर घर वापस लौटर रहे थे। इस दौरान नदी पार करने के समय ही अचानक तेज बाढ़ आ गई और लोग नदी के तेज धार में बह गए। लगभग 8 ग्रामीण व 50- 60 बकरियों से भी अधिक इस नदी के धार में बह गए। कुछ ने किसी तरह अपनी जान बचाई। बाकी तीन लोग नदी की तेज धार के साथ बह कर दूर निकल गए। तीनों एक ही परिवार के लोग बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना आसपास के ग्रामीण के साथ स्थानीय मुर्पा पुलिस पिकेट को मिलने पर घटनास्थल पर पहुंच रविवार शाम से ही राहत बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। लगातार हो रहे मूसलाधार बरिश व नदी की तेजधार कम नहीं होने से ग्रामीण और पुलिस रविवार शाम को लापता लोगों को खोजने में असफल रहे। दूसरे दिन पुलिस व ग्रामीणों के अथक प्रयास से घटना स्थल से लगभग एक किलोमीटर दूर एक शव फूलो मसोमात का बरामद किया गया। दूसरा शव टंडवा पिपरवार थाना में देर शाम नदी के बीचो-बीच फंसा देखा गया, जिसे पुलिस व परिजन निकालने की कोशिश में लगे हुए हैं। उसकी पहचान बसंती मसोमात के रूप में की गई है। वह बालबाल ग्राम की रहने वाली थी। सोमवार शाम खबर लिखे जाने तक लापता एक युवक विवेक का पता नहीं चला है।



### बलबल नदी पर बहुत जल्द बनेगा पुल : बैद्यनाथ राम

स्थानीय विधायक सह मंत्री झारखंड सरकार बैद्यनाथ राम ने कहा कि यह घटना बहुत ही हृदय विदारक है। सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। उन्होंने कहा कि पुल की कमी का मामला संज्ञान में आते ही पुल बनाने के लिए पहल कर दी गई है। आने वाले दिनों में पुल निर्माण होगा। घटना में राहत बचाव को लेकर पुलिस व परिजन के अलावा, समाजसेवी के साथ भाजपा नेता लक्ष्मण कुशवाहा, मुखिया अजय टाना भगत,मारंग लोइया मुखिया पति दिलीप उरांव सहित कई लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाते देखे गए।

### ग्रामीण वर्षो से कर रहे पुल निर्माण की मांग

बालूमाथ प्रखंड के मारंग लोईया पंचायत अंतर्गत बिशनपुर और बलबन गांव के निकट यह नदी के अगल-बगल सैकड़ों घर में हजारों लोग का आना-जाना होता है। जिसका एकमात्र रास्ता नदी ही है। जिस पर वर्षों से ग्रामीण ग्राम सभा के माध्यम से आवेदन देकर पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं। अब तक वहां पुल नहीं बना। इसका खामियाजा ग्रामीण भुगत रहें हैं। घटना का शिकार हो रहे हैं। बता दें कि बीते एक माह पूर्व ट्रैक्टर सहित मजदूर बह गए थे, जिसे ग्रामीणों के तत्परता से मजदूरों की जान बची थी। ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त हो गया था।

जिले के 110 नक्सली व अपराधी पुलिस की कब्जे में

## एंटी क्राइम स्पेशल ड्राइव में पुलिस को मिल रही बड़ी सफलता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस जिले में नक्सलियों व अपराधियों के विरूद्ध विशेष अभियान चला रही है। पुलिस को इस अभियान से लगातार सफलता भी मिल रही है। पुलिस के बढ़ते दबिश से हार्डकोर नक्सली व अपराधियों में भय का माहौल है। पिछले छह दिनों में जिले के सभी थाना द्वारा चलाए गए एंटी क्राइम स्पेशल ड्राइव में 110 नक्सली व अपराधियों को पकड़ने में पलामू पुलिस सफल रही है। पुलिस का यह अभियान अभी आगे भी जारी रहेगा। गिरफ्तार अपराधी व नक्सली वर्षो से फरार चल रहे थे। पलामू पुलिस ने सात दिनों के स्पेशल ड्राइव में गंभीर अपराध व नक्सल मामलों केआरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सभी के खिलाफ कोर्ट में लंबे समय से वारंट जारी था व सभी आरोपी फरार चल रहे थे। बता दें कि पलामू पुलिस ने सभी थाना क्षेत्र में एक स्पेशल टीम का गठन किया है। टीम का नेतृत्व खुद थाना प्रभारी कर रहें हैं। छापामारी का यह अभियान पिछले छह दिनों से चल रहा है। चार अगस्त को 15, पांच अगस्त को 23, छह अगस्त को 25, सात अगस्त को छह, आठ अगस्त को 20, नौ अगस्त को 12, 10 अगस्त को नौ अपराधी और नक्सली पकड़े गए हैं।

### लंबे समय के बाद पुलिस ने स्पेशल ड्राइव शुरू किया

पलामू में लंबे समय के बाद अपराधियों और नक्सलियों के खिलाफ स्पेशल ड्राइव शुरू शुरू किया गया है। पुलिस एक-एक अपराधी और नक्सली के घर जाकर उनकी गतिविधि का जायजा ले रही है। इस दौरान जिनके खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी है उन्हें गिरफ्तार कर रही है। विधानसभा चुनाव से पहले यह पुलिस की बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। नक्सल प्रभावित इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। फरार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस इस अभियान के माध्यम से क्षेत्र में शांति व्यवस्था व विधि व्यवस्था बनाये रखने का भी प्रयास कर रही है।

### आज | कल




## हजारीबाग में मिला बांग्लादेशी गिद्ध संदिग्ध डिवाइस से मची सनसनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** बांग्लादेश में जारी हिंसा और उथल-पुथल के बीच झारखंड में एक बांग्लादेशी गिद्ध मिला है। हजारीबाग के विष्णुगढ़ कोनार डैम में यह गिद्ध पाया गया, जिस पर एक इलेक्ट्रानिक डिवाइस लगी है। इस पर 'ढाका बांग्लादेश' लिखे होने की बात कही जा रही है। यह डिवाइस क्या है और किस तरह का डेटा इसमें रिकॉर्ड किया गया है, इसकी अभी जांच होनी बाकी है। हालांकि, पक्षी वैज्ञानिकों का मानना है कि इस तरह के डिवाइस को ट्रैकिंग के लिए लगाया जाता है। माना जा रहा है कि ढाका के पक्षी विज्ञानियों ने इसकी ट्रैकिंग करने के लिए यह डिवाइस लगाया होगा। वल्चर पर विशेष काम करने वाले पक्षी विज्ञानी डॉ सत्यप्रकाश बताते हैं कि नेपाल का डिवाइस लगा हुआ गिद्ध भी पहले हजारीबाग में दिखा था। दरअसल, ग्रामीणों ने डैम के पास एक गिद्ध को घायल हालत में देखा। इसकी पीठ पर डिवाइस लगे होने की वजह से सनसनी मच गई। कौतुहल के बीच उन्होंने पुलिस और वन विभाग को इसकी जानकारी दी। वन विभाग ने गिद्ध को अपने कब्जे में ले लिया है। उसका उपचार किया जा रहा है। दूसरी तरफ डिवाइस की जांच की बात भी कही जा रही है। वन विभाग की टीम का कहना है कि जांच के बाद ही पक्के तौर पर कुछ कहा जा सकता है। वैसे अनुमान लगाया जा रहा है कि संभवतः अध्ययन के लिए इसे लगाया गया होगा।



### भरे जा रहे लोकायुक्त समेत अन्य महत्वपूर्ण पद, प्रक्रिया जारी

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में एडवोकेट एसोसिएशन की ओर से सूचना आयोग में नियुक्ति को लेकर दायर पीआईएल पर सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि लोकायुक्त समेत अन्य महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है, जिसपर अदालत ने सरकार को एफिडेविट के माध्यम से जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में इस जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता नवीन कुमार ने पक्ष रखा। अदालत अब छह सितंबर को इस जनहित याचिका पर सुनवाई करेगा।

## हजारीबाग मेडिकल कॉलेज में हवलदार की हत्या कर फरार हुआ कैदी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया एक कैदी सुरक्षा में तैनात हवलदार की हत्या कर फरार हो गया। मारे गए हवलदार का नाम चोहन हेंब्रम है। वह गिरिडीह जिले के पीरटांड़ के रहने वाले थे। फरार हुए कैदी का नाम मो. शाहिद अंसारी है। वह हत्या के मामले में हजारीबाग स्थित जयप्रकाश नारायण सेंट्रल जेल में बंद था। पांव में दर्द की शिकायत पर उसे 25 जुलाई को मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। यहां के डॉक्टरों ने उसकी मेडिकल जांच के लिए उसे रिम्स, रांची भेजने की अनुशंसा की थी, लेकिन इसके पहले वह वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। शाहिद अंसारी धनबाद जिले के चासनाला का रहने वाला बताया जाता है। उसके खिलाफ हत्या के अलावा कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसे धनबाद में हत्या और बलात्कार के मामले में सजा हुई थी। 11 जनवरी 2019 को सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसे धनबाद जेल से हजारीबाग लाया गया। लगभग पांच साल से शाहिद अंसारी हजारीबाग जेल में बंद था। बताया गया है कि उसने सोमवार की सुबह कैदी वार्ड में सुरक्षा में तैनात हवलदार को चकमा देकर हथकड़ी खोल ली और इसके बाद स्लाइन वाटर के पाइप से अचानक हवलदार का गला घोंटा और उनके सिर पर स्लाइन वाले रॉड से प्रहार किया। वारदात को अंजाम देने के बाद उसने हथकड़ी से कैदी वार्ड का गेट बंद कर दिया और भाग निकला। बाद में वार्ड ब्वॉय मौके पर पहुंचा तो उसने हॉस्पिटल प्रबंधन को घटना की जानकारी दी। सोमवार सुबह इस वारदात की जानकारी मिलने पर हजारीबाग की डीसी नैंसी सहाय, एसपी अरविंद कुमार सिंह, सदर एसडीपीओ कुमार शिवाशीष सहित पुलिस के वरीय अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे।

इंडिया

## सकल पर्यावरणीय उत्पाद की नई विकास की अवधारणा और झारखंड



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

बिना मौसम बरसात और भीषण गर्मी या बाढ़ जैसी विभीषिकाओं के बीच कुछ नवाचार की सुखद अनुभूति भी है। विश्व में अर्थव्यवस्था को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के मानकों से आंकड़े से उलट भूटान सकल राष्ट्रीय प्रसन्नता (ग्रॉस नेशनल हैप्पीनेस) को अपना सबसे बड़ा आधार मानता है पर उत्तराखंड ने अपनी अर्थव्यवस्था के आकलन के लिए जिस मानक की घोषणा की, वह अद्भुत है । सकल पर्यावरणीय उत्पाद (जीईपी) को अपनी अर्थव्यवस्था का मानक मानने वाला यह हिमालयी राज्य देश का पहला ऐसा राज्य है, जो दुनिया भर के लिए और झारखंड के लिए भी अनुकरणीय बन गया है। हालांकि ऐसी आर्थिक विकास की नीति कोस्टारिका तथा कुछ अन्य देशों में आंशिक रूप से प्रभावी है। इस नवाचारी अवधारणा को आगे बढ़ाने के लिए वर्षों से प्रयासरत पर्यावरणविद डॉ अनिल जोशी और उत्तराखंड प्रशासन की यह पहल स्वागत योग्य है, परंतु देश में ही इस पर इतनी चर्चा नहीं हो रही, जितनी होनी चाहिए। जीडीपी आर्थिक प्रदर्शन का व्यापक रूप से स्वीकृत मापदंड है, परंतु आर्थिक गतिविधियों से जुड़ी पर्यावरणीय लागतों और लाभों को ध्यान में रखते हुए यह आर्थिकी के वास्तविक आकलन की एक कमजोर कड़ी है। जबकि सकल पर्यावरणीय उत्पाद (जीईपी) की अवधारणा मानव सहित सभी जीवों के कल्याण और अर्थव्यवस्था में प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र के योगदान को मापने के सार्थक दृष्टिकोण के रूप में उभरी है क्योंकि यह हमारे अस्तित्व से जुड़ा है । महात्मा गांधी ने जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाली, न कि लालच की पूर्ति करने वाली, आर्थिकी का दर्शन दिया था जबकि चिपको आंदोलन के प्रणेता प्रसिद्ध पर्यावरणविद सुंदरलाल बहुगुणा ने 'पारिस्थितिकी ही स्थायी आर्थिकी है' का सिद्धांत दिया था।सकल पर्यावरणीय उत्पाद (जीईपी) एक अभिनव मानदंड है, जिसे प्रकृति द्वारा प्रदान की गई पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं को मापने और महत्व देने के लिए तैयार किया गया है। जीईपी का लक्ष्य इन विविध योगदानों को एकल मौद्रिक मूल्य में समाहित करना है, जो आर्थिक और सामाजिक कल्याण के समर्थन में प्राकृतिक पूंजी के वास्तविक मूल्य को दशार्ता है। जीईपी मूल्यांकन पर्यावरणीय कारकों को शामिल करके आर्थिक प्रदर्शन का अधिक व्यापक मूल्यांकन प्रदान करता है। प्रकृति के नियमों के साथ पूर्ण राजनीतिक निष्ठा से जीईपी को अपनाने से सतत राष्ट्रीय विकास प्रथाओं को प्रोत्साहन मिल सकता है। यह बदलाव अधिक संतुलित और दीर्घकालिक विकास रणनीतियों को जन्म दे सकता है, जो आर्थिक विकास का तालमेल पर्यावरणीय प्रबंधन के साथ बनाए रखती है। वैसे जीईपी की अवधारणा भौगोलिक क्षेत्र और सामाजिक-सांस्कृतिक ताने-बाने के अनुरूप भिन्न हो सकती है, लेकिन सामान्यतः इसकी गणना में कई चरण और पद्धतियां समाहित हैं, जो पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं की जटिलता और विविधता को दशार्ती हैं। पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के मूल्यांकन में उपयोग किए जाने वाले प्रमुख दृष्टिकोण हैं : बाजार-आधारित मूल्यांकन, प्रतिस्थापन लागत विधि, आकस्मिक मूल्यांकन और लाभ अंतरण। जीईपी का उद्देश्य एक ही है- पारिस्थितिकी-केंद्रित सतत सामजिक-आर्थिक-सांस्कृतिक विकास। उत्तराखंड में जो जीईपी लागू किया जाना है, उसमें पर्यावरण के चार घटकों (जल, वायु, वन और मिट्टी) संबंधी सूचकांक शामिल हैं। आर्थिक विकास की नीतियों, योजनाओं और प्रक्रियाओं में पर्यावरण के इन घटकों की गुणवत्ता सुनिश्चित रखना किसी भी प्रशासन का नैतिक दायित्व है और इसे मूर्त रूप देने में उत्तराखंड सरकार ने पर्यावरण-नैतिकता के प्रदर्शन का साहस दिखाया है। जीईपी को कार्रवाई योग्य नीतियों और निर्णयों में बदलने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति और संस्थागत क्षमता की आवश्यकता है। सरकारों और संगठनों को अपनी योजना प्रक्रियाओं में जीईपी को एकीकृत करने और पर्यावरणीय स्थिरता के साथ आर्थिक प्रोत्साहन में तालमेल बनाना चाहिए। उत्तराखंड में एक जीईपी सेल की स्थापना की बात कही गई है, जो जीईपी के क्रियान्वयन को सुनिश्चित करेगी। जीईपी को नीति आयोग के साथ जोड़ने और इसे पूरे देश के लिए लागू करने की आवश्यकता है। जीईपी आर्थिक प्रगति और स्थिरता पर पुनर्विचार करने के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण प्रदान करता है। प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र द्वारा प्रदान किए गए असंख्य लाभों को महत्व देकर जीईपी आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच अंतर को पाटता है। इसमें नीतियों को नया आकार देने, टिकाऊ प्रथाओं का मार्गदर्शन करने और मनुष्यों और प्रकृति के बीच अधिक सामंजस्यपूर्ण संबंध को बढ़ावा देने की क्षमता होती है। जीईपी को अपनाना न केवल एक आर्थिक अनिवार्यता है, बल्कि जल जंगल और जमीन के लिए आंदोलन करनेवाले झारखंड में यह अधिक प्रासंगिक है।



## जहानाबाद के बाबा सिद्धनाथ मंदिर में भगदड़, आठ की मौत, 30 गंभीर

- **मृतकों में पांच महिला और तीन पुरुष, घायलों में तीन की हालत गंभीर**
- **मंदिर परिसर में भीड़ नियंत्रण में कई खामियों के कारण मची भगदड़**

**पटना।** बिहार में जहानाबाद जिले के वाणावर पहाड़ी पर स्थित बाबा सिद्धनाथ मंदिर में लगभग मध्य रात्रि को मची भगदड़ में आठ लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पांच महिला और तीन पुरुष हैं। दर्जनों लोग घायल हो गए हैं। इनमें तीस की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह जानकारी पुलिस ने दी। यह मंदिर मखदुमपुर प्रखंड में स्थित है। पुलिस के मुताबिक, इस भगदड़ में सुशीला देवी, पूनम देवी, निशा कुमारी, निशा देवी, राजू कुमार और प्यारे पासवान की जान चली गई। पूनम गया जिले के मोर टेकरी, निशा कुमारी मखदुमपुर थाना क्षेत्र के लडौआ गांव, सुशीला जल बीघा नाडोल, निशा देवी नगर थाना क्षेत्र के एरकी गांव और प्यारे पासवान स्थानीय निवासी है। दो लोगों की अभी पहचान नहीं हो सकी है। लोगों का कहना है कि सावन का सोमवार होने के कारण श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक थी। श्रद्धालु संकरे गंगा एवं गऊघाट मार्ग से बाबा सिद्धनाथ के दर्शन करने के लिए पहाड़ पर पहुंचे। अचानक मंदिर के पास अफरातफरी मची और लोग इधर-उधर भागने लगे। इस दौरान कई महिलाएं और पुरुष गिर गए। जिन लोगों को गंभीर चोट आई है, उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। लोगों का आरोप है कि लाठीचार्ज की वजह से भगदड़ मची। नगर थाना प्रभारी दिवाकर विश्वकर्मा का कहना है कि कई स्त्रोत से जानकारी प्राप्त हुई है कि भीड़ नियंत्रण में कई तरह की खामी रही। वरीय अधिकारी इसकी जांच कर रहे हैं। घटना दुखद है। जांच में दोषी पाए गए लोगों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### वज्रपात से 48 वर्षीय चुकून की मौत

**नावाबाजार।** रविवार शाम नवाबाजार थाना क्षेत्र के धगरडीहा में खेत में काम कर रहे 48 वर्षीय चुकुन भुईया की वज्रपात से मौत हो गई। अत्यंत गरीब परिवार के चुकुन भुईया दूसरे किसान के खेत में काम कर रहे थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया है।

### आर्म्स एक्ट के आरोपी के घर चिपकाया इश्तेहार



**नावाबाजार।** नावाबाजार पुलिस के द्वारा सोमवार को आर्म्स एक्ट के रजदिरीया गांव निवासी आरोपी महेंद्र चौधरी के ऊपर इश्तहार चिपकाया गया। महेंद्र के खिलाफ विश्रामपुर थाना में भादवि के तहत प्राथमिकी दर्ज है। आर्म्स एक्ट के अभियुक्त रजदिरीया गांव निवासी महेंद्र चौधरी पिता चौधरी के विरुद्ध माननीय न्यायालय से निर्गत इश्तहार को विधिवत तमिला किया गया।

### हैदरनगर में झंडोत्तोलन का समय निर्धारित

**हैदरनगर।** प्रखंड कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर झंडोत्तोलन का समय निर्धारित कर दिया गया है।सोमवार को हुई बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा ने इसकी सूची जारी कर बताया है कि प्रखंड कार्यालय प्रांगण में प्रातः 8. 30, नया थाना परिसर 8. 50, पशु चिकित्सालय 9. 10, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र 9. 40, बालिका उच्च विद्यालय 9. 50, प्लस टू उच्च विद्यालय 10. 05 बजे झंडोतोलन होगा। वहीं सभी पंचायत सचिवालय में 10. 10 और सभी आंगनबाड़ी केंद्र में 10. 20, बीआरसी कार्यालय ईंटवा में 10. 30 झंडोत्तोलन किया जायेगा।

### पंचायत सचिव के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में शोक सभा का आयोजन कर नीलांबर- पीतांबरपुर प्रखंड के पंचायत सचिव संदीप कुमार सिंह के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति के किये प्रार्थना की गयी। मौके पर अंचल अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि स्व. सिंह प्रखंड कार्यालय में पंचायत सचिव के पद पर पदस्थापित थे। वे सरल एवं मृदु भाषी स्वभाव के धनी थे। उनकी कार्य कुशलता को भुलाया नहीं जा सकता। शोक सभा मे सीआई नीतेश रंजन तिवारी , मुखिया अरविंद शुक्ला गीता देवी, गुड्डी देवी , आवास कोऑर्डिनेटर रुस्तम गहलौत, पंचायत सचिव ममता कुमारी ,अनामिका कुमारी ,पूर्णिमा कुमारी, मुन्ना कुमारी, अपर्णा मिश्रा, बीपीआरओ राजीव रंजन पांडे के अलावा कई प्रखंड व अंचल कर्मी में मौजूद थे।

### 65 योजनाओं का किया विधायक ने शिलान्यास

# क्षेत्र का कोई भी गांव विकास में पीछे नहीं रहेगा : डॉ. शशि भूषण मेहता



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर- पीतांबरपुर।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉ. शशि भूषण मेहता ने बुधवार को अपने नीलांबर-पीतांबरपुर स्थित मौर्या फार्म हाउस पर अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत एक साथ 65 योजनाओं का विधिवत पूजा-अर्चना व नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। वही शिलान्यास कार्यक्रम पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. मेहता ने कहा कि आज हम लगभग 3 करोड़ 50 लाख के 65 योजनाओं का शिलान्यास कर रहे हैं। जिसमें अंबेडकर भवन, भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रामविलास पासवान की प्रतिमा अधिष्ठापन, छठ घाट, पीसीसी रोड एवं नाली शामिल है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना था कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचे । इसके लिए हम निरंतर प्रयास कर रहे है। आने वाले समय में पूरे विधानसभा क्षेत्र का कोई भी गांव चहुंमुखी विकास में पीछे नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि विकास के मामले में पांकी विधानसभा क्षेत्र एक युग पीछे चला गया था। विकास कार्यों में गुणवत्ता के साथ घोर अनियमिता बरती गई थी । जिसका नतीजा सभी सड़कें और पुल-पुलिया समय से पहले खराब हो गए थे। शिलान्यास समारोह में प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, सरोज चटर्जी, तरहसी भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता, सतबरवा विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, कमेश यादव, सुनील कुशवाहा, सुन्दरलाल यादव, रंजय ठाकुर, लोहरसी भाजपा मंडल अध्यक्ष रौशन सिंह, सगालिम पंचायत मुखिया सुनील प्रजापति, रंजय भुइयां, पिंटू यादव, सुरज कुमार एवं मिडिया प्रभारी राकेश कुमार वर्मा उर्फ सोनू सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### अटल स्मृति भवन में शिव चर्चा का आयोजन



**नीलांबर- पीतांबरपुर।** प्रखंड मुख्यालय मे स्थित अटल स्मृति भवन में भव्य शिवचर्चा का आयोजन किया गया। शिव भक्त गुरू धनंजय राय के नेतृत्व में आयोजित शिव चर्चा गुरु भाई धनंजय राय ने बताया कि जगत गुरू शिव की शिष्यता ही अब एक मात्र विकल्प है। शिव जन-जन के गुरू है। इनको अपनाकर जीवन को सफल बना सकते है। उन्होंने बताया कि वर्त्तमान समय में मानवीय गुण प्रायः लुप्त हो गया है। मानवीय गुण के अभाव में आज सत्मार्ग का राह गुरू से ही संभव है। बिना गुरू, प्राणी, खासकर मानव अपनी पूर्णता को प्राप्त नहीं कर सकता। गुरू मात्र परमात्मा शिव है, इन्हें आदि गुरू व जगत गुरू भी कहा गया है। गुरू शिवदाता गुरू हैं और जितने भी तथा कथित शरीर धारी गुरू है वे प्रदाता गुरू के श्रेणी में आते है वहीं शिव गुरू भाई गणेश ने उपस्थित भक्तों को बताया कि शिष्य भाव का जगना ही शिष्य होना है। उन शिष्य का संबंध गुरू से होना ही जीवन का आधार हैं। उन्होंने तीन सूत्रों को बताया । कार्यक्रम में लाला प्रसाद यादव, छोटेलाल प्रसाद सोनी, रवि शर्मा, डबलू राय, भाई कमलदेव, गुरु वहन सुनीता, पार्वती कुमारी, मनोज कुमार, बाबूलाल कुमार, अजीत कुमार, बसंत कुमार, निर्मल कुमार, निवास शर्मा आदि उपस्थित थे।

### झंडोत्तोलन कार्यक्रम का समय निर्धारित

**हुसैनाबाद।** स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर एसडीओ पीयूष सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित झंडोत्तोलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हुई। बैठक में हुसैनाबाद के विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाले झंडोत्तोलन कार्यक्रमों के लिए समय निर्धारित किया गया। इसमें जन नायक कपूर्री ठाकुर (माल्यार्पण) एवं झंडोत्तोलन 07:00 बजे, अनुमंडल गोपनीय शाखा 07:10 बजे, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (गोपनीय) 07:15 बजे,वीर कुवंर सिंह (माल्यार्पण) एवं झंडोत्तोलन 07:20 बजे,अनुमंडल कार्यालय, हुसैनाबाद 07:25 बजे,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय 07:30 बजे,अधिवक्ता संघ, हुसैनाबाद 07:35 बजे,जवाहर नवोदय विद्यालय 2 जपला 07:40 बजे, मुनी सिंह चौक, 07:45 बजे, निबंधन कार्यालय 07:55 बजे, प्रखण्ड कार्यालय हुसैनाबाद 08:10 बजे, व्यापार मंडल, हुसैनाबाद 08:20 बजे,हरिहर चौक, (प्रखण्ड परिसर) हुसैनाबाद 08:30 बजे,क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय हुसैनाबाद 08:40 बजे, नगर पंचायत कार्यालय हुसैनाबाद 08:50 बजे,अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद का कार्यालय, 09:00 बजे,पटेल चौक, हुसैनाबाद 09:00 बजे,पुलिस निरीक्षक अंचल, हुसैनाबाद 09:10 बजे ,हुसैनाबाद थाना 09:15 बजे,महिला थाना 09:20 बजे, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हुसैनाबाद 09:25 बजे,गाँधी चौक 09:35 बजे, अम्बेडकर चौक 09:45 बजे, जयप्रकाश चौक हुसैनाबाद , 09:50 बजे, छोटानागपुर खादी ग्रामोद्योग जपला ,10:10 बजे,दिनेश सिंह चौक 10:15 बजे, अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद 10:25 बजे और अनुमंडलीय झंडोत्तोलन 10:35 बजे होगा। विद्यालय द्वारा प्रभातफेरी निकालने की जिम्मेवारी सौपी गई हैं।

### पंचायत समिति सदस्यों ने बैठक का किया बहिष्कार



**नावाबाजार।** प्रखंड सभागार में पंचायत समिति सदस्य की मासिक बैठक का प्रमुख विद्या देवी सहित सभी सदस्यों ने बहिष्कार किया। बैठक का समय प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा 12:00 निर्धारित किया गया था,लेकिन जिला में बैठक होने के कारण विलंब से चार बजे पहुंचे। बैठक शुरू होने वाला ही था कि पसंस के सदस्यों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। बहिष्कार का कारण प्रमुख विद्या देवी ने बताया कि बैठक में कृषि, पशुपालन, शिक्षा, पीएचडी, प्रशासनिक को छोड़कर अन्य विभाग अनुपस्थित थे। अनुपस्थित विभागीय कर्मियों के विषय में कभी भी संज्ञान नहीं लिया जाता। अबुआ आवास की सूची, मासिक बैठक का रजिस्टर व अन्य बिंदुओं पर पूर्व में चर्चा की गई। अगर बैठक का यही हमेशा रवैया रहा तो बाध्य होकर प्रखंड कार्यालय में तालाबंदी व धरना प्रदर्शन किया जायेगा। मौके पर उप प्रमुख मिर खुर्शीद आलम, निरंजन राम, हरिशंकर दुबे सहित पसंस सदस्य शामिल थे।

## कृषि मित्रों के सहयोग से किसानों के बीच बीज वितरण कार्य पूर्ण : बीएओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड क्षेत्र के किसानों के लिए उपलब्ध कराए गए बीज वितरण का कार्य पूरा कर लिया गया है। इस कार्य में सभी पंचायतों के कृषि मित्रों की भूमिका सराहनीय रही है। उक्त बातें प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्योति रंजन ने बतायी। उन्होंने बताया कि उच्चाधिकारी के निर्देशानुसार मोबाइल के ओटीपी के माध्यम बीज वितरण कराने की व्यवस्था की गई थी। इस प्रखंड के दो पंचायत परता और बरडंडा को छोड़ सभी पंचायत में ओटीपी के माध्यम शून्य कर दिया गया। इन दो पंचायतों में वितरण कार्य तो पूरा कर लिया गया है। पर तकनीकी कारणों से स्टॉक शून्य नहीं हो सका है। जिसे मंगलवार तक पूरा कर लिया जायेगा।

**समय पर बीज मिलने से किसानों में हर्ष :** समय पर किसानों को बिरसा फसल विस्तार योजना से मक्का, मूंगफली, उरद के बीज मिलने और बुआई किए जाने से खुशी है। उन्होंने बताया कि इस प्रखंड में किसानों को सरकार और प्रशासन से उपलब्ध संसाधन की सूचना तत्काल सभी पंचायतों के पंचायत के कृषि मित्रों, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य को दिए जाने से किसानों तक सभी लाभ मुहैया कराना आसान हो जाता है। किसान मित्रों को भी यथा शीघ्र वितरण कार्य निपटाने के लिए मोबाइल एप उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने किसान मित्रों सहित किसानों को भी अन्य कोई भी खेती कार्य के लिए जानकारी लेने की यदि जरूरत पड़े तो उनसे संपर्क करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि इस ऑनलाइन बीज वितरण के दौरान उन्हें बीज के साथ खाद, कीट नाशक दवा भी उपलब्ध करायी गई है।

## पिकेट प्रभारी ने लेस्लीगंज थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी

- सड़क निर्माण कार्य में बाधा डालने के आरोप में एक हिरासत में




**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर-पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज थाना अंतर्गत डबरा पिकेट प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने लेस्लीगंज थाना में आवेदन देते हुए बताया कि कल बीते रविवार को सूचना मिली कि डबरा पिकेट से पटखोलिया तक हो रहे सड़क निर्माण कार्य बाधा उत्पन्न करते हुए कार्य नहीं करने दिया जा रहा है। सूचना मिलने पर कार्यस्थल पर मैं पहुंचा तो पाया कि अरुण सिंह पिता स्व. लक्ष्मी नारायण सिंह ग्राम डबरा निवासी अपनी गाड़ी से आकर रोड में काम कर रहे मुंशी रविंद्र कुमार एवं अन्य के साथ गाली- गलौज करने लगा और कहा कि किसके पूछ कर रोड बनवा रहे हो, तुरंत काम बंद कर दो। मैं स्वयं एवं सशस्त्र बल के साथ वहां पहुंचकर उनको ऐसा करने से मना किया तो अरुण सिंह द्वारा हम लोगों को गाली गलौज करने लगे और बोले कि हमारा पहुंच बहुत ऊपर तक है। हम सबके वर्दी उतरवा लेंगे। इतना करते हुए हमारे ऊपर फैट चल दिए जिससे चोट हमारे गर्दन के ऊपर लगी इसके उपरांत सशस्त्र बल द्वारा अरुण सिंह को धर लिया गया एवं लेस्लीगंज थाना लाया गया। साथ ही आवेदन में उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है। इस संबंध में लेस्लीगंज थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि उपरोक्त मामले में अभियुक्त अरुण सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## सेक्युलर कहने वाली पार्टियों की असलियत सामने आ चुकी है : विनोद सिंह



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार सिंह ने हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के हैदरनगर और मोहम्मदगंज प्रखंड के रानी देवा, कबरा कला, परता, अधौरा, पंसा सहित कई गांवों का दौरा किया। इस दौरे के दौरान उन्होंने भाजपा कार्यकताओं और ग्रामीणों से मुलाकात की। विनोद कुमार सिंह ने केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में जानकारी देते हुए लोगों को सजग और जागरूक रहने की सलाह दी। उन्होंने ने कहा कि खुद को सेक्युलर कहने वाली पार्टियों की असलियत अब जनता के सामने आ चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार बालू घाटों की नीलामी नहीं कर रही है और न ही बालू को मुफ्त में उपलब्ध करवा रही है, जिसके पीछे भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है। उन्होंने कहा कि इस भ्रष्टाचार का लाभ थाना स्तर से लेकर राज्य के उच्च स्तर तक पहुंचता है।

### झारखंड को 'लूट खंड' से बचाने के लिए भाजपा को जितायें

भाजपा नेता सिंह ने ग्रामीणों से अपील की कि झारखंड को 'लूट खंड' से बचाने के लिए आगामी चुनावों में भाजपा की सरकार बनाने के लिए अभी से तैयार हो जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर वर्तमान सरकार सत्ता में रही, तो झारखंड की सभ्यता और संस्कृति को भी खतरा हो सकता है। उन्होंने राज्य के कई जिलों में डेमोग्राफी में हो रहे बदलावों पर चिंता व्यक्त की और कहा कि बांग्लादेशी नागरिकता प्राप्त कर यहां के स्थानीय लोगों के अधिकारों का हनन कर रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि भाजपा की सरकार बनते ही इस मुद्दे पर गंभीरता से कार्य किया जाएगा। इस दौरे के दौरान उनके साथ ओम सिंह, मृत्युंजय पाठक, नितिश कुमार, शशि विश्वकर्मा, रवि चंदेल, छोटु सिंह सहित कई अन्य प्रमुख लोग भी उपस्थित थे। इस दौरे और संबोधन के माध्यम से विनोद कुमार सिंह ने न सिर्फ सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए, बल्कि ग्रामीणों को जागरूक रहने और भाजपा के समर्थन में आने का आह्वान भी किया।

## बारिश में गिरा महिला का कच्चा घर, अबुआ आवास योजना के तहत दिया था आवेदन

**जांच के बाद सूची से अयोग्य ठहरा दिया गया**

**हैदरनगर।** प्रखंड के परता पंचायत में प्रसिद्ध पांडेय की पत्नी पुष्पा देवी का कच्चा मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। घटना के समय प्रसिद्ध पांडेय, पुष्पा देवी और उनकी पुत्री इस घर में सो रहे थे। पर सभी बाल बाल बच निकले। इसकी सूचना मिलते ही मुखिया कमल कुमार पासवान, पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय प्रभावित परिवारों से मिलने के बाद कहा कि यह घटना प्रखंड कर्मियों की गंभीर लापरवाही से हुई है। उन्होंने बताया कि पुष्पा देवी ने कई बार झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास के तहत भी आवेदन किया था। ग्राम सभा ने योग्य मानने के लिए जांच भी हुई थी। इसके बावजूद प्रखंड कर्मियों ने उनके कच्चे मकान को नजरअंदाज कर उन्हें अबुआ आवास की सूची से अयोग्य ठहरा दिया। अब जब बारिश के कारण उनका कच्चा मकान गिर गया है, तो इस परिवार के सिर से छत भी छीन गई है। उन्होंने कहा कि यह घटना ही स्पष्ट करता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचाने में कैसी अनियमितता बरती जा रही है। उन्होंने इस मामले को शीघ्र ही राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी को जानकारी देने व पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की बात कही है।

### मोहम्मदगंज में रेलवे फुट ओवर ब्रिज का निर्माण प्लेटफॉर्म तक ही सीमित

# जान जोखिम में डालकर पटरी पार करते हैं ग्रामीण

- कई लोग रेल पटरी क्रॉस करते समय जान गंवा चुके हैं




**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय रेलवे स्टेशन में फुट ओवर ब्रिज का निर्माण प्लेटफॉर्म तक ही सीमित रखने और पदारथडीह-राजनडीह और रामनगर के पास अंडरपास ब्रिज नहीं बनने कारण उत्तर-पूरब दिशा के आधा दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीणों को अपनी जान जोखिम में डालकर पटरी पार करना पड़ता है। दरअसल, सबसे खतरनाक स्थिति थर्ड रेल लाइन के निर्माण के बाद से हो गई है। जिससे लगातार नन स्टॉपिज मालगाड़ियां गुजरती रहती हैं। इससे पहले तक कम रेल पटरियों को लोग बांये-दायें देखकर झटपट क्रॉस कर जाते थे, मगर पहले दोहरीकरण और अब थर्ड रेल पटरी बिछाने के बाद से ट्रेनों के निर्बाध परिचालन की स्थिति में आदमी और मवेशियों के अक्सर चपेट में आकर मौत के मामले बढ़ गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि केन्द्र सरकार की अमृत भारत योजना के तहत स्थानीय स्टेशन को आधुनिक बिल्डिंग, नन इंटर लॉकिंग प्रणाली से ट्रेन परिचालन, नया प्लेटफॉर्म सहित नए लूक में स्थापित करने की दिशा में काफी काम किया गया है। अभी नया फुट ओवरब्रिज बनाने का काम शुरू किया गया है। मगर इसके प्लेटफॉर्म टू बनने से स्टेशन के पूर्वी भाग के रामनगर, राजनडीह, झरिवा, नदीपर, गोला पत्थर, लकड़ही, करडंडा सहित कई गांवों के लोगों को रेलवे लाइन को आार-पार करने में जान का जोखिम उठाने की समस्या का अंत नहीं हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त गांवों के लोगों को रेल लाइन आर-पार करने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। बच्चों को स्कूल, बड़ों को बाजार और शवों को लेकर श्मशान घाट जाने में रेल लाइन को ही आर-पार करना पड़ता है।

### फुट ओवरब्रिज प्लेटफार्म के बाहर तक बनवाने की मांग

ऐसे में ग्रामीणों की मांग है कि पदारथडीह-राजनडीह और रामनगर गांवों के पास अंडरपास ब्रिज के साथ ही स्टेशन के फुट ओवर ब्रिज को प्लेटफॉर्म के बाहर तक बनवाए जाने से ही रेल पटरी से जोखिम उठाकर क्रॉस करने की समस्या का समाधान हो सकता है। ग्रामीणों ने सांसद वीडी राम से इस दिशा में पहल करने की मांग की है। मांग करने वालों में पंचू रजवार, विनोद पासवान, रामजन्म राम, सुशील कुमार मेहता, गुड्डू पासवान, प्रवेश पासवान, ममता देवी पंसस सहित अन्य कई लोग शामिल हैं।

## विकास के लिए राजनीतिक नेतृत्व परिवर्तन की जरूरत : अभिमन्यु सिंह



- टीम अंजू अभिमन्यु का विश्रामपुर मे खुला प्रखंड स्तरीय कार्यालय

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** मुख्यालय में सोमवार को टीम अंजू-अभिमन्यु का प्रखंड स्तरीय कार्यालय खुला। कार्यालय का उद्घाटन वरीय समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने फीता काट कर किया। इससे पहले उन्होंने पूजा अर्चना करते हुए नारियल भी फोड़ा। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता टीम अंजू-अभिमन्यु के नगर अध्यक्ष श्याम बिहारी विश्वकर्मा व संचालन मीडिया प्रभारी राहुल दुबे ने किया। अभिमन्यु सिंह ने कहा कि हम जात-धर्म की बात नही करते; हम सिर्फ विकास की बात करते हैं। विकास के लिए विश्रामपुर मझिआंव विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक नेतृत्व परिवर्तन की जरूरत है.जिसके लिए इस बार जनता भी तैयार भी बैठी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के युवाओं को इस बदलाव का वाहक बनाना चाहिए। समारोह को कन्हाई मेहता,वार्ड पार्षद सलीमुदिन अंसारी और अली अहमद ने भी संबोधित किया। मौके पर उस्मान अंसारी, सुरेंद्र विश्वकर्मा, रामचंद्र साव, गुड्डू शुक्ला, सोनू खलीफा, हरिहर पाल, सूर्यदेव यादव, विनोद विश्वकर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### भाकपा ने कई गांवों में चलाया जनसंपर्क

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने12 अगस्त रविवार को डाल्टनगंज विधानसभा के बरगढ़ भंडारिया,मदगड़ी, करचाली का दौरा किया। वहां उन्होंने लोगों की समस्याओं से अवगत हुए। तिवारी ने कहा कि वर्तमान भाजपा के विधायक एवं पूर्व विधायक, मंत्री ने विधानसभा क्षेत्र के लोगों को गर्त में डाल कर केवल अपनी संपत्ति बढ़ाने का काम किया रोजगार के लिए कोई उद्योग धंधा नहीं लगाया, जबकि यहां की जनता ने विधायकों को बड़े-बड़े पदों पर सुशोभित किया है। ग्रामीण इलाकों में सड़क भी चलने लायक नहीं है। मतगड़ी में आज भी ग्रामीण परिवेश के सैकड़ो घरों में बिजली तक नहीं गई है। वहीं सिंचाई का भी किसी जनप्रतिनिधियों ने यहां सिंचाई की कोई व्यवस्था नहीं की है। जब चुनाव नजदीक का आने वाला है, तब यह सब बरसाती मेंढक की तरह डाल्टनगंज-भंडारिया विधानसभा में विकास करने की बात करते हैं। क्षेत्र भ्रमण एवं जनसंपर्क अभियान में राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह, पूर्व सांसद प्रत्याशी अभय कुमार भूंइया, जमालुद्दीन, निरंजन कमलापुरी, यार मोहम्मद, अभिषेक कुमार आदि शामिल थे।

### महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का होगा आयोजन

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की पूर्व संध्या पर कैंडल मार्च आज




### रंगोली, पेंटिंग, देशभक्ति गीत प्रतियोगिताओं के जरिए विद्यार्थी दिखाएंगे प्रतिभा

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के मौके पर योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन 14, 15 अगस्त को किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में विभाजन की पीड़ा झेल चुके लोगों या उनके वंशजों को सम्मानित भी किया जाएगा। 13 अगस्त को विभिन्न जागरूकता व प्रतियोगी कार्यक्रमों का आयोजन के साथ विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की पूर्व संध्या के मौके पर शहर में राष्ट्र के विभाजन के कारण अपनी जान गंवाने वाले और अपनी जड़ों से विस्थापित होने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए सायं सात बजे से कैंडल मार्च निकाला जाएगा। इसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों की हिस्सेदारी होगी। आम लोगों में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देने व भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में शहीद हुए वीरों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली निकाल निकाली जाएगी। हर घर तिरंगा फहराने की अपील की जाएगी। रैली में आम लोगों के साथ एनसीसी कैडेट्स, नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक व छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। विद्यार्थियों के बीच देशभक्ति गीत, रंगोली एवं पेंटिंग्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में सभी छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। रचनात्मक कृतियों/प्रतिभाओं को प्रमाण पत्र के साथ पुरस्कृत भी किया जाएगा।

### इतिहास में सबसे दर्दनाक और विनाशकारी घटना

राष्ट्र के विभाजन के कारण अपनी जान गंवाने वाले और अपनी जड़ों से विस्थापित होने वाले सभी लोगों को उचित श्रद्धांजलि के रूप में, सरकार ने हर साल 14 अगस्त को उनके बलिदान को याद करने के दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है। इस दिन विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन से देशवासियों की वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों को विभाजन के दौरान लोगों द्वारा झेले गए दर्द और पीड़ा की याद आएगी। इस दिन को मनाने का उद्देश्य विभाजन के दौरान हुई त्रासदी को याद रखना, और उन लोगों को श्रद्धांजलि देना है जिन्होंने अपने प्रियजनों, घरों और जीवन को खो दिया था। यह दिवस भारत के इतिहास में सबसे दर्दनाक और विनाशकारी घटनाओं में से एक की याद दिलाता है, जब भारत और पाकिस्तान के बीच विभाजन के कारण लाखों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी, और करोड़ों लोग विस्थापित हुए। विभाजन मानव इतिहास में सबसे बड़े विस्थापनों में से एक है, जिससे लगभग 20 मिलियन लोग प्रभावित हुए। लाखों परिवारों को अपने पैतृक गांवों/कस्बों/शहरों को छोड़ना पड़ा और शरणार्थी के रूप में एक नया जीवन जीने के लिए मजबूर होना पड़ा। 14-15 अगस्त, 2021 की आधी रात को पूरा देश 75 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा होगा, लेकिन इसके साथ ही विभाजन का दर्द और हिंसा भी देश की स्मृति में गहराई से अंकित है। हालांकि, देश बहुत आगे बढ़ गया है और दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। लेकिन देश के विभाजन के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। अपनी आजादी का जश्न मनाते हुए एक कृतज्ञ राष्ट्र, मातृभूमि के उन बेटे-बेटियों को भी नमन करता है, जिन्हें हिंसा के उन्माद में अपने प्राणों की आहुति देनी पड़ी।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण

विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों के साथ ही दुनियाभर के लोगों से अपनी मां के साथ मिलकर या उनके नाम पर एक पेड़ जरूर लगाने की अपील की है। एक पेड़ मां के नाम के साथ जरूर साझा करने की भी बात कही थी। इसी के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 14 अगस्त को किया जाएगा।

## अभाविप ने किया जीएलए कॉलेज के प्राचार्य का विरोध

### सीट रहने के बावजूद नामांकन नहीं होने पर आक्रोशित थे छात्र

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अभाविप के द्वारा जिला संयोजक नितीश दुबे की अध्यक्षता में गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय में स्नातक के सभी विभागों में की सीटे खाली होने के बावजूद भी नामांकन नहीं लेने को लेकर कार्यकताओं के द्वारा प्राचार्य कक्ष में जोरदार विरोध किया गया। विरोध के बाद बचे सीटों को भरने हेतु छात्रों के नामांकन के लिए दो दिनों का अतिरिक्त समय दिया गया। अभाविप नगर सह मंत्री कौशल मिश्रा ने कहा कि वर्तमान प्राचार्य के ढूलमूल रवैया के कारण कई छात्र नामांकन से वंचित रह गए।



इसका जिंम्मेवार सिर्फ महाविद्यालय प्रशासन है। वर्तमान प्राचार्य के आने के बाद से गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय की स्थिति दिन प्रतिदिन और भी दयनीय होती दिख रही है। मिश्रा ने कहा कि प्राचार्य अपने कार्य प्रणाली में सुधार लाए अन्यथा विश्वविद्यालय प्रशासन से प्राचार्य को हम सभी हटाने की मांग करेंगे ।उक्त अवसर पर परिषद के राष्ट्रीय प्रादेशिक विश्वविद्यालय सह संयोजक विनीत पांडे, नगर मंत्री विपिन यादव, सह मंत्री राहुल कुमार चेरो, कार्यालय मंत्री उत्कर्ष तिवारी, राहुल कुमार दीक्षित,राजन कश्यप, विभब कूमार, प्रिया दुबे आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### महादेव विश्वकर्मा मंदिर में रुद्राभिषेक

**मोहम्मदगंज।** प्राचीन गीता भवन परिसर में स्थापित महादेव-विश्वकर्मा मंदिर में सोमवार को रुद्राभिषेक किया गया। इसमें स्थानीय सच्चिदानंद सिंह और उनके सुपुत्र लव सिंह, कुश सिंह सहित परिवार के अन्य सदस्य शामिल थे। इसमें परिवार में सुख शांति की प्रार्थना की गई। इस मंदिर के अलावा भीमचूल्हा, नहर चौक, शिलापर, सिंचाई कॉलोनी, देवीधाम, भजनियां के अलावा अन्य कई जगहों के शिव मंदिरों और स्थान में सावन की चौथी सोमवारी को भगवान शिव का अभिषेक किया गया। इसे लेकर वातावरण भक्तिमय बना रहा।

## विद्यार्थियों का नामांकन सुनिश्चित करे विवि : अमरनाथ

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एनएसयूआई का प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष अमरनाथ तिवारी के नेतृत्व में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलसचिव एस के मिश्रा से मिला और स्नातक में सभी विद्यार्थियों का नामांकन हो इस पर बात की। तिवारी ने कहा कि गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय, महिला महाविद्यालय, जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में मेधा अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी भटक रहे और नामांकन बंद कर दिया गया। इसका दुष्परिणाम यह हुआ कि विद्यार्थी या तो निजी कॉलेज में जाने को विवश है या दलालों के चंगुल में



फंसकर अधिक पैसे देकर नामांकन कराने के लिए मजबुर है ।विवि सभी पंजीकृत विद्यार्थियों का नामांकन सुनिश्चित करे अन्यथा एनएसयूआई छात्र हित में आंदोलन करेगा, जिसकी सारी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। मौके पर आशीष कुमार ठाकुर, ऋषभ कुमार, सत्यप्रकाश कुमार, सोनी कुमारी, अमन मंसूरी ,आनंद कुमार एवं दर्जनो छात्र मौजूद थे।

## तालाब का जलस्तर बढ़ाया जाना आवश्यक



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के बीचो-बीच बड़े तालाब के चारो ओर अम्बेडकर पार्क का निर्माण कराया गया है। यह लोगों के लिए घुमने-फिरने के लिए अच्छी जगह है। सुबह और शाम यहां बूढ़े-बच्चे, महिला और पुरूष यहां घुमने और योगा करने आते हैं। यहां के नागरिकों के घुमने-टहलने के लिए एक अच्छी जगह है। वैसे यहां प्रेमी जोड़े भी दिखाई देते हैं। यह यहां के लोगों के लिए कौतुहल का विषय है। लेकिन जमाने के साथ हमें चलना ही होगा। शहर बढ़ रहा है तो दिल भी बड़ा होना चाहिए। वैसे अभी बरसात के मौसम में तालाब का पानी इतनी बारिश के बाद भी स्थिर है उसके जल स्तर में वृद्धि नहीं देखी जा रही है। इसका कारण है कि पानी जैसे ही बढ़ता है गनपत घाट की तरफ से पानी नाले में बहकर नदी में चला जाता है। जबकि पहले यहां अंग्रेजों के समय में बने झाझ को हम बचपन में ज्यादा पानी बरसने पर देखने जाया करते हैं। लगभग पचास फीट ऊपर से पानी गिरने के दृश्य को देखकर हम रोमाचिंत हो जाया करते थे। लेकिन नया पार्क बन जाने से न जाने क्यों इस तालाब में पर्याप्त पानी जमा होने का उपाय नहीं किया गया है। जिसके कारण शहर के जल स्तर में कमी आयी है,क्योंकि तालाब में उतना पानी नहीं जमा रह पा रहा है। सौंदयीकरण के नाम तालाब के जलस्तर से खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। इस संबंध में शहर के कई समाजसेवियों ने अखबार में इस समस्या के बारे में समाचार प्रकाशित कराया, लेकिन अभी तक इस तालाब के जल स्तर को बढ़ाने के लिए कोई सार्थक पहल होते नहीं दिखाई दे रही है।

## चौथी सोमवारी पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चौथी सोमवारी पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी। श्रद्धालु शिव भक्ति में सराबोर नजर आए। हर हर महादेव तथा ओम नमः शिवाय की गूंज सुनाई दी। श्रद्धालुओं ने चौथी सोमवारी पर दूध दही से जलाभिषेक किया । साथ ही सफेद धतूरे का फूल, बिल्व पत्र आदि अर्पित किया। सनातन धर्म में सभी महीनों में सावन के महीने को बड़ा ही शुभ और पवित्र माना गया है। यह महीना भगवान शिव को अति प्रिय है, क्योंकि पूरे महीने रिमझिम बरसात होती है और शिवजी को जल तत्व से बेहद लगाव है। शिव भक्त सावन माह में शिवजी को प्रसन्न करने के लिए विशेष व्रत-पूजन करते हैं। धार्मिक मत है कि महादेव की पूजा और व्रत करने से साधक के जीवन में खुशियों का आगमन होता है और सभी परेशानियों का अंत होता है।



### चौथी सोमवारी को ही समुद्र मंथन से प्राप्त हुआ था पारिजात वृक्ष

शास्त्रों के मुताबिक सावन माह में ही समुद्र मंथन हुआ था जिसमें कई रत्न पाए गए थे। इसी क्रम में समुद्र मंथन के दौरान चौथी सोमवारी को पारिजात वृक्ष की प्राप्ति हुई थी। जिसे देवी लक्ष्मी का द्योतक माना जाता है। जानकारों की मानें तो पारिजात वृक्ष का एक पुष्प चढ़ाने से 11 कोटि बेलपत्र चढ़ाने के बराबर फल मिलता है।

### चौथी सोमवारी पर सफेद रंग की विशेषता



इस वर्ष सावन में पांच सोमवारी है। चौथी सोमवारी को सफेद रंग या वस्त्र, सफेद गाय का घी दूध दही से जलाभिषेक करें, सफेद अकवन का फूल या सफेद दुर्वा अर्पित करने से भी जीवन में खुशहाली आएगी।

सोमवारी को महिलाओं समेत पुरुषों ने भी भगवान शिव की विशेष पूजा अर्चना की।इस सोमवारी आबादगंज,रेड़मा, पुलिस लाइन हमीदगंज ,सुदना गायत्री मन्दिर रोड स्थित शिव मंदिर, बेलवाटिका शिवाला रोड स्थित शिवालियों में लोगों की भीड़ उमड़ी।

## न्यूज बॉक्स

### ट्रांसफार्मर जल जाने से एक सप्ताह अंधेरे में डूबा है कोकरसा गांव




**मेदिनीनगर।** पड़वा प्रखंड के कोकरसा गांव में ट्रांसफार्मर जल जाने से पूरा गांव अंधेरे में है। इसका कारण है कि वहां का ट्रांसफार्मर विगत एक सप्ताह से खराब है। ग्रामीणों की माने तो इस ट्रांसफार्मर पर ज्यादा लोड होने के कारण समय-समय पर यह जल जाता है। बरसात के दिनों में गांव में जहरीले जीव-जंतु को काटने का भय होता है। साथ ही मच्छर और कीट पतंगे भी इंसान को परेशान कर देते हैं। गांव में बिजली नहीं होने के कारण स्थानीय लोग बगल के टोले से मोबाइल चार्ज कर काम चला रहे हैं। ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति विभाग को इस मामले से अवगत कराया है। साथ ही 25 केवीए के बदले ज्यादा क्षमता के ट्रांसफार्मर देने का अनुरोध किया है। मामले की जानकारी लेने पर जेई विकास कुमार ने बताया कि संबंधित ट्रांसफार्मर को बदलने हेतु कागजात तैयार कर लिया गया है। विभाग द्वारा कुछ दिनों के अंदर बदल कर नया ट्रांसफार्मर लगा दिया जाएगा। बदलने की मांग रखने वालों में मुख्य रूप से हेमन्त पाण्डेय, राजेंद्र पाण्डेय, हरदेश तिवारी, ऋतिक पाण्डेय, राहुल पाण्डेय, मोनू पाण्डेय, छोटू तिवारी, बबलू दुबे, अरुण पाण्डेय विजय पाण्डेय आदि ग्रामीण शामिल हैं।

### सड़क पर वाहन चलाने वालों से सतर्क रहने की आवश्यकता



**मेदिनीनगर।** सुबह के समय सड़क पर सड़क पर स्कूल बसों का जमावड़ा लगा रहता है। स्कूल बस से स्कूल जाने वाले बच्चे सड़क पर खड़े रहते हैं। वे सड़क और चौक-चौराहों पर स्कूल ड्रेस में खड़े रहते हैं। ऐसे में कई वाहन चालक जिनमें दो पहिया और चार पहिया दोनों हैं। वे काफी तेजी से वाहन चलाते हैं। ऐसे में बरसात में सड़क पर बने गड्ढे में पानी जमा रहता है। उस पर वह जब तेजी से अपना वाहन चलाते हैं तो कीचड़ का छिंटा उनके स्कूल ड्रेस पर पड़ जाते हैं। ऐसे समय में वे घर भी वापस नहीं लौट पाते हैं। कई बार इनके साथ दुर्घटना का खतरा रहता है। खैर होती है कि छोटे बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी साथ रहते हैं। कई अभिभावकों का कहना है कि इस समय भी चौक-चौराहों पर ट्रेफिक पुलिस की आवश्यकता होती है, ताकि बच्चे आसानी से अपने बस पर सवार हो सकें। ज्यादा निजी स्कूल रांची रोड में होने के कारण छुट्टी के बाद एक साथ ही कई स्कूल बसों के निकलने से रेड़मा चौक जाम सा हो जाता है। इसलिए स्कूलों की टाइमिंग में परिवर्तन की आवश्यकता है। वैसे भी रांची रोड में कई बसों और ट्रकों का परिचालन होता रहता है। इससे स्थिति और भी दयनीय हो जाती है। रही सही कसर मार्ग में बने कई गड्ढे पूरे कर देते हैं। जिसके कारण दुर्घटना की संभावना रहती है।

### सब्जी बाजार पर नहीं है जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की नजर



**मेदिनीनगर।** बरसात के मौसम में तो हर क्षेत्र में सड़कों पर कीचड़ को देखा जाता है, लेकिन मेदिनीनगर के सब्जी बाजार में थोड़ा सा भी पानी बरसने पर कीचड़-कीचड़ हो जाता है। सबसे ज्यादा खराब हालत सब्जी खरीदने वालों की होती है। वह पानी बरसने पर आसपास की दुकानों में छिपने को मजबूर हो जाते हैं। ऐसे समय में एक नये सब्जी बाजार की कमी खलती है, जिसमें शेड हो। सब्जी बाजार दशकों से ऐसे ही लग रहा है। हर वर्ष बारिश होती है। फिर भी लोग भींगते-भांगते सब्जी खरीदा करते हैं। जनप्रतिनिधियों द्वारा हर वर्ष नयी जगह पर सब्जी बाजार बनाने की घोषणा होती है। लेकिन घोषणा सिर्फ घोषणा ही रह जाती है। अभी बारिश का मौसम है कई बार सब्जी बाजार से अतिक्रमण हटाने के बावजूद कोई बदलाव नहीं हुआ है। दुकानदार अपनी जगह पर मौजूद है। वहीं, ग्राहक छाता लेकर खरीदारी खरीदने को मजबूर हैं। हर साल की तरह इस साल भी अखबार नाली जाम व जल जमाव की समस्या को लेकर भरे होंगे। लेकिन सब्जी बाजार अपनी जगह पर मौजूद ही रहेगा और लोग छाता लेकर खरीदारी करते भी नजर आयेंगे।

### शैक्षणिक अराजकता बर्दाश्त नहीं: आपसू



**मेदिनीनगर।** अखिल पलामू छात्र संघ, मेदिनीनगर की जेएस कॉलेज इकाई के द्वारा प्राचार्य डॉ एस के पांडेय को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा गया और एक सप्ताह के अंदर कार्रवाई की मांग की गई । मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई । इसका नेतृत्व आपसू कॉलेज अध्यक्ष हिमांशु तिवारी और छात्रा प्रमुख अश्विनी कुमारी ने किया हिमांशु तिवारी ने कहा कि महाविद्यालय में शैक्षणिक अराजकता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा महाविद्यालय इस पर संज्ञान ले । छात्रों की मांग थी किवर्तमान सत्र स्नातक में सभी नामांकित विद्यार्थियों की जांच हो और बिना मेधा सूची के हुए नामांकन को तत्काल रद्द किया जाए और संलिप्त दोषियों पर कार्रवाई हो । प्राचार्य कक्ष के बाहर सुचना पट्टिका में कक्षा संचालन संबंधी मास्टर रूटिन लगाया जाए। विद्यार्थियों की उपस्थिति 75 प्रतिशत अनिवार्य की जाए। साथ ही सभी विद्यार्थियों को आईकार्ड उपलब्ध कराया जाए ताकी अवांक्षित तत्वो के कैंपस में प्रवेश पर रोक लग सके। इसके अलावे महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी की उपस्थिति कार्यालय अवधि में सुनिश्चित की जाए । मौके पर कुणाल किशोर,राजीव रंजन, शंशाक दुबे , दिव्यांशु, अभिषेक,गुलशन समेत दर्जनो छात्र प्रतिनिधि मौजूद थे।

## कार्यक्रम

### गरीबों के द्वार तक जा कर मदद करने वाली भारत की पहली सरकार है

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही कल्याणकारी योजनाएं : राजेंद्र सिन्हा

### महिलाओं के आर्थिक विकास व उन्नति के लिए मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना की शुरूआत की गई

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झामुमो जिला राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि राज्य में कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने काम किया जा रहा है। झारखंड अलग राज्य गठन होने के बाद अगर सबसे अधिक किसी भी सरकार ने काम किया है तो वह हेमंत सोरेन की सरकार ने की है। वह सोमवार को स्थानीय परिसदन में पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने के पूरे झारखंड में महिलाओं की स्थिति सबसे अधिक खराब है। इस बात को हेमंत सोरेन ने महसूस किया। इसके बाद ही महिलाओं के आर्थिक विकास व उन्नति के लिए मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना की



शुरूआत की गई। उन्होंने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना सहित सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को दिलाने और उसके महत्व के बारे में बताया। योजना का लाभ हर घर की महिलाएं उठा पाएं इसके लिए झामुमो के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मेहनत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री की इस योजना से महिला सशक्तिकरण को एक नया बल मिला है। उनकी दूरदर्शिता ही है कि जहां भाजपा लूटने और बांटने में लगी है, वहीं झामुमो नेतृत्व वाली सरकार सभी परिवारों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में लगी है। 200 यूनिट बिजली मुफ्त का लाभ गरीबों को मिल रहा है, लाखों परिवारों का बिजली बिल आज शून्य आ रहा है। सरकार ने किसानों के हित में 2 लाख तक कृषि लोन माफ कर दिया है। स्टूडेंट क्रेडिट योजना, अबुआ आवास योजना, सोना सोबरन साड़ी धोती योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना जैसी लोकप्रिय योजना सरकार चला रही है। उन्होंने कहा कि पांच महीने तक अगर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल में नहीं होते तो विकास कार्य और भी तेजी से होता। भाजपा द्वारा सरकार को परेशान करने का हर तरह का षड्यंत्र रचा गया, फिर भी झारखंड में विकास की गंगा सरकार ने बहाई है। सरकार गरीबों के द्वार तक जा कर मदद करने वाली भारत की पहली सरकार है। युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष फजयाल अहमद, व्यवसायिक मोर्चा अध्यक्ष दीपू चौरसिया, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष लल्लन चौधरी, छात्र मोर्चा अध्यक्ष कौशल किशोर, अल्पसंख्यक नगरध्यक्ष सोनम खान, युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, संगठन सचिव अरविंद चौधरी मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री ने महिलाओं को आर्थिक ताकत दी : सुशीला मिश्रा

महिला मोर्चा अध्यक्ष सुशीला मिश्रा ने कहा समाज आज भी संयुक्त परिवार में रहता है। एक परिवार में 5 महिला हैं तो साल में 60 हजार रुपए एक परिवार को मिलेगा। यह राशि गरीब, सामान्य वर्ग के परिवार के लिए बहुत बड़ी बात है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महिलाओं को बहुत बड़ा सम्मान और आर्थिक ताकत दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के विकास पर ज्यादा ध्यान दे रही है। हेमंत सोरेन को एक साजिश के तहत भाजपा में जेल भेजने का काम किया है। आने वाला विधानसभा चुनाव में भाजपा जनता निश्चित तौर पर सबक सिखाएगी।

## एक नजर

### आठ दिनों से युवक लापता




**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के ढेकुलिया टोला निवासी संजय सिंह के 16 वर्षीय पुत्र विष्णु सिंह अपने घर से पिछले आठ दिनों से लापता है। गुमशुदगी की मामले को लेकर उसके पिता ने स्थानीय थाने में लिखित आवेदन देकर अपने पुत्र की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार बीते रविवार 4 अगस्त के अहले सुबह पांच बजे जब उसकी दादी उसे उठाने के लिए घर के अंदर गई तो वह अपने बेड पर नही था। जब वह देर रात तक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों द्वारा आस पड़ोस के साथ रिश्तेदारी में भी विष्णु के बारे में काफी खोजबीन किया। उसके पिता ने स्थानीय थाने में अपने पुत्र की गुमशुदगी की सनहा दर्ज कराई है।

### करंट लगने से अधेड़ की मौत

**भवनाथपुर।** थाना अंतर्गत अरसली उत्तरी निवासी 50 वर्षीय मुबारक अंसारी की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि मुबारक अंसारी घर में पंखा चालू कर रहे थे। पंखा में करंट आने से मुबारक अंसारी घायल हो गया। परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर इलाज के लिए भर्ती कराया गया। वहां पर ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अवनीत विश्वास ने मृत घोषित कर दिया।

### विद्या मंदिर के छात्रों ने राजा पहाड़ी पर किया सेवा कार्य

**श्री बंशीधर नगर।** सरस्वती विद्या मंदिर कक्षा नवम, दशम के छात्रों ने राजा पहाड़ी पर सेवा कार्य किया। विद्यालय के बच्चों द्वारा राजा पहाड़ी परिसर की सफाई की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने बताया कि इस तरह के कार्य द्वारा बच्चों में सेवा का भाव पैदा होता है। बच्चों द्वारा मंदिर परिसर में गिरे पड़े प्लास्टिक की थैली, घास आदि की सफाई की। इस कार्य में विद्यालय के आचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, नीरज सिंह, अविनाश कुमार की सहभागिता रही।

---

### सावन की चौथी सोमवारी को मंदिरों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

# हर-हर महादेव के जयकारे से गूंजे शिवालय



### जलाभिषेक को लेकर जहां दूर-दूर की महिला व पुरुष श्रद्धालु पहुंचे

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** सावन माह के चौथी सोमवारी के दिन प्रखंड क्षेत्र के सभी शिवालय भक्तों से गुलजार रहा। क्षेत्र के सभी छोटे बड़े शिवालयों पर सुबह से शाम तक भक्तों की भीड़ लगी रही। उनमें खासकर महिला भक्तों की अच्छी खासी भीड़ देखी गई। इस दौरान सबसे ज्यादा भीड़ प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध शिवालय लावा ही गांव के मंगरदह महादेव पर रहा । महादेव पर जलाभिषेक को लेकर जहां दूर-दूर की महिला व पुरुष श्रद्धालु पहुंचे। वहीं बच्चे भी उत्सुकता के साथ बाबा मंगरदह महादेव पर जलाभिषेक करने का काम किए। देवेश नवदित व मयंक जैसे नन्हे बच्चों को बाबा महादेव पर जलाभिषेक कर उनसे आशीर्वाद ग्रहण करते देखा गया। उसके अलावा उक्त स्थल से 50 किलोमीटर दूर धुरकी प्रखंड के बाल चौरा गांव स्थित कनहर नदी से कांवर में जल लेकर जलाभिषेक को लेकर बाबा मगरदा महादेव के शरण में पहुंचे। उक्त भक्तों में कितने को कंधों पर कावर लेकर बाबा के शरण में आते देखा गया तो कितने को दौड़ लगाते। दौड़ लगाकर जलाभिषेक को लेकर बाबा के शरण में पहुंचे श्रद्धालु मनोरमा, सुनैना ,अमित, कुणाल, अभिजीत व नंदन भक्तों ने बताया कि जब से बाबा का मंगरदह नदी के किनारे दरबार सजा है, तब से सभी धुरकी प्रखंड के बाल चौरा नदी से अपने अपने पीठ पर जल बांधकर दौड़ लगाते हुए यहां पहुंचते हैं। साथ ही उनके माथा पर जलाभिषेक कर उनसे आशीर्वाद ग्रहण करते हैं । उन्होंने कहा कि बाबा की महिमा बहुत ही निराली है जो मन्नते की उम्मीद हम सभी रखते हैं वह उनके द्वारा पूरा कर दिया जाता है।

#### धीरे-धीरे भक्तों की संख्या में हुई बढ़ोतरी

सभी सावन माह के सभी सोमवारी के दिन अपने-अपने कामों को छोड़कर लगभग 50 किलोमीटर की दूरी तय कर दौड़ लगाते हुए यहां पर पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि बीते दो-तीन वर्ष पूर्व बाबा के दरबार में आने वाले भक्तों की संख्या बहुत ही कम होती थी, लेकिन धीरे-धीरे भक्तों की संख्या में इतनी तीव्र गति से वृद्धि हो रही है की बाबा मगरदह महादेव का स्थल के साथ-साथ पूरा गांव भी पूरी तरह गुलजार हो जा रहा है। भक्तों ने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए बनी पूजा कमेटी को भी हम सभी शुक्रगुजार करने का काम करेंगे की जैसे ही भक्तजन बाबा के दरबार में पहुंचते हैं वैसे ही उनके द्वारा प्रति नियुक्त किए गए वॉलिंटियर्स हम सभी के सेवा में तत्परता के साथ लग जाते हैं। इतना ही नहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा भी हम लोगों के सेवा में कई तरह के पुनीत कार्य भी किया जा रहे हैं। चोटिल हुए श्रद्धालुओं के लिए दवा की व्यवस्था से लेकर जलपान तक की भी व्यवस्था उक्त लोगों द्वारा की जाती है।

#### भक्तों ने किया जलाभिषेक मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

भवनाथपुर सावन के चौथा सोमवार को श्रद्धा उमड़ पड़ी, शिव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। वही सावन माह के चौथा सोमवार को घाघरा स्थित शिव पहाड़ी गुफा मंदिर कमिटी के तत्वावधान में भव्य कांवर यात्रा निकाली गई। कांवर यात्रा में हजारों की तादाद में महिला, युवतियों,पुरुष व बच्चे शामिल हुए। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ने लगी थी। करीब 9 बजे शिवपहाड़ी गुफा से कांवर यात्रा शुरू हुआ, जो 12 किमी दूर केतार पहुंचे तथा वैद्विक मंत्रोच्चार के बाद पंडा नदी तट से शिवभक्तो ने अपने अपने कलश में जल भर पदयात्रा करते हुए भगवान घाटी, सिंघिताली, मुस्कनिया पहाड़, केतार मोड़, रेलवे साइडिंग, पुराने कॉलेज रोड होते हुए शिवपहाड़ी गुफा मंदिर के अंदर 150 फीट अवस्थित भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। डीजे के साथ निकाली गई कावर यात्रा में भक्तों ने जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। शाम तक चले कार्यक्रम में भारी संख्या में शिवभक्तों ने शिरकत की। मंदिर प्रांगण में भीड़ को देखते हुए थाना प्रभारी कृष्ण कुमार एवं पुलिस जवान लगे हुए थे। मौके पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, गढ़वा जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी,कावड़ यात्रा को सफल बनाने में कमिटी के अध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता, पंडरिया पंचायत के मुखिया पति अनिल चौबे, इंद्रजीत कुमार, चंद्रकेश्वर कुमार, लाल बहादुर साह,नीतिश गुप्ता, वेद प्रकाश आर्य, बबन साह कई कार्यकर्ता लगे हुए थे।

---

## न्यूज बॉक्स

### साढ़े चार वर्षों में विकास का कीर्तिमान स्थापित किया है गढ़वा : मिथिलेश

**गढ़वा।** स्थानीय विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सोमवार को गढ़वा प्रखंड को विभिन्न गांवों में जनसंवाद आयोजित कर ग्रामीणों की समस्या सुनी। मंत्री ने मौके पर ही कई समस्याओं का निदान किया। जबकि शेष समस्याओं का निदान यथा शीघ्र करने की बात कही। इस दौरान मंत्री गढ़वा प्रखंड अंतर्गत पिपरा पंचायत के बरवा टोला में शब्बीर आलम खां व हाजी रऊफ के घर के समीप, ग्राम पिपरा में मदरसा के समीप, बना मोड़ के समीप, लापो में बुधन खां के घर के समीप, ग्राम बाएं में शिव मंदिर के समीप, गांगी खुर्द बर पेड़ के समीप, गांगी कला में देवी धाम के समीप, गरनाहा में कविता देवी के घर के समीप आयोजित जन संवाद में ग्रामीणों से मिले। मौके पर उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य बनने के बाद से पहली बार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पूरे राज्य में चौतरफा विकास हो रहा है। आजादी के बाद से अब तक गढ़वा के इतिहास में जो विकास कार्य नहीं हो सका था, वह अब हो रहा है। काफी विषम परिस्थितियों के बावजूद पिछले साढ़े चार वर्षों में गढ़वा ने विकास का कीर्तिमान स्थापित किया है। गढ़वा की जनता ने पूर्व में किसी को 17 साल, किसी को 10 साल मौका दिया। लेकिन सभी ने अपने-अपने तरीके से सिर्फ धोखा ही दिया। लोग सिर्फ चुनाव के समय आते थे और जैसे-तैसे चुनाव जीत कर गायब हो जाते थे। इन्हीं लोगों की देन है कि गढ़वा की स्थिति काफी बदतर बनी हुई थी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में उन्हें आशीर्वाद देकर अपना सेवक चुना। उसके बाद से लगातार दिन-रात एक कर वह गढ़वा के विकास में लगे हैं। अब गढ़वा के कोने-कोने में विकास की किरण दिखाई पड़ रही है। उन्होंने कहा कि यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है कि कौन जनता का सेवक है और कौन जनता के साथ धोखेबाजी करता है। आने वाले समय में सभी लोग सोच विचार कर विकास करने वाले व्यक्ति को अपना बहुमूल्य वोट दें। हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री बनकर अपना एवं राज्य का भला करने का मार्ग प्रशस्त करें। मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, हुसैन अली, संजय कांस्यकार, सलीम जाफर, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय, अंसार खां, राजेंद्र पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में लूट खसोट तथा भ्रष्टाचार चरम सीमा पर : गिरनाथ सिंह

**मेराल।** मेराल कार्यालय पर सोमवार को पूर्व विधायक सह मंत्री गिरिनाथ सिंह द्वारा दक्षिणी मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक में मंडल अध्यक्ष सहित 9 पंचायत अध्यक्षों का चयन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न पंचायतों से बड़ी संख्या में आए महिला, पुरुष समर्थकों ने गिरनाथ सिंह को माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में दक्षिणी मंडल अध्यक्ष पूर्व मुखिया दुखन चौधरी, उपाध्यक्ष महेंद्र रवि, कुर्बान अंसारी को सचिव मनोनीत किया गया। महिला मोर्चा का अध्यक्ष पिंकी कुमारी को बनाया गया। कार्यक्रम में गिरिनाथ सिंह ने कहा कि विगत 15 वर्षों में पूरे झारखंड तथा गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में लूट खसोट तथा भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया है। गरीब असहाय तथा जरूरतमंद लोगों का परवाह किसी को नहीं रहा। पूर्व तथा वर्तमान विधायक द्वारा भोली भाली जनता को बरगला कर अपनी झोली भरी गई। भ्रष्टाचार का आलम यह है कि ठेकेदारी से लेकर सरकारी दफ्तरों में जबरदस्त वसूली की जा रही है। जल, जंगल, बालू जैसे प्राकृतिक संसाधनों का जमकर दुरुपयोग किया जा रहा है। प्रतिनिधियों द्वारा बालू की कालाबाजारी की गई। स्थिति यह है कि घर बनाने के लिए लोगों को बालू भी नहीं मिल पा रहा है। तीन-चार माह से वृद्धा पेंशन बंद कर दिया गया है, जिससे लोग काफी परेशान है। उन्होंने कहा कि भोली भाली जनता को मुर्ख बनाकर आगामी चुनाव में वोट हासिल करने के उद्देश्य से अबुआ आवास, मंईयां सम्मान योजना जैसे कार्यक्रम सरकार द्वारा चलाया गया है, जो मात्र छलावा है। मौके पर सुरेश गुप्ता, सुरेश केसरी अवध किशोर सिंह, लाल बिहारी चौधरी बाबुल सिंह मकसूद अंसारी अमित सिंह लालनी यादव हरिवंश राम फूलमानी देवी अंबिका चौधरी उमेश प्रजापति प्रदीप शाह संजय चौधरी पूनम देवी आरती कुमारी नजमून बीवी रशीदा बीवी गोपाल चौबे बिंदेश्वर चौधरी चतुर्गुण राम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### विद्या मंदिर के छात्रों ने राजा पहाड़ी पर किया सेवा कार्य

**श्री बंशीधर नगर।** सरस्वती विद्या मंदिर कक्षा नवम, दशम के छात्रों ने राजा पहाड़ी पर सेवा कार्य किया। विद्यालय के बच्चों द्वारा राजा पहाड़ी परिसर की सफाई की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने बताया कि इस तरह के कार्य द्वारा बच्चों में सेवा का भाव पैदा होता है। बच्चों द्वारा मंदिर परिसर में गिरे पड़े प्लास्टिक की थैली, घास आदि की सफाई की। इस कार्य में विद्यालय के आचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, नीरज सिंह, अविनाश कुमार की सहभागिता रही।

### सड़क दुर्घटना में एक घायल

**गढ़वा।** गढ़वा रंका मार्ग पर रविवार की रात्रि मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति रंका थाना क्षेत्र के विश्रामपुर गांव निवासी गोपाल प्रसाद गुप्ता का पुत्र सोनू कुमार गुप्ता बताया गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

---

## पेयजल स्वच्छता विभाग की बैठक में भारत मिशन ग्रामीण फेज-टू पर चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनिया।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के तत्वावाधान स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 के तहत शौचालय, सोखता, वर्मी कंपोस्ट, भस्मक, नाडेफ बनाए जाने के लिए पंचायत के सभी आंगनबाड़ी सेविका, जल सहिया, स्वच्छता ग्राही, ग्रामीणों की बैठक पंचायत सचिवालय हेताडकला में की हुई। बैठक में वैसे परिवार जिनको शौचालय का लाभ अभी तक नहीं मिल पाया है उन्हें शौचालय के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने के लिए कहा गया। हेताडकला पंचायत को आदर्श पंचायत बनाने के लिए घोषणा की गई। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी शिवपूजन तिवारी ने निर्देश दिया। साथ ही संबंधित कर्मियों को सख्ती से पालन कराने को कहा। मौके पर यूनिसेफ के अदनान सिद्दीकी, स्वच्छता विभाग के पंकज सोनी, मुखिया चिंता देवी, मुखिया पति चारकु परहिया, पंचायत सचिव अशोक बैठा, स्वच्छता ग्राही बजरंगी यादव, शिवनारायण सिंह, नरेश सिंह

---

### 20 करोड रुपए की लागत से होगा तीन सड़कों का निर्माण, सरकार ने दी स्वीकृति

## विकास कार्यों से विरोधियों की पैरों तले जमीन खिसक गई : मिथिलेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** विधानसभा क्षेत्र के तीन प्रखंडों में लगभग 20 करोड़ रुपए की लागत से तीन सड़कों का निर्माण किया जाएगा। ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जिले के मेराल , रंका एवं रमकंडा प्रखंड में साढ़े सोलह किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि मेराल प्रखंड में पीडब्ल्यूडी पथ अरंगी से उत्क्रमित मध्य विद्यालय अरंगी, उच्च विद्यालय एवं पंचायत भवन होते हुए अरंगी सीमा तक छः करोड़ 84 लाख 60 हजार 800 रुपए की लागत से 6.3 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा। जबकि रमकंडा प्रखंड में चोरवा सेमर से उदयपुर पंचायत भवन तक आठ करोड़ 40 लाख 51 हजार



900 रुपए की लागत से 6.3 किमी तथा रंका प्रखंड में चुटिया बलीगढ़ पीएमजीएसवाई रोड से पंचायत भवन तक चार करोड़ 83 लाख 37 हजार 700 रुपए की लागत से 3.8 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि ये सड़कें अति महत्वपूर्ण हैं । इन सड़कों की स्थिति काफी जर्जर हो गई थी। ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इन सड़कों से दोपहिया वाहनों को भी गुजरने में काफी कठिनाई हो रही थी। क्षेत्र के ग्रामीण काफी लंबे समय से इन सड़कों के निर्माण की मांग कर रहे थे। क्षेत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने इन सड़कों की खस्ताहाल देखकर ग्रामीणों से शीघ्र निर्माण करने का वादा किया था। वह वादा अब पूरा हो गया है। जल्द ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर इन सड़कों का निर्माण प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से दो दर्जन से अधिक गाव के ग्रामीणों को बेहतर आवागमन का लाभ मिलेगा। गढ़वा का कोई भी गांव, कोई भी टोला बेहतर आवागमन की सुविधा से वंचित नहीं रहेगा। वह पूरे गढ़वा का ब्लूप्रिंट तैयार कर विकास कार्यों को कर रहे है। गढ़वा में हो रहे चौतरफा विकास से विकास विरोधियों की पैरों तले जमीन खिसक गई है। जो लोग खुद अपने कार्यकाल में कोई भी विकास कार्य नहीं कर सके वे अब झूठ फरेब का सहारा लेकर पुनः क्षेत्र में भटक रहे हैं।

---

## भाजपा के सिपाही हर घर तिरंगा अभियान को सफल बना रहे : अरूणा शंकर

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया।** गढ़वा- मेदिनीनगर निगम की पूर्व महापौर अरुण शंकर ने सोमवार को भंडरिया प्रखंड मुख्यालय के भाजपा कार्यालय से कार्यकर्ताओं के साथ दुकानदार समेत हर घर तिरंगा वितरण का कार्यक्रम गाजे बाजे के साथ किया। अरुणा शंकर ने कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के आह्वान पर भाजपा के सिपाही एक-एक घर तिरंगा वितरण का कार्य कर रहे हैं, ताकि देश कि शान तिरंगा हर घर में लहरा सके। इसे लेकर डालटनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के सरईडीह



पिपरा खजूरी भंडरिया गांव के घरों में तिरंगा झंडा का वितरण का कार्य कर रहे हैं, ताकि लोग घर-घर तिरंगा लगा सके। उन्होंने कहा कि तिरंगा वितरण कार्यक्रम से लोगों में काफी उत्साह है। कार्यक्रम में समाज के सभी लोग बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के उपरांत भंडरिया गांव निवासी निर्मल मुंडा उर्फ माला मांझी के नाला में बह जाने से हुए मृत्यु की सूचना पर मृतक के घर पहुंच परिजनों को ढांढस बंधाते हुए तत्काल राहत के लिए राशन समेत आर्थिक मदद की। साथ ही भुइहर समाज के लोगों से मिलते हुए अंग वस्त्र देकर सम्मानित करने का कार्य किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिंहा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनिल केसरी, राजेश कुमार वर्मा, सुमित गोस्वामी, दिलीप तमोली, रविंद्र मुंडा, भागीरथी महतो, विशेश्वर मांझी, प्रधान राजेंद्र आदि समेत दर्जनों कार्यकर्ता थे शामिल थे।

### मृतक का शव ले जाने से परिवार वालों ने किया इंकार

**गढ़वा।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बनखेता गांव निवासी बौध ठाकुर की पत्नी सरस्वती देवी का शव को परिजनों ने अपने घर ले जाने से इनकार कर दिया। इस संबंध में मृतका का पुत्र महेंद्र ठाकुर ने बताया कि अपनी इच्छा से अपनी मां का मृत शरीर वनांचल डेंटल कॉलेज, देवकी महावीर होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल फरठिया को शिक्षण तथा प्रशिक्षण कार्य के लिय दान दे दिया गया है। उन्होंने बताया कि मृत्यु के 25 वर्ष पूर्व अपने पहले पति बोध ठाकुर को छोड़कर मायके धुरकी थाना क्षेत्र के पारस पानी चली गई थी। इसके बाद किसी अन्य के साथ वह अपना घर बसा ली। उसे किसी से कोई मतलब नहीं रह गया था। उन्होंने बताया कि बीमार पड़ने के बाद सरस्वती देवी के मायके के लोगों ने उसे भर्ती कराकर भाग गए। इसके बाद भवनाथपुर के जिला परिषद सदस्य, वार्ड पार्षद द्वारा उसका शव का खबर मिलने के बाद पुलिस द्वारा सरस्वती देवी का पोस्टमार्टम कराया गया।

---

## भाजयुमो ने तिरंगा यात्रा निकाली



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत प्रदेश नेतृत्व के दिशा निर्देश पर तिरंगा यात्रा मोटरसाइकिल जुलूस के माध्यम से निकल गया मोटरसाइकिल जुलूस वन भवन के मैदान से शुरू होकर मेन रोड, मझिआंव रोड होते हुए भाजपा जिला कार्यालय पर पहुंच कर संपन्न हुई। मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यक्रम युवाओं में उर्जा का संचार करना शहीदों को सच्ची राष्ट्रभक्ति प्रेम को जगाना है। मोटरसाइकिल रैली में भारत माता की जय, वंदे मातरम नारा लगाया गया। जुलूस का नेतृत्व मोर्चा जिला अध्यक्ष मुन्ना तिवारी ने किया। मौके पर मुन्ना तिवारी ने कहा कि युवा मोर्चा हमेशा राष्ट्र को अपना बलिदान देने वाले महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि के लिए इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित करता है। जिससे आने वाली युवा पीढ़ी महापुरुषों को याद करें। इस प्रकार के कार्यक्रम से युवाओं के बीच राष्ट्रभक्ति के जागरण का नवसंचार होता है। युवा मोर्चा महामंत्री विकास तिवारी कहा कि राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत युवाओं में राष्ट्रभक्ति का प्रेम का अलख जगाना है। देश की एकता और अखंडता बरकरार रहे। नगर मंडल अध्यक्ष रणजीत चौरसिया ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस बृहद रूप से युवाओं में ऊर्जा का संचार का राष्ट्रभक्ति का अलग जगाना मुख्य उद्देश्य है। मौके पर उपस्थित भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, सूरज गुप्ता,भगत साहु, विनय चंद्रवंशी ,विनोद तिवारी, टिंकू गुप्ता,संजय तिवारी, अंजनी तिवारी गौरी शंकर गोंड भाजपा जिला उपाध्यक्ष अविनाश पासवान, मनोज पाठक, धनंजय गौड़, विवेकानंद तिवारी, मनीष गुप्ता, सन्नी चंद्रवंशी, अरविंद पटवा, शंकर गुप्ता, धनंजय शर्मा, अंकित तिवारी, लक्ष्मीकांत, ज्ञान चौबे, दीपक तिवारी, मनीष कुमार गुप्ता, पंकज चंद्र शिवकुमार विश्वकर्मा, ब्रजेश उपाध्याय,विनय चौबे उपस्थित है।

---

### सृजन साहित्यिक मंच ने तुलसी जयंती मनायी

## गोस्वामी तुलसीदास संत जगत के सूर्य हैं : सतीश




#### अपनी संस्कृति का समाज में लोप हो रहा है : केसरी

तुलसीदास 500 साल पहले ज्ञान-विज्ञान के जिस शिखर पर पहुंचे हुए थे, वहां आज भी विज्ञान नहीं पहुंच सका है। डॉ पतंजलि केसरी ने कहा कि जिस प्रकार से अपनी संस्कृति का समाज में लोप हो रहा है, उसे बचाने के लिये रामचरित मानस के प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है।

#### विनोद पाठक ने तुलसीदास की जीवनी व उनकी कृतियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए विषय प्रवेश कराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सृजन साहित्यिक मंच द्वारा सावन की सप्तमी पर रविवार की शाम दानरो नदी तट स्थित मेलोडी मंडप में तुलसी जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर उपस्थित रचनाकारों व समाजसेवियों ने आज के परिवेश में तुलसीदास के जीवन व उनकी रचनाओं की प्रासंगिकता पर विचार-साझा किये। जयंती कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सेवानिवृत शिक्षक जनेश्वर दुबे, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत बीसीओ अजय कुमार शुक्ला, आरएसएस के प्रदेश बौद्धिक प्रमुख ज्वाला तिवारी, समाजसेवी डॉ पातंजलि केसरी, समाजसेवी उमाकांत तिवारी मंच के उपाध्यक्ष राजमणि राज, सचिव सतीश कुमार मिश्र, अध्यक्ष विनोद पाठक, मीडिया प्रभारी दयाशंकर गुप्ता आदि ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस अवसर पर विषय प्रवेश कराते हुए अध्यक्ष विनोद पाठक ने तुलसीदास की जीवनी व उनकी कृतियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुऐ विषय प्रवेश कराया। सचिव सतीश कुमार मिश्र ने विचार वयक्त करते हुऐ कहा कि गोस्वामी तुलसीदास संत जगत के सूर्य हैं, उनकी तुलना किसी से नहीं की जा सकती है। उनकी रचना रामचरित मानस एक जीवन पद्धति है। इसका अनुकरण कर अपने परिवार, समाज व राष्ट्र सभी को संवार सकते हैं। मुख्य अतिथि जनेश्वर द्विवेदी ने कहा कि संत तुलसीदास का प्रादुर्भाव ऐसी स्थिति में हुआ, जब देश पूरी तरह से दुर्दशा झेल रहा था। तुलसीदास की सभी रचनायें अद्वितीय हैं। उन्होंने कहा कि तुलसीदास ने कठिनाईयों को अपने लक्ष्य के लिये आड़े नहीं आने दिया। अजय कुमार शुक्ला ने कहा कि संत तुलसीदास संस्कृति के नायक थे। उन्होंने मानव को सबसे अच्छा रास्ता दिखाया, लेकिन दुःख की बात है कि आज भारत के सनातनी स्वयं अपनी संस्कृति से भटक गये हैं। माता-पिता व गुरू को मानने वालों की कमी हो गयी है। आरएसएस के प्रदेश बौद्धिक प्रमुख ज्वाला तिवारी ने कहा कि तुलसीदास की रचना सामाजिक समरसता का प्रतीक है। रामचरित मानस पूरे समाज को जोड़ने की क्षमता रखता है। समाज सेवी उमाकांत तिवारी ने कहा कि आज सोशल मीडिया समाज को भ्रमित कर रहा है। रामचरित मानस को आधार बनाकर समाज को सही रास्ते पर लाया जा सकता है। पर्यावरण परिवार के संयोजक नितिन तिवारी ने कहा कि प्रेम व समर्पण की बात सीखनी हो, तो तुलसीदास को जानना होगा। गीतकार राजकिशोर राय ने कहा कि रामचरित मानस घर-घर पूजा जानेवाला ग्रंथ है। समाजसेवी अमित शुक्ला ने कहा कि तुलसीदास के कठिन जीवन से शिक्षा लेनी चाहिये। मौके पर राजमणि राज ने विभिन्न रचनाओं से सबको प्रभावित किया। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने किया।

---

### तेज बारिश से कच्चा मकान पर गिरा पेड़

**मेराल।** प्रखंड क्षेत्र के रेजो गांव में रविवार को तेज बारिश के दौरान आंधी तूफान में कच्चा मकान पर पेड़ गिरने से क्षतिग्रस्त हो गया। क्षतिग्रस्त मकान मालिक किशोर कुमार मिश्रा ने बताया कि रविवार के रात्रि तेज बारिश के दौरान आंधी तूफान में अचानक पेड़ गिरने से मेरा मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। उनके परिवार के सभी सदस्यों को रहने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकारी प्रावधानों के अनुसार आपदा राहत कोष से सहायता की मांग की है।

### सोमवारी पर निकली कलश यात्रा

**बड़गड़।** बड़गड़ में चौथी सोमवारी के अवसर पर शिव भक्तों द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। सर्वप्रथम श्रद्धालुओं द्वारा स्थानीय कुलवंती नदी के तट से मंत्रोच्चारण के बीच पुरे विधि विधान के साथ कलश में जल भर गया। तत्पश्चात टेंगारी गांव होते हुए बड़गड़ बाजार पहुंचकर स्थानीय शिवालियों में जल अर्पित कर अपने परिवार जनों के साथ ही क्षेत्र की खुशहाली की कामना की गई। इस अवसर पर स्थानीय दुर्गा मंदिर में भंडारे का भी आयोजन किया गया।

## एक नजर

### फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 18 से

**बारियातु।** प्रखण्ड के गोनिया पंचायत अंतर्गत ग्राम बारा व साल्वे पंचायत के ग्राम जबरा मे जेएमएम कमेटी बारियातु द्वारा 18 से 25 अगस्त तक फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस संबंध मे जानकारी देते हुए कमेटी के अध्यक्ष विनय उरांव ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 64 टीम भाग लेंगे। प्रत्येक टीम को टी शर्ट पहनाकर सम्मानित किया जायेगा। प्रवेश शुल्क 1201 रुपया है। प्रथम पुरुस्कार तीन बड़ा खस्सी, द्वितीय पुरुस्कार दो बड़ा खस्सी, तृतीय व चतुर्थ पुरुस्कार एक सामान्य खस्सी है। खेल में भाग लेने वाले खिलाड़ी टीम 8340679683 नम्बर पर भी पेमेंट करके प्रवेश ले सकते है।

### पंचायत स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का शुभारंभ

**मयूरहंड (चतरा)।** शहीदों के याद में सोमवार को कदगावांकला पंचायत सचिवालय खेल मैदान में पंचायत स्तरीय प्रतिभा खोज फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतिभा खोज फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ जिप सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी,शिक्षक विनय कुमार सिंह, एलआईसी अभिकर्ता श्याम सुंदर सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल को कीक मारकर किया। उद्घाटन मैच कदगावांकला पंचायत के शिक्षक बनाम जनप्रतिनिधि के बीच खेला गया। प्रतियोगिता में कदगावांकला पंचायत के विभिन्न गांवों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। मैच का आयोजन कदगांवाकला पंचायत के मुखिया अशोक कुमार भुइयां व कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा की गई है। प्रतियोगिता का समापन 15 अगस्त को किया जाना है। मुखिया अशोक कुमार भुइयां ने बताया कि प्रतियोगिता में उतकृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित

# राजस्व संग्रहण की धीमी गति वाले विभागों को सुधारात्मक प्रगति लाने का निर्देश




नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में राजस्व संग्रहण की समीक्षा बैठक में जिले में राजस्व संग्रहण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा कर सभी पदाधिकारियों को वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने परिवहन, उत्पाद, खनन, नगर पंचायत, विद्युत, मत्स्य विभाग से राजस्व संग्रहण के निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने राजस्व संग्रहण की धीमी गति वाले विभागों को सुधारात्मक प्रगति लाने व शेष लक्ष्य को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया । राजस्व संग्रहण में लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का निर्देश दिया। भू-लगान, निबंधन, दाखिल-खारीज, भूमि-सीमांकन की समीक्षा की। अंचल अधिकारी बालूमाथ को एक माह में दो ऑनलाइन निबंधन करने को लेकर स्पष्टीकरण पूछा है। कार्यों में प्रगति नहीं लाने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी। प्रखंड महुआडांड़ को स्पष्टीकरण पूछा है। अंचल अधिकारी महुआडांड़ को स्पष्टीकरण करते हुए म्यूटेशन की पंजी अपडेट करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने जमीनों के दाखिल-खारिज से संबंधित कार्यों की समीक्षा कर सभी अंचलाधिकारियों को निर्देशत दिया। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश अन्य संबंधित पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

### पारिष चर्च में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

**महुआडांड़।** महुआडांड़ के माता पारिष संत जोसेफ चर्च में राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह आयोजित की गई। समारोह के पूर्व धर्म विधि से मिस्सा पूजा फादर रौशन केरकेट्टा के द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि फादर दिलीप, फादर अरविंद बेक थे। राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम में फादर दिलीप व फादर अरविंद ने कहा कि आज के जमाने में शिक्षा के साथ-साथ परिवारिक संस्कार का युवा वर्ग में रहने की जरूरत है। तभी वह अपना घर समाज के विकास अपना योगदान दे सकता है। युवा वर्ग में दोस्ती कायम रखना बहुत ही जरूरी है। आपसी एकता और विश्वास बने रहे। कहा गया कि ईश्वर पर सभी विश्वास करें। सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। मौके पर फादर सुरेश, पतरस, सिस्टर प्रभा, सुनीता, महिला संघ से रजीता, नीलम, लता सहित पारिष के सभी गांव के युवक-युवती शामिल हुए। मंच संचालन युवा संघ ने किया।

## न्यूज बॉक्स

### प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**मयूरहंड (चतरा)।** तीन दिवसीय खेलो झारखंड प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को स्वामी विवेका नंद उच्च विद्यालय स्टेडियम में की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ बीडीओ मनीष कुमार,थाना प्रभारी अमीत कुमार,जिप सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी,विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह ने संयुक्त रुप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल को कीक मारकर किया। खेलो झारखंड प्रतियोगिता में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में फुटबॉल,लंबी कूद,दौड़ के अलावा अन्य खेल का आयोजन किया जाएगा। प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले टीम को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल किया जाएगा। प्रतियोगिता का समापन 14 अगस्त को होगा।

### एनटीपीसी परियोजना प्रबंधन ने लगाया मेगा मेडिकल कैंप



**टंडवा (चतरा)।** देवलगडा में एनटीपीसी परियोजना प्रबंधन की ओर से सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए मेगा मेडिकल कैंप लगाया गया। कैंप में दूर-दराज से पहुंचे लोगों को आरोग्यम अस्पताल के प्रतिनियुक्त स्वास्थ्यकर्मियों ने 146 जरूरतों का गहनता से परीक्षण कर उन्हें मुफ्त में दवाइयां दी। साथ आवश्यक निर्देश दिया। चिकित्सकों ने बताया कि बरसात के दिनों में मच्छरों का प्रकोप जहां बढ़ता है वहीं संक्रामक बीमारियों का भी खतरा सदा बना रहता है। एहतियात के तौर पर मच्छरदानी का नियमित प्रयोग, गर्म पानी पीने, संतुलित व पौष्टिक आहार लेने तथा घर के आसपास साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देकर बीमार होने से बचा जा सकता है।

### भक्तों ने सामूहिक रूप से किया शिवालय पर जलाभिषेक

**हेरहंज।** सावन माह के चौथे सोमवारी के अवसर पर मुख्यालय स्थित करणदाग नदी से श्रद्धालुओं ने जल उठाकर श्री राम जानकी मंदिर मे स्थापित शिवालय में हर-हर महादेव, आमे नमः शिवाय के जयकारे लगाते पहुंचे। पंडित अखलेश पांडेय द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलाभिषेक किया। महिला पुरुष, युवक, युवतियों ने पूजा अर्चना की। जल यात्रा श्री राम जानकी मंदिर से शुरू होकर,पंचायत भवन,बाजार टांड, होते करणदाग नदी गाजे-बाजे के साथ झूमते हुए पहुंचे। वहां पर श्रद्धालुवों ने भक्ति भाव से जल उठाकर पुनः उसी मार्ग से श्री राम जानकी मंदिर वापस पहुंचे। हर-हर महादेव, बोल बम का नारा है, बाबा एक सहारा है। नारा बुलंद करते हुए पहुंचकर जलाभिषेक किया। जल यात्रा में प्रदीप जायसवाल,कैलाश कुमार ठाकुर, रुपेंद्र जायसवाल, मनीष जायसवाल, मंटू जायसवाल, देवनंदन प्रसाद, पीयूष कुमार, अंकित कुमार यादव, ललन यादव, प्रेम गंझू, जितेंद्र यादव समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

## भाकपा माओवादी मनोहर गंझू के घर पुलिस ने की कुर्की जब्ती



नवीन मेल संवाददाता

**कुन्दा (चतरा)।** पुलिस ने सोमवार को भाकपा माओवादी के सक्रिय सदस्य मनोहर गंझु उर्फ सोहन गंझु के घर कुर्की जब्ती किया। बता दें कि 18 अप्रैल 2021 को कुन्दा थाना अंतगर्त ग्राम खपिया धजवा पहाड़ी के ऊपर सुरक्षा बलों को लक्षित कर क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से भाकपा माओवादी के सक्रिय सदस्य मनोहर गंझू उर्फ सोहन गंझू अपने साथियों के साथ मिलकर आईडी लगाया था। जिसे पुलिस ने बरामद किया गया था। वही इस संबंध में कुन्दा थाना में विभिन्न धारा के तहत सीएलए एक्ट दर्ज किया गया था। इस संबंध में न्यायालय के आदेश के आलोक में नक्सली सदस्य मनोहर गंझू के विरुद्ध कुर्की जब्ती की कार्रवाई की गई है।

## कोयला खान परियोजना के विस्थापितों की गठित समिति की बैठक में कई निर्णय



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में तुबेद कोयला खान परियोजना के विस्थापितों के लिए गठित पुनर्वास व पुनर्व्यवस्थापन समिति की बैठक हुई। बैठक में अमीतांजन नंदी, कार्यपालक निदेशक (खनन), अरविंद कुमार ठाकुर महाप्रबंधक (खनन), परियोजना प्रधान तुबेद कोयला खान लातेहार द्वारा कई विषयों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि दामोदर घाटी निगम को भारत सरकार द्वारा वर्ष 1948 में कानून पारित कर छोटानागपुर क्षेत्र, पश्चिम बंगाल के विस्तृत क्षेत्र में दामोदर नदी से उत्पन्न बाढ़ की स्थिति पर नियंत्रण तथा विद्युत उत्पादन हेतु स्थापित किया गया। उन्होंने दामोदर घाटी निगम के द्वारा किए जा रहे कार्यो एवं तुबेद कोयला खान के खनन विकास के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होने बताया कि पूर्व में तुबेद कोयला खान परियोजना के विस्थापितों के लिए एक बैठक आयोजित की गई थी। इसमें सर्वसम्मति से अंतिम रूप दिया गया था, लेकिन वर्तमान में तुबेद कोयला खान परियोजना की पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन नीति के कडिका-4 के अनुसूची-क्क(1) में कुछ संशोधन की आवश्यकता है। ज्ञात हो कि संशोधित नीति के अलावा पूर्व में आयोजित तुबेद कोयला खान परियोजना के विस्थापितों के लिए गठित पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन समिति नीति यथावत रहेगी। बैठक में अनुपरिवार को लेकर सभी लोगों के बीच एक आम सहमति बनी। तय किया गया कि अनुपरिवार को पृथक मानते हुए वैसे रैयत जो स्वेच्छापूर्वक कॉलोनी में घर अथवा मकान नहीं प्राप्त करना चाहते है उन्हे पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन नीति के तहत प्रति एक अनुपरिवार को 12 (बारह) लाख रुपए का लाभ मूल रैयत के साथ अतिरिक्त रूप से अनुपरिवार को भी दिया जाएगा। बैठक में विधायक, सांसद प्रतिनिधि, विनीत मधुकर, अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला परिषद सदस्य, मुखिया, संबंधित अन्य उपस्थित थे।

### स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार

## हाई स्कूल खेल स्टेडियम में होगा मुख्य समारोह



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड कार्यालय सभागार में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी चन्दन प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में स्वतंत्रता दिवस पर होने वाले मुख्य कार्यक्रम स्थल हाई स्कूल खेल स्टेडियम में आयोजत होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा व झंडोत्तोलन की समयसारिणी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सर्वसम्मति से मुख्य कार्यक्रम स्थल में प्रत्येक विद्यालय से 2-2 सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को सूचीबद्ध करने की जिम्मेवारी बीआरसी के प्रतीक सिन्हा को दी गई है। सभी सरकारी कार्यालयों में झंडोतोलन पूर्व निर्धारित समयानुसार ही करने का निर्णय लिया गया। बैठक में अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, उपप्रमुख अश्विनी मिश्रा, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, पूर्व प्रमुख नवाहिर उरांव, रामयश पाठक, कॉग्रेस प्रखंड अध्यक्ष असगर खान, पंसस नीलम देवी, डॉ तरुण जोश लकड़ा, कृषि पदाधिकारी रामनाथ यादव, बोदा पंसस सुशीला टोपनो, रितेश कुमार, रामकृष्ण मिश्रा, चंद्रभूषण केसरी, राधिका कुमारी समेत कई लोग मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री खेलो झारखंड कार्यक्रम में बरती गई अनियमितता

## कार्यक्रम के नाम पर सिर्फ की गई खानापूर्ति

नवीन मेल संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** राज्य सरकार का महत्वकांक्षी कार्यक्रम खेलो झारखंड कार्यक्रम में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गई है। कार्यक्रम को लेकर सिर्फ और सिर्फ खानापूर्ति की गई है। जनप्रतिनिधियों ने बताया कि कार्यक्रम के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई गई। किसी को सूचना मिली पर आमंत्रण नहीं, तो किसी जनप्रतिनिधी को खेलो झारखंड कार्यक्रम की कोई सूचना नहीं मिला। खेलो झारखंड कार्यक्रम में बच्चों को भोजन की व्यवस्था न कर सिर्फ दो समोसे दिया गया। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रखंड मुख्यालय से लगभग 30 से 35 किलोमीटर दूर से आए बच्चे खाली पेट कार्यक्रम में किस तरह का प्रदर्शन किए होंगे। ऐसे में सीधे तौर पर कहा जा सकता है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के प्रतिभा को अधिकारियों ने दबाने का कार्य किया है। दबी जुबान से कई बच्चों ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर शुद्ध पीने की पानी की भी व्यवस्था नहीं की जा रही थी, लेकिन विशेष अनुरोध करने पर शुद्ध पेयजल का व्यवस्था किया गया।

### सड़क हादसे में पिता की मौत, पुत्र-पुत्री घायल

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 99 रांची-चतरा मुख्य पथ पर दामोदर गांव के समीप सोमवार की सुबह ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दिनेश्वर यादव (45) की मौत हो गई। दुर्घटना में उनके पुत्र व पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बिनेश्वर यादव और उसका पुत्र छोटू कुमार यादव अपनी बेटी रिंकी देवी को लेने चंदवा प्रखंड के रक्सी (जमीरा) आये थे। बेटी को ससुराल से विदा कराकर दोनों बाइक से अपने घर चतरा लौट रहे थे। इस बीच दामोदर गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रही 10 चक्का ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया, जिससे तीनों पिता-पुत्र व पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों की सूचना पर 108 एम्बुलेंस की मदद से सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया। जहां चिकित्सकों ने पिता को मृत घोषित कर दिया। पुत्र व पुत्री की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रिम्स रेफर कर दिया। सूचना पाते ही चंदवा पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर उक्त ट्रक को कब्जे में लेकर शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया।

### जिले में सस्टेनेबल ट्रांजिशन समावेशी आर्थिक विकास पर मंथन

# पर्यावरणीय लक्ष्यों को समान रूप से प्राथमिकता देना है : उप विकास आयुक्त



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को टास्क फोर्स-सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन (झारखंड सरकार), सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डेवलपमेंट (सीड), यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम (यूएनडीपी) के संयुक्त तत्वावधान में समाहरणालय सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह ने कहा कि सस्टेनेबल एनर्जी ट्रांजिशन के परिप्रेक्ष्य में लातेहार के लिए आर्थिक विविधीकरण के पहलुओं पर आज ये परिचर्चा के लिए कार्यशाला आयोजित की गई है। हमारा उद्देश्य सामाजिक-आर्थिक विकास और पर्यावरणीय लक्ष्यों को समान रूप से प्राथमिकता देना है। लातेहार दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित कर सकता है, जिससे जिले, राज्य का भविष्य उज्ज्वल सुरक्षित बन सके। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों, अन्य वैकल्पिक क्षेत्रों, जैसे कृषि, पर्यटन, और क्लीन टेक्नोलॉजी आधारित नए आर्थिक अवसरों एवं हरित नौकरियों को विकसित करना आवश्यक है। पर्यावरण संरक्षण और समावेशी विकास के साथ-साथ आर्थिक विविधीकरण को जोड़कर जिला के लिए एक सतत और समृद्ध भविष्य का निर्माण किया जा सकता है। निदेशक जस्ट ट्रांजिशन अश्विनी अशोक सीड ने कहा कि राज्य में क्लाइमेट रेसिलियंट इकोनॉमी के निर्माण के लिए जिला और क्षेत्रीय स्तर पर अध्ययन और एक्शन प्लान तैयार करना आवश्यक है। जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में लातेहार अत्यधिक संवेदनशील जिलों में से एक है। इसे एक भविष्योन्मुखी व न्यूनतम अर्थव्यवस्था में विकसित करना आवश्यक है। नीतिगत पहल के लिए विभिन्न विभागों के बीच सहयोग और समन्वय जरुरी है। नए अवसरों की पहचान के साथ अधिकारियों एवं स्टेकहोल्डर्स का कौशल विकास और प्रशिक्षण भी आवश्यक है। यह कार्यशाला लातेहार जिले के समावेशी आर्थिक अवसरों के निर्माण और सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस तरह के प्रयास जिले के समग्र विकास और राज्य के पर्यावरणीय लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायक होंगे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य लातेहार जिले में सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन की प्रासंगिकता पर चर्चा करना और जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों को इस दिशा में जागरूक बनाना एवं उनका सहयोग प्राप्त करना था। ज्ञातव्य है कि झारखंड सरकार ने स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन के लक्ष्यों की दिशा में एक रोडमैप तैयार करने के लिए सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन टास्क फोर्स का गठन किया है। यह टास्क फोर्स राज्य के विभिन्न स्तरों पर वर्तमान चुनौतियों और अवसरों का विश्लेषण कर रहा है। जिसमें आठ प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया है। लाइवलीहुड ट्रांज़िशन, एनर्जी ट्रांजिशन, डीकार्बोनाईजेशन पाथवे कोयला ट्रांज़िशन, सस्टेनेबल मोबिलिटी, ग्रीन हाइड्रोजन, निवेश और वित्त, तथा संस्थागत परिवर्तन। सस्टेनेबल ट्रांजिशन के रोडमैप के निर्माण के लिए विकेन्द्रीकृत दृष्टिकोण के जरिए जिला और क्षेत्रीय स्तर पर कंसल्टेशन एवं कार्यशाला सत्र आयोजित किये जा रहे हैं। लातेहार में आयोजित कार्यशाला इसी कड़ी का एक हिस्सा है। इस कार्यशाला में डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।


**e-Procurement Cell**
**URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT**
**NAGAR PARISHAD CHATRA,JHARKHAND**

Very Short e-procurement Notice

e-Tender Reference No.- UDD/CH/NPC/05/2024-25 Dated-10.08.2024

| Sl. No. | Particular | Details (15th Finance Untied Grant Scheme) | Estimate Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Name of Work (Group No.-01) | Construction of Drain from Bharat Electronic to Khenigola Chowk via Sahadat Chowk in ward no.- 11,12 and 13 under Nagar Parishad, Chatra. | 78,02,000/- | 1,56,100/- | 10,000/- | 06 Months |
| 02 | Name of Work (Group No.-02) | Construction of PCC Road and Drain from Pradip Rastogi's House to Enamul House + Nasim House to Laxman Saw House + Salendra Ramhouse to Kishori Ram House in Ward No.-02 under Nagar Parishad, Chatra | 41,13,000/- | 82300/- | 10,000/- | 04 Months |
| 03 | Name of Work (Group No.-03) | Construction of PCC Road and Drain Md Firoj's House to Santosh Bhunya via Pucca Kunwa in Ward No.-03 under Nagar Parishad, Chatra. | 57,53,000/- | 1,15,100/- | 10,000/- | 06 Months |
| 04 | Name of Work (Group No.-04) | Construction Of PCC & Drain from Jamal Khenivala's House to Suresh Soni's house & Kalimula's house to Asgar's House in Ward No - 03 under Nagar Parishad Chatra. | 39,64,000/- | 79,300/- | 10,000/- | 04 Months |
| 05 | Name of Work (Group No.-05) | Construction of BT Road and Drain from Binod Prasad House to Charch in Ward No.-04 under Nagar Parishad, Chatra. | 64,58,800/- | 1,29,200/- | 10,000/- | 06 Months |
| 06 | Name of Work (Group No.-06) | Construction of BT Road and Drain from Niranjan Saw's House to Sakuriya Masjid in Ward No.-14,15 and 20 under Nagar Parishad, Chatra. | 72,50,700/- | 1,45,100/- | 10,000/- | 06 Months |
| 07 | Name of Work (Group No.-07) | Construction of PCC Road & Drain From Musa memorial school to Md Akram minya House via Md iliyas's house + Md Iliyas's house to Md afsar's house + Md mutak to Md yunus'house in ward no -14 under Nagar Parisad Chatra. | 33,12,000/- | 66,300/- | 10,000/- | 04 Months |
| 08 | Name of Work (Group No.-08) | Construction of PCC road over Katcha Road from near Bidi Pata Ware house to the Park near West side of Model College in ward no.-21 undar Nagar Parishad, Chatra | 21,91,941/- | 44,000/- | 5,000/- | 03 Months |
| 09 | Name of Work (Group No.-09) (Urban Transport System) | Construction of PCC road from Emli Tree via House of Surendra Kumar Ghose to Stadium Gate No.-03 via Bargad Tree in ward no.-08 undar Nagar Parishad, Chatra. | 40,50,000/- | 81,000/- | 10,000/- | 04 Months |
| 10 | Date of Tender Uploading in Website - http://jharkhandtenders.gov.in | 16.08.2024 at 10:00 AM | | | | |
| 11 | Bid Submission Start Date & Time | 17.08.2024 at 10:00 AM | | | | |
| 12 | Last Date/Time for Receipt of Bid | 24.08.2024 upto 5:00 PM | | | | |
| 13 | Date & Address for Opening of Bid. | 27.08.2024 upto 11:00 AM, in the e-Procurement Cell, Nagar Parishad Chatra | | | | |
| 14 | Name & Address of Office inviting Tender | Administrator, Nagar Parishad, Chatra (Jharkhand) | | | | |
| 15 | Contact No. of Procurement Office | +91- 7717752315, 7004394602 | | | | |
| 16 | Helpline No. of e-Procurement Cell | 0651-2480345 | | | | |

Any change can be seen on Website http:// jharkhandtenders.gov.in
Any other information can be seen on http://jharkhandtenders.gov.in
Note:- According to Secretary, Information Technology & e-Governance Department Order memorandum no.-120, dt.-03.10.2023, the entire process of receiving the tender fee and EMD amount is done through online method.

Administrator,
Nagar Parishad Chatra.

PR 332484 Urban Development(24-25).D

## एक नजर

### लोहरदगा के कई प्रखंडों में आपसी बंटवारा शिविर आज

**लोहरदगा।** खतियानी उत्तराधिकारियों को उनका भू-स्वामित्व प्रदान करने के उद्देश्य से मंगलवार को राजस्व विभाग, लोहरदगा की ओर से निम्न स्थानों पर आपसी बंटवारा शिविर लगाया जाएगा। सदर प्रखंड के शहरी क्षत्र में तहसील कचहरी में, सेन्हा प्रखंड के सेन्हा पंचायत भवन में, कुडू प्रखंड के बड़कीचांपी एवं जीमा पंचायत भवन में, कैरो प्रखंड के उतका पंचायत भवन में और भंडरा प्रखंड के भीठा पंचायत भवन में लगेगा।

### वज्रपात से पुत्र की मौत, माता-पिता घायल

**कुडू ।** लोहरदगाः कुडू प्रखंड क्षेत्र के जिंगी पंचायत अन्तर्गत जोजरो गांव में सोमवार की शाम बारिश के साथ हुए वज्रपात में पुत्र की मौत हो गयी। वहीं माता पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार जोजरो गांव निवासी मुस्तफा अंसारी 55 उनकी पत्नी गुलशन खातून 45 और पुत्र समीउल्लाह अंसारी 20 वर्ष अपने खेत मे काम कर रहे थे। तभी बारिश के साथ हुए जोरदार वज्रपात की चपेट में आगए। जिसमे सभी गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सिएचसी कुडू लाया गया जहां पुत्र समीउल्लाह ने दम तोड़ दिया। वहीं प्राथमिक उपचार के बाद माता पिता को रिम्स रांची रेफर कर दिया गया।

### स्वतंत्रता सेनानी व शहीद स्मारक, समाधिस्थल की साफ-सफाई की



**कैरो/लोहरदगा।** कैरो प्रखंड भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र महतो के अगुवाई व जिला मंत्री कैलाश महतो की उपस्थिति मे स्वच्छता पखवाडा कार्यक्रम मनाया गया। इसके तहत प्रखंड के स्वतंत्रता सेनानी व शहीद स्मारक, समाधिस्थल की साफ-सफाई कर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। भाजपाजनों ने कैरो प्रखंड मुख्यालय स्थित स्वतंत्रता सेनानी स्व ननका साव, सढ़ाबे पंचायत के अंतर्गत एडादोन ग्राम निवासी कारगिल शहीद स्व विश्राम टाना भगत के स्मारक व समाधिस्थल की साफ-सफाई कर उन्हे नमन किया ।शहीद स्व विश्राम टाना भगत कारगिल युद्ध मे दुश्मनों को छक्के छुड़ाते हुए शहीद हो गये थे। मौके पर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र महतो ने कहा कि भाजपा देश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों,अमर शहीदों के सम्मान के लिये भाजपा प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर प्रखंड भाजपा मंत्री शिवचरण तुरी, राजेन्द्र सोनी,अंतोष साहु, बोलो उराँव, अदला उरोंव, राधेश्याम साहु इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विभिन्न विद्यालयों में स्क्रैच कोडिंग कक्षाओं की हुई शुरूआत

**गुमला।** गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की नवाचारी सोच अंतर्गत जिले के चयनित विद्यालयों में आज स्क्रेच कोडिंग कक्षाओं का शुभारंभ किया गया । इस अवसर पर जिले के मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गुमला में आज स्क्रेच कोडिंग की कक्षाओं की शुरूआत वार्डन रोहिणी कुमारी प्रसाद एवं अन्य शिक्षिकाओं के द्वारा आईसीटी लैब में फीता काटकर करते हुए विद्यालय की आईसीटी अनुदेशक प्रियंका कुमारी द्वारा चयनित छात्राओं को वीडियो एनिमेशन हेतु कोडिंग की जानकारी दी गई । ज्ञात हो कि जिले के बच्चों को स्क्रेच कोडिंग सिखाने के उद्देश्य से विद्यालयों का चयन कर बच्चों की क्रिएटिविटी के विकास के लिए कार्य किए जा रहे हैं । कक्षा आठ, नौ तथा ग्यारह के छात्र छात्राओं के साथ गत वर्ष भी उपायुक्त महोदय द्वारा स्क्रेच कोडिंग की कक्षाएं आयोजित कराई गई थी तथा इस वर्ष भी इसकी शुरूआत कराई जा रही है । तथा छात्र छात्राओं के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु क्रिटिकल एनालिसिस को बढ़ावा देने के लिए फिर से स्क्रेच कोडिंग की शुरूआत कराई गई है ।

उपायुक्त की अध्यक्षता में नगर परिषद अंतर्गत हुए कार्यों को हुई समीक्षात्मक बैठक

# ध्यान रखें, कोई भी योग्य लाभुक योजना से ना छूटे



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में नगर परिषद क्षेत्र अन्तर्गत हुए कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।
बैठक में उपायुक्त ने सभी नगर परिषद के अंतर्गत कार्य करने वाली महिला श्रमिकों को मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना का लाभ देने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि कोई भी योग्य लाभुक योजना से ना छूट सके उसका ध्यान रखा जाए। इस दौरान उपायुक्त ने शहरी क्षेत्र अन्तर्गत साफ सफाई के संबंध में भी समीक्षा की। इसके साथ ही शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।
उपायुक्त ने पिछले पांच वर्षों में नगर निगम गुमला द्वारा निर्मित योजनाओं के संबंध में जानकारियों को सर्वोदय पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया।
इसे अलावा उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश के आलोक में प्रशासक नगर परिषद के द्वारा अपील करते हुए कहा गया कि शहरी क्षेत्र अन्तर्गत नगर निगम से जुड़े किसी भी प्रकार की समस्याओं के संबंध में जानकारी देने के लिए नगर निगम के वाट्सअप नंबर 81020 49391 पर संपर्क कर सकते है। साथ ही जिले के नागरिक नगर परिषद/निगम गुमला के ऑनलाइन सोशल मीडिया प्लेटफार्म से भी जुड़ कर अपनी शिकायतों को हम तक पहुंचा सकते है । नागरिकों की शिकायतों का तुरंत ही समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।


## एनएसएस स्वयंसेवकों ने अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया

**लोहरदगा।** उसुर्लाइन महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय लोहरदगा के एनएसएस स्वयंसेवकों ने अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया। थीम थी विकसित भारत@2047। भाषण सह देशभक्ति गीत प्रतियोगिता हुई. और उन्होंने थीम पर आधारित नाटक भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती. श्रद्धा केरकेट्टा, एस.डी.पी.ओ., लोहरदगा, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीनियर शिला, डॉ. एस.आर. एलीन, श्री गणेशलाल, मैम शमीमा खातून एवं डॉ. सीनियर वंदना एवं बी.एड. के सभी स्टाफ सदस्य। और डी.एल.एड. और छात्र. यह सचमुच एक प्रेरक एवं हृदयस्पर्शी कार्यक्रम था।



# कुडू शहर में फिर हुआ गजराज का आगमन

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू - लोहरदगा**





कुडू प्रखंड क्षेत्र में झुंड से बिछड़ा एक विशाल हाथी रविवार की रात फिर कुडू शहर में दस्तक दी। और जमकर उत्पात मचाया। चार दिनों के अंतराल पर कुडू क्षेत्र में घूम रहे इस हाथी ने पिछले तीन दिनों से उत्पात जारी है। शुक्रवार को कुंदों निवासी करीमन मुंडा और शनिवार को तेतर टोली निवासी दिनेश मुंडा के घरों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर कुडू पहुंचे हाथी ने इस बार प्रखंड मुख्यालय परिसर में आधे घंटे तक चहलकदमी की और एफसीआई गोदाम के पीछे की चारदीवारी को तोड़ दिया। हालांकि हाथी को भगाने के लिए जमा भारी भीड़ द्वारा शोर शराबे से घबराकर चावल रखे गोदाम के मुख्य गेट के पास से वापस लौटा वहां से निकलकर शाहिद अब्दुल हमीद स्मारक की परिक्रमा कर वहां खड़े एक मोटरसाइकिल को क्षतिग्रस्त करते हुए हुए हमीद नगर मुहल्ला पहुंचा जहां शिक्षक आजम खान के घर की चारदीवारी को क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथी को रात 9 से 11 बजे तक इस प्रकार शहरी इलाके में उत्पात मचाये जाने से लोगों में दहशत का माहौल रहा। कुंदों, गोली, जमुनटोली, हमीद नगर, रहमत नगर, बाजार टांड़ सहित शहर और आसपास के दर्जनों गांव के हजारों लोगों ने हाथी को भगाने के लिए देर रात तक खूब पसीना बहाया तब जाके हाथी मराडी के रास्ते आगे भगाने में सफल हुए। ज्ञात हो कि झुंड से बिछड़े इस हाथी का आतंक कुडू सहित जिले के भंडरा और कैरो प्रखंडो में भी पिछले तीन माह से बदस्तूर जारी है। लगभग प्रतिदिन इसके आतंक से लोगों को फसलों और घरों को नुकसान पहुंच रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### कार्यालय अधीक्षक के निधन पर शोक कर्मियों ने रखा गया दो मिनट का मौन



**लोहरदगा।** जिला आपूर्ति कार्यालय के कार्यालय अधीक्षक सुनील कुमार सिन्हा का बीते शनिवार नई दिल्ली में उपचार के क्रम में आकस्मिक निधन हो गया। इसको लेकर आज उपायुक्त कार्यालय परिसर, लोहरदगा में शोक स्वरूप उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण समेत जिला के वरीय पदाधिकारियों व समाहरणालय कर्मियों द्वारा दो मिनट का मौन रखा गया। स्व सुनील कुमार सिन्हा वर्ष 1989 में समाहरणालय संवर्ग सहायक के रूप में योगदान देने के बाद से लगातार जिला के सभी महत्वपूर्ण विभागों का काम पूरी तत्परता और लगन के साथ सभालते रहे थे। वर्तमान में वे जिला नजारत, आपूर्ति एवं जिला परिवहन शाखा जैसे महत्वपूर्ण कार्यालयों में पदस्थापित रहे थे।

### पूरे भारतवर्ष में चल रहा बजरंग दल की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम : चंदन गोप



**लोहरदगा।** बजरंग दल के द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम जेल खाना कुटुमू में अनेको प्रकार के फलदार पौधे लगाकर किया गया।इस कार्यक्रम को बजरंग दल सह गौ रक्षा प्रमुख चांदन गोप के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने बतलाया कि आज पूरे विश्व में जिस तरह से जल अस्तर काम होता जा रहा है उसे पूरा करने के लिए हर एक व्यक्ति को कम से कम पांच पौधा अवश्य लगाना चाहिये। ताकि आने वाले समय में जल की कहीं पर भी कमी ना हो और वायुमंडल स्वच्छ रहे। समाजसेवी अजय शाहा ने कहा कि बजरंग दल द्वारा वृक्षारोपण कार्य जो चल रहा है यह बहुत ही सराहनीय है। मौके पर उपस्थित जिला अखाड़ा प्रमुख हसमुख रंजन, पूर्व नगर सहसंयोजक राज साहू, संघ नगर पर्यावरण प्रमुख सत्यम कुमार, बजरंग दल नगर सहसंयोजक अनुभव कासकार समेत अन्य मौजूद थे।

### रामचरितमानस जीवन जीने का महानतम ग्रंथ : बिपिन कुमार दास




**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में दार्शनिक व समाज सुधारक गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ गोस्वामी तुलसीदास जी के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहां की रामचरित्र मानस एक आदर्श जीवन जीने का महानतम ग्रंथ है। राम चरित्र मानस में भाई का प्रेम ,माता-पिता के आदेश का पालन को आत्मसात करना चाहिए। आचार्या अनीता दीदी जी के द्वारा गोस्वामी तुलसीदास के बारे में बताते हुए कहा कि गोस्वामी तुलसीदास महान कवि थे। उन्होंने ही रामचरितमानस नामक महाकाव्य की रचना की रामायण और श्री मद् भगवद् गीता जैसे धर्म ग्रंथ हमारे घरों में रहते हैं और हम प्रतिदिन उनकी पूजा अर्चना भी करते हैं। यह ग्रंथ पूजनीय है इसलिए हमें इसके अंदर के ज्ञान को पढ़कर आत्मसात करना चाहिए। आचार्या मधुमिता शर्मा ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता के गौरव को बढ़ाने का काम किया है। उनकी कई रचनाएं हैं ।जैसे गीतावली, दोहावली एवं कवितावली जो प्रेरणादायक है। कक्षा षष्ठ से दशम के भैया /बहनों के बीच सुलेख व निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई ।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय के सभी आचार्य/आचार्या उपस्थित थे।

### गुमला चैंबर ऑफ कामर्स की ओर से कार्यालय में किया जाएगा ध्वजारोहण

**गुमला।** गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स की मासिक बैठक चैंबर के अध्यक्ष दामोदर कसेरा की अध्यक्षता में चैंबर कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई , बैठक में निर्णय लिया गया की ध्वजारोहण चैंबर कार्यालय में संपन्न होगा। गुमला चेंबर के द्वारा वृक्षारोपण करने का निर्णय लिया गया। वृक्षारोपण के लिए चार जगह चिन्हित किए गए हैं, गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के अधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा वृक्षारोपण किया जाएगा। बीते दिन गुमला में कनक ज्वेलर्स में घटित गोली कांड का खुलासा करते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए इस घटना में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी गुमला पुलिस के द्वारा की गयी। इस निमित्त गुमला चैंबर एसपी से मिलकर उन्हें बधाई देगी एवं पुलिस पब्लिक मीट प्रत्येक माह कराने के लिए पुलिस अधीक्षक से मांग करेगी। नगर परिषद से गुमला चेंबर के प्रतिनिधि मिलेंगे एवं जिन व्यापारियों को ट्रेड लाइसेंस उपलब्ध नहीं हो पा रहा है ,इस पर भी नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से मिलकर बात किया जाएगा।

## प्लस पोलियो अभियान के तहत 15,369 बच्चो को पोलियो दवा पिलाने का है लक्ष्य



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**
प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में सोमवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ समिति की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ.आयोजित बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने कहा कि प्लस पोलियो अभियान कार्यक्रम के तहत प्रखंड क्षेत्र में 0 से 5 वर्ष तक के 15369 बच्चो को पोलियो बूथ पर 25 अगस्त को पोलियो का दो बूंद दवा पिलाना है। वही 27 अगस्त तक क्षेत्र भ्रमण कर पोलियो निरोधक दवा पिलाया जायेगा। प्रखंड क्षेत्र को सफलतापूर्वक पोलियो मुक्त बनाने के लिये पोलियो बूथ पर स्वास्थ सहिया,एएनएम तथा आंगनबाड़ी सेविकाओं का सहयोग लें और टोली बना कर पोलियो उन्मूलन की दवा पिलाये साथ ही डोर टू डोर दवा पिलाने के लिये भी टोली बना कट कार्य करें जिसे कोई कोई बच्चा छूटे नही और प्लस पोलियो अभियान को लेकर जागरुकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीडीओ संग्राम मुर्मू, संजय कुमार, मंसूर आलम, विकास खलखो,अंगनी बेक सहित अन्य स्वस्थ कर्मी व पदाधिकारी उपस्थित थे।

कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला संपन्न

# संगठन का उद्देश्य बेहतर समाज का निर्माण करना है : दीपक शर्मा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
राधा स्वामी संगठन के द्वारा बरवाटोली स्थित कुंजलाल अग्रवाल स्मृति भवन मे संगठन के प्रखण्ड,पंचायत व नगर के वार्ड स्तर के कार्यकर्ताओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि राधा स्वामी संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक शर्मा,जोनल समन्वयक सतीश चंद्र शर्मा,लातेहार जिला प्रभारी संदीप कुमार,बह्मदेव प्रजापति,जिला समन्वयक राजेन्द्र उरांव,प्रखण्ड समन्वयक समीद अंसारी आदि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक शर्मा ने राधा स्वामी संगठन के उद्देश्य के बारे बतलाते हुये कहा कि संगठन का उद्देश्य बेहतर समाज का निर्माण करना है। उन्होंने संगठन कर बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए संगठन द्वारा



चलाये जा रहे कन्यादान योजना, आवास योजना,वाहन योजना, कन्यादान उपहार योजना, नचिकेता छात्रवृत्ति योजना,सदस्य सम्मान योजना, अक्षय धन योजना, किसान सम्मान योजना,आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बतलाया की राधा स्वामी संगठन 2010 से लगातार शिक्षा, सेवा, शसक्तीकरण आदि क्षेत्रो में कार्य कर रही है लोग संगठन से जुड़कर लाभ उठा रहे हैं,उन्होंने कहा कि कन्यादान की दो योजनाएं हैं जिसमे एक नन प्रीमियम योजना है और दूसरी एक बार प्रीमियम देने वाली योजना है बाद 21 वर्ष उम्र होने के बाद शादी के समय संगठन की ओर से कन्यादान योजना का लाभ दिया जाएगा,वाहन योजना के अंतर्गत 40 प्रतिशत अनुदान पर संगठन के द्वारा दो पहिया चार पहिया आदि वाहन मुहैया कराई जाती है इसी प्रकार अनेको योजनाओं का लाभ लिया जा स्कता है।कार्यक्रम को लातेहार समन्वयक संदीप कुमार,सतीश चंद्र शर्मा, राजेन्द्र उरांव, ब्रह्मदेव प्रजापति ने भी संबोधित किया वही मंच संचालन कैरो प्रखण्ड समन्वयक समीद अंसारी के द्वारा किया गया।

# शिक्षक सभी कार्य ससम्य निष्पादित करें : सुनंदा



◆ **विद्यालय में चल रहे बच्चों से जुड़े गतिविधियों को बच्चों से ही कराने का दिया सुझाव**

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
डीएसई दास सुनंदा चंद्र मौलेश्वर ने शिक्षकों के समक्ष विचार रखते हुए कहा कि कि शिक्षकों के बीच कुछ प्रश्न होते हैं उसे गोष्टी में जरूर साझा करना चाहिए। इन्होंने विद्यालय में चल रहे बच्चों से जुड़े गतिविधियों को बच्चों से ही कराने का सुझाव दिया। इंपेक्ट प्रोग्राम के तहत लो कॉस्ट नो कॉस्ट के फामूर्ला को अभिभावकों के बीच जानकारी देने की भी बात कही। नवाचार प्रोग्राम करने का सुझाव दिया उक्त बातें मध्य विद्यालय लोहरदगा परिसर स्थित सभा कक्ष में डीएसई दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर ने शिक्षकों की गुरूगोष्ठी में कहा। बीईईओ रामजीवन नायक ने प्रयास, प्रोजेक्ट रेल, ईविद्यावहिनी आदि कार्यों में तेजी लाने की अपील किया। शिक्षक शैलेंद्र कुमार सुमन ने एक शिक्षिकीय विद्यालयों में शिक्षकों की कमी की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। शिक्षक मुमताज अहमद एवं अरुण राम ने हाउस निर्माण, प्रार्थना सभा के दौरान आयोजित कार्यक्रम की गतिविधि की जानकारी दिया। सीआरपी जितेंद्र मित्तल ने गुरु गोष्ठी की कार्यवाही का संचालन किया। मध्य विद्यालय लोहरदगा के प्रधानाध्यापक मोहम्मद असलम द्वारा स्वागत भाषण दिया गया।
इस दौरान बीपीओ मंजू देवी ,कोऑर्डिनेटर पवन कुमार, सिनी साझा के तरुण कुमार, सीमा शर्मा, पूर्णकाम अनंत शर्मा, नीलू गोयल, त्रिसंधा,शिक्षक विजय कुमार दास,वीरेंद्र यादव, सुबोध सेन गुप्ता, मंजू कुमारी, गणेश प्रसाद, सुजीत रजक, जयधर कुमार,रीता भगत, सुषमा मिंज, समेत सभी विद्यालय के प्रधान शिक्षक उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना के बाद हुआ मारपीट, सात पर नामजद प्राथमिकी दर्ज, तीन गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**
सेन्हा थाना क्षेत्र के जोगना मोड़ के समीप रविवार देर शाम दो मोटरसाइकिल के टक्कर में दुकान बंद कर घर जा रही महिला घायल हो गई थी.जिसे स्थानीय लोगो के मदद से परिजनों ने निजी वाहन से सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिये घायल महिला को भर्ती कराया। घायल महिला की पहचान जोगना मोड़ निवासी बोधलाल साहू की पत्नी जलेशरी देवी के रूप में किया गया बताया जाता है कि सड़क दुर्घटना के दौरान घायल महिला को देख आक्रोशित ग्रामीणों ने मोटरसाइकिल चालक सेन्हा निवासी यूसुफ अंसारी को मार पीट करते हुए जातिसूचक का प्रयोग कर पाकिस्तान भागने का बात बोला गया। जिस पर बाइक चालक



के परिवार वालों ने सेन्हा थाना में सात नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है। अजित कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि प्राप्त आवेदन के आलोक में कांड संख्या 66/24 दर्ज कर सौहार्द बिगाड़ने के मामला में धारा 115(2), 117(2), 109, 303(2), 352, 302,3(5)बी एन एस के तहत सात नामजद पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है. उन्होंने कहा की जोगना निवासी बोधलाल साहू, मनोज साहू एवं गणेश साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है तथा अन्य आरोपियों के गिरफ्तारी में पुलिस जुटी हुई है।

# आज हर घर तिरंगा पर विशेष कार्यक्रम का होगा आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आगामी स्वंत्रता दिवस के समारोहों के क्रम में हर घर तिरंगा ,नशा मुक्त भारत अभियान, एक पेड़ मां के नाम एवं केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 12 अगस्त को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, रायडीह, गुमला में छात्राओं द्वारा देश के एवं झारखंड राज्य के वीर स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया गया। मौके पर उपस्थित केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्रीमती महविश रहमान ने बताया कि देश की आजादी के पर्व स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ₹हर घर तिरंगा₹ अभियान चलाया जा रहा है। इसकी शुरूआत 9 अगस्त 2024 से हो चुकी है, जो अगले 6 दिन तक चलेगा। इस



अभियान के तहत प्रत्येक नागरिक को अपने घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। पिछले दो वर्षों की भांति इस बार भी इस अभियान में भाग लेकर देश के सभी नागरिक राष्ट्रीय ध्वज के प्रति अपना सम्मान प्रकट करने के लिए तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड कर सकते हैं और सर्टिफिकेट डाउनलोड कर सकते हैं। अपनी चर्चा में उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरूआत की गई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय में बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग से निजात पाना एवं इस धरा के भविष्य को सुरक्षित रखना है। उन्होंने आगे बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की ओर से चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत, स्कूलों में विद्यार्थियों के बीच जीवन कौशल और नशीली दवाओं पर जागरूकता एवं ज्ञान बढ़ाने के उद्देश्य से भी यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।
इस अवसर पर वार्डन सह शिक्षिका रोज कांता एक्का ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी तिरंगे के साथ सेल्फी लें एवं वेबसाइट पर अपलोड करने का प्रयास करें और सर्टिफिकेट प्राप्त करें। उन्होंने नशा मुक्त अभियान पर कार्यक्रम करने के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम करना समाज को दिशा देने में एक अच्छी पहल है।
मौके पर कमला कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, प्रेमिका कुल्ला, संध्या कुमारी, रश्मि तिर्की, कौशल सिंह, राधेश्याम सिंह, चंद्रशेखर, ज्योति एक्का एवं श्रीमती राधिका कुमारी और अन्य शिक्षक- शिक्षिकाओं के साथ केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला के कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।

# जिला भाजपा के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा निकाला गया

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
भाजपा के शीर्ष नेतृत्व और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर आजादी के 77वां वर्षगांठ के शुभ अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा गुमला के नेतृत्व में गुमला शहर के मुख्य मार्ग में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यकताओं ने हाथों में राष्ट्रध्वज तिरंगा लेकर भारत माता की जय वंदे मातरम का उद्घोष किया। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संदीप प्रसाद की अगुवाई में कार्यकताओं ने परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम के समीप एकत्र होकर उनको श्रद्धांजलि देते हुए तिरंगा यात्रा का आगाज किया। जो शहर के मुख्य मार्ग में भ्रमण कर नारेबाजी की और राष्ट्र सर्वोपरि का संदेश दिया। मौके पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू ने कहा युवा मोर्चा द्वारा गुमला जिला



के तीनों विधानसभा में तिरंगा यात्रा आयोजित है जिसका उद्देश्य राष्ट्र प्रेम का अलख जगाना है। हर घर तिरंगा लहराना है, युवा मोर्चा अध्यक्ष ने कहा भाजपा राष्ट्र को सर्वोपरि मानती है इंडिया फर्स्ट का नारा देते हुए , युवा मोर्चा के कार्यकर्ता पूरे देश में तिरंगामय में करने में लगे हैं, युवा मोर्चा का संकल्प है हमारा विजय विश्व तिरंगा हमेशा ऊंचा रहेगा इसके लिए सब कुछ कुबार्नी देने को युवा मोर्चा तैयार है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहु,पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, जिला महामंत्री यशवंत सिंह, रामावतार भगत, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अमन यादव,गुमला विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मिसिर कुजूर, निर्मल गोयल, दामोदर कसेरा,रविन्द्र सिन्हा, राजेश सिंह संजय गुप्ता, विकास सिंह, अनिकेत कुमार, प्रकाश कुशवाहा,व अन्य युवा मोर्चा के ढेर सारे कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# फरार इनामी नक्सली साहेब राम मांझी के घर पहुंचे एसपी

**नवीन मेल संवाददाता। गरिडीह**

गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के 10 लाख के इनामी नक्सली साहेब राम मांझी के घर पर पहुंचे। इस दौरान एसपी ने साहेब मांझी के घरवालों से मुलाकात की। उन्हें बताया कि हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्य सार्वजनिक जीवन में आना ही सही रास्ता है। मुख्यधारा में लौटने से साहेब के साथ उनके पूरे परिवार का कल्याण होग।

इस दौरान एसपी द्वारा साहेब राम मांझी के परिजनों को झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति की जानकारी दी। बताया कि इस नीति के तहत सरेंडर करने से क्या क्या लाभ मिलेगा। एसपी ने यह भी बताया कि जिन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है उन्हें सरकार की योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि साहेब राम सरेंडर नहीं करेगा तो जंगल में ही मारा जाएगा।

साहेब राम मांझी वर्तमान में भाकपा माओवादी जोनल कमिटी का मेंबर है। इसके सिर जिले के अलावा अन्य जिलों में भी कई मुकदमा दर्ज हैं। जब एसपी साहेब राम के घर पहुंचे तो परिजनों ने बताया कि 15 वर्ष की उम्र में ही साहेब घर से निकल गया था। अभी साहेब के तीन बच्चे हैं।

## Office of The District Planning Office Latehar, Government of Jharkhand

**Notice Inviting**
**Request for Proposals**

**Selection of Agency for "Supply of Leaf Blower Machine(Fire Blower) in the identified location in Latehar district" under Office of District PlanningOffice, Latehar Govt. of Jharkhand.**

The Office of the District Planning Officer, Latehar, Government of Jharkhand, intends to procure and supply Leaf Blower Machines(Fire Blower) at designated locations within Latehar district. The concerned department seeks to invite bids from reputed agencies interested in participating in the procurement process. The detailed information is as follows:"

| S.no | Particular | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | "Request for Proposal (RFP) for **Supply of Leaf Blower Machine(Fire Blower) along with all the required accessories**" |
| 2 | Date of Issue of RFP | 10.08.2024 |
| 3 | Last Date for submission of Proposal | 20.08.2024 |
| 4 | Date of opening of Technical Proposal | 21.08.2024(Sample demonstration will be done physically on same day) |
| 5 | Date of opening of Financial Proposal | 21.08.2024 |
| 6 | Time allowed for Completion | 06 Months |
| 7 | Earnest money deposit EMD) (Refundable) & Bid Processing Fee (Non-refundable) | EMD – INR Rs.50,000/- (Rupees Fifty ThousandOnly/-) Refundable & Tender Fees Rs 2000 (Two Thousand Rupees Only/-) (Non-Refundable) Both DD will be in favour of District Planning Officer, Latehar Payable at Latehar. **EMD and tender Fee submission is exempted for MSME of Jharkhand. MSME registration certificate with DIC approval certificate in same manufacturing trade is must require for bidder. If bidder is not a MSME in same trade will not get the Exemption benefit.** |
| 8 | Address at which the tenders (Hard Copies) are to be submitted: | District Planning Office, Latehar, Jharkhand |
| 9 | Place of opening tenders: | District Planning Office, Latehar, Jharkhand |
| 10 | Mode of submission | Speed post/ Registered Post/ By Hand only to the address as specified above during office hours only. Submission of the bid through any other mode or late submission of bids will be rejected. |
| 11 | Method of Selection | • After qualifying in technical bid financial bid will be open and L-1 will be awarded. • L-1 Rates or the rates approved by Tender Committee/District Administration will be considered as the final rate of the project. • Tender Committee retains right to negotiate rates with L-1 Bidder. |
| 12 | Date of opening of Technical Bid (Envelope-1) | The technical bid for the tender shall be opened on **21st August 2024 at 11:00 AM** at the address as under: The District Planning Office, District Collectrate Office Distt: Latehar, Jharkhand-829206 |
| 13 | Date of opening of Commercial Bid (Envelope-2) | The date for opening second envelope containing Commercial Bid will be intimated to the qualified bidders separately. |

**Complete RFP Document, Guidelines, terms & conditions are available on official website of the district: -**https://latehar. nic. in/

**District Planning Officer, Latehar**

PR.NO.332464 Planning and Development(24-25):D

## OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR
**District Planning OfficeLatehar, 829206**
**Website: www.latehar.nic.in**

**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)**
**2nd Call**
**Fact Sheet:**

| S.no | Particular | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | "Request for Proposal (RFP) for Supply, Installation of All-in-One Desktop computers & Computer peripherals" |
| 2 | Date of Issue of RFP | 12-08-2024 |
| 3 | Last Date for submission of Proposal | 21-08-2024 |
| 4 | Date of opening of Technical Proposal | 23-08-2024 (Sample demonstration will be done physically on same day) |
| 5 | Date of opening of Financial Proposal | 23-08-2024 |
| 6 | Time allowed for Completion | 06 Months |
| 7 | Earnest money deposit EMD) (Refundable) & Bid Processing Fee (Non-refundable) | EMD – Rs.50,000 (Fifty thousand Rupees Only/-) Refundable & Tender Fees Rs 10,000 (Ten Thousand Rupees Only/-) (Non-Refundable) Both DD will be in favour of District Planning Officer, Latehar Payable at Latehar. EMD and tender Fee submission is exempted for MSME of Jharkhand.MSME registration certificate with DIC approval certificate in same manufacturing trade is must require for bidder. If bidder is not a MSME in same trade will not get the Exemption benefit. |
| 8 | Address at which the tenders (Hard Copies) are to be submitted: | District Planning Office, Latehar, Jharkhand |
| 9 | Place of opening tenders: | District Planning Office, Latehar, Jharkhand |
| 10 | Mode of submission | Speed post/ Registered Post/ By Hand only to the address as specified above during office hours only. Submission of the bid through any other mode or late submission of bids will be rejected. |
| 11 | Method of Selection | Quality and Cost-Based Selection (QCBS) Method; Stage 1: The eligibility criteria documents, Bid Fee EMD submitted by the bidders will be evaluated in the first stage. The bidders meeting the technical evaluation criteria only will be shortlisted for further financial bid valuation. Stage2: Out of the technically eligible bidders, the agency submitting the lowest financial bid will be awarded the project. The rates quoted by the agencies should be valid for 2year from the issue of the RFP. |
| | Date of opening of Technical Bid (Envelope-1) | The technical bid for the tender shall be opened on 23rd August 2024 at 11:00 AM at the address as under: The District Planning Office, District Collectrate Office Distt: Latehar, Jharkhand-829206 |
| | Date of opening of Commercial Bid (Envelope-2) | The date for opening second envelope containing Commercial Bid will be intimated to the qualified bidders separately. |

Complete Bid Document, terms & conditions are available on official website of the district: - https://latehar.nic.in/

**District Planning Officer, Latehar**

**PR 332557 Planning and Development(24-25).D**

## उमेर अली हत्याकांड का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**चाडिंल।** कपाली ओपी क्षेत्र के पुड़ीसिली में 24 जुलाई को हुई खरसावां के हिस्ट्रीशीटर उमेर अली हत्याकांड में फरार आरोपी को कपाली ओपी की पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी सोमवार को जमशेदपुर के भुईयांडीह से किया गया है।

## झारखण्ड सरकार, ग्रामीण कार्य विभाग
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**तृतीय तल्ला, नया समाहरणालय भवन, पपरवाटांड़, गिरिडीह, झारखण्ड - 815301**

**ई- अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं0 :–**06/R2/2024-25/RWD/EE/GIRIDIH** दिनांक :– **10.08.2024** ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गिरिडीह द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurment पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम :–

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपया में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रुपया में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेंडर कॉल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/GIRIDIH/47/2023-24 | बागोडीह रोड से नीमासिंघा तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–1.000 कि0मी0) | 98,95,900.00 | अनठानवे लाख पंचानवे हजार नौ सौ रू0 मात्र | 06 माह | तृतीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– **14.08.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **21.08.2024** अपराह्न **5.00** बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– **23.08.2024** अपराह्न **3.30** बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गिरिडीह, तृतीय तल्ला, नया समाहरणालय भवन, पपरवाटांड़, गिरिडीह, झारखण्ड – 815301
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 06532–225381

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, गिरिडीह

PR 332570 REO (24-25)_D

## झारखण्ड सरकार
## जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, गढ़वा

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा सं0– ZP/GARHWA/03/2024-25**
**15वें वित्त आयोग मद**

1. कार्य का नाम :–

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (राशि लाख में) | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की तिथि | आईडेन्टीफिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सगमा | ग्राम–सगमा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण। | 142.755 | 10000.00 | 285600.00 | 12 माह | ZP/GARHWA/03/2024-25/GR-01 |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–14.08.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि :– 14.08.2024 से दिनांक–20.08.2024
3. नविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 22.08.2024 को अपराह्न 3:00 बजे
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या– मो0 नं0–8002373581
6. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा।
7. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदादाता को UCAN Registration की छाया प्रति अपलोड करना अनिवार्य है।
10. भवन प्रमण्डल एवं जिला परिषद से निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई0 भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए Website :- www.Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, गढ़वा।

PR.NO.332569 District(24-25):D

## झारखण्ड सरकार
## जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, गढ़वा

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा सं0– ZP/GARHWA/02/2024-25 (2nd Call)**

1. कार्य का नाम :–

**राज्य योजना मद**

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (राशि लाख में) | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की तिथि | आईडेन्टीफिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | गढ़वा | पंचायत भवन, अचला का अवशेष कार्य (जिर्णोद्धार) का निर्माण। | 12.39900 | 2500.00 | 24798.00 | 4 माह | ZP/GARHWA/02/2024-25/GR-01 |

1 वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–14.08.2024
2 ई–निविदा प्राप्ति की तिथि :– 14.08.2024 से दिनांक–20.08.2024
3 निविदा खोलने की तिथि एवं समय–22.08.2024 को अपराह्न 3:00 बजे
4 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा।
5 ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या– मो0 नं0–8002373581
6 ई–निविदा खोलने का स्थान :–कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा।
7 परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8 निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9 निविदादाता को UCAN Registration की छाया प्रति अपलोड करना अनिवार्य है।
10 भवन प्रमण्डल एवं जिला परिषद से निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं।
11 निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई0 भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए Website :- www.Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, गढ़वा

PR 332564 District (24-25)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – **EE/RDSD/PALAMAU-07/2024-25**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पलामू जिला के प्रखण्ड रामगढ़ अन्तर्गत पंचायत–बेड़मा, ग्राम–चौपरिया में लमती के पास गुरदह नदी पर पुल निर्माण। | 34732200.00 | 695000.00 | 10000.00 | 18 माह। |
| 2 | पलामू जिला के प्रखण्ड उंटारी के मुरमाखूर्द टिटही घाट के बांकी नदी पर पुल निर्माण। | 45210800.00 | 905000.00 | 10000.00 | 18 माह। |
| 3 | पलामू जिला के प्रखण्ड पाण्डु के ग्राम कुटमू फुलिया में कुटमू बरवाही फुलिया घाट पर बांकी नदी पर पुल निर्माण। | 43243200.00 | 865000.00 | 10000.00 | 18 माह। |
| 4 | पलामू जिला के प्रखण्ड नीलाम्बर– पीताम्बरपुर अन्तर्गत पंचायत–पूर्णाडीह, ग्राम–मुन्दरिया में करमाही से चिरैयाटांड़ जाने के पथ में मलय नदी पर पुल निर्माण। | 45345600.00 | 907000.00 | 10000.00 | 18 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 16.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 16.08.2024 से दिनांक 27.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 29.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,पलामू

PR 332471 Rural Development(24-25).D

## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा।
**(जिला योजना)**

**ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)**
(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)
**(Very Short term Tender Notice)**

Niti Aayog Award Money अन्तर्गत लोहरदगा जिला में ऑयस्टर मशरूम उत्पादन केन्द्र की स्थापना हेतु उपकरण एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों के आपूर्ति, अधिष्ठापन, प्रशिक्षण, कच्चे माल की उपलब्धता, प्रसंस्करण एवं एक वर्ष तक विपणन लिंकेज, संचालन और रख–रखाव हेतु Turnkey Basis पर इस क्षेत्र के अनुभवी निबंधित एवं इच्छुक गैर सरकारी संगठनों/अर्द्ध सरकारी संगठनों/कम्पनी/संस्थानों/फर्म/उत्पादक एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि आदि से दिनांक **20.08.2024** के **11:30** बजे पूर्वाह्न तक ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) तीसरी बार आमन्त्रित की जाती है।

"ईच्छा की अभिव्यक्ति तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड की अलग–अलग सीलबंद लिफाफे को एक बड़े सीलबंद लिफाफे में समर्पित किया जायेगा। ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) समर्पित करने संबंधी विस्तृत शर्त एवं दिशा निर्देश लोहरदगा जिला के वेबसाईट **www.lohardaga.nic.in** पर देखा जा सकता है। सीलबंद Expression of Interest के तकनीकी बीड़ को प्रस्तावकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक **20.08.2024** के **12:30** बजे (अपराह्न) जिला क्रय एवं मूल्यांकन समिति द्वारा खोला जायेगा, तत्पश्चात केवल तकनीकी बीड़ के सफल प्रस्तावकों का वितीय बीड़ खोला जायेगा। इसके पश्चात् प्रस्ताव का Power Point Presentation प्रस्तावकों द्वारा क्रय एवं मूल्यांकन समिति के समक्ष प्रदर्शित किया जायेगा। Expression of Interest या परियोजना संबंधी किसी प्रकार के संशय (Confusion) निराकरण हेतु मोबाईल नम्बर 9608135911/9650845021 पर किसी भी कार्यालय दिवस के कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त, लोहरदगा।

PR 332478 Lohardaga(24-25)D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
## BUILDING DIVISION LATEHAR

**Notice Inviting Very Short E-Quotation No-02/2024-25**

Sealed Quotation inviting for the work **Proposed Area Development of Ugra Tara Mandir, Chandwa, Latehar** for all Materials from Reputed Shopkeepers/ Manufacturers/ Suppliers / Retailers/Distributors and Registered BCD Contractors for following items. They should quote their rate for unit mentioned in the table, if they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms & Conditions:-**

1. The Quotationer shall furnish PAN , GST, Registration Number
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reseves to the right to accept or reject/cancel any or all quotation without assigning any reason thereof.

**Note :-**

1. **Date of Publication of E-Quotation in Website : 13.08.2024 At 11:00 AM**
2. **Last Date of Upload of E-Quotation in Website : 17.08.2024 At 11:00 AM**
3. **Last Date / Time of Submission of E-Quotation : 20.08.2024 At 3:00 PM**
4. **Date/Time of Opening of E- Quotation : 21.08.2024 At 3:30 PM**
5. **Name & Address of Office Inviting E- Quotation : Office Of The Executive Engineer, Building Construction Department Building Division Latehar**
6. **Helpline No : 9835316593, 903256611**
7. **कोटेशनदाता को UCAN Registraction की फोटोकॉपी अपलोड करना अनिवार्य है।**

नोट : जो कोटेशनदाता कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार को कार्यालय में हार्ड कॉपी जमा करेंगे उन्ही का रेट खोला जायेगा।

For any information/ detailed specification of the work can be seen in the office of the undersigned on any working day between 10.00 A.M. to 5.00 P.M.

**Please see Terms & Condition on Notice Board or** www.jharkhand.gov.in

**Executive Engineer,**
**Building Division Latehar .**

PR 332475 (Building) 24-25 (D)

## कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, गढ़वा
**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय झारखण्ड, रॉची द्वारा एल0पी0ए0 संख्या 203/2022 एवं अन्य संबंध तथा सदृश्य वादों में पारित न्यायादेशों के अनुपालन हेतु स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखण्ड, रॉची की अधिसूचना/ संकल्प संख्या–283 दिनांक 28.02.2024 के आलोक में झारखण्ड प्रारंभिक शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2012 (यथा संशोधित) के आधार पर जिला द्वारा विज्ञप्ति संख्या 04/2015–16 (1 से 5) एवं विज्ञापन संख्या 03/2015–16 (6 से 8) द्वारा विज्ञापित पद के विरूद्व दिनांक 03.06.2019 तक की अंतिम काउंसिलिंग के अंतर्गत सहायक शिक्षकों की नियुक्तियों के पश्चात् शेष बचे रिक्त पदों पर एकबारगी अंतिम अवसर के रूप में काउंसिलींग की प्रकिया संकल्प संख्या 283 दिनांक 28.02.2024 की कंडिका 13 के कम संख्या I-XII में निहित शर्तों के अधीन दिनांक 01.08.2024 को की गई। निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक 1001 दिनांक 06.08.2024 के निदेशानुसार पुनः काउंसिलींग की प्रकिया की निम्नांकित रूप से विस्तारित किया गया है:–

| कमांक | निर्धारित कार्य | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 01 | दिनांक 31.07.2024 को जिले की बेबसाईट पर प्रकाशित कोटिवार रिक्ति एवं विचारण क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थियों की सूची कोटिवार (कट ऑफ, मार्क्स के साथ) पुनः अभ्यर्थियों से दावा/ आपत्ति प्राप्त किए जाने हेतु जिले के बेबसाईट (website) www.garhwa.nic.in पर प्रकाशन की तिथि– | 09.08.2024 |
| 02 | अभ्यर्थियों की सूची पर दावा/ आपत्ति निबंधित डाक के माध्यम से अथवा कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदन के माध्यम से समर्पित करने की अवधि– | 10.08.2024 से 17.08.2024 |
| 03 | दिनांक 01.08.2024 को काउंसिलिंग के भाग लिए अभ्यर्थी जिनका मूल प्रमाण–पत्र/अंक पत्र जिले में समर्पित किया गया के द्वारा आवेदन समर्पित कर मूल प्रमाण–पत्र/ अंक पत्र की मॉग करने की स्थिति में उनको अपना अभ्यर्थित्व/दावेदारी/उपस्थिति समाप्त माने जाने का आवेदन कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा एवं उनका मूल प्रमाण–पत्र/अंकपत्र कार्यालय से प्राप्त करने की अंतिम तिथि– | 20.08.2024 |
| 04 | विचारण क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थियों की सूची का जिले के बेबसाईट (website) www.garhwa.nic.in पर प्रकाशन की तिथि– | 22.08.2024 |
| 05 | दिनांक 22.08.2024 को प्रकाशित विचारण क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थियों की सूची के आलोक में अर्हताधारी अभ्यर्थियों की काउंसिलींग की तिथि– | 25.08.2024 |
| 06 | अंतिम चयन सूची का जिले के बेबसाईट (website) www.garhwa.nic.in पर प्रकाशन की तिथि– | 01.09.2024 |

जिला शिक्षा अधीक्षक,
गढ़वा

PR 332529 Human Resource Developement(24-25).D

## कार्यालय नगर परिषद्, चतरा

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 06/2024–25**

1. कार्यालय का नाम :–नगर परिषद्, चतरा।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम :–कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, चतरा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :–20.08.2024 को कार्यालय अवधि तक।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–21.08.2024 को 3:00 बजे अपराहन् तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–21.08.2024 को 3:30 बजे अपराहन्।
6. निविदा खोलने का स्थान :–कार्यालय नगर परिषद्, चतरा।
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि भी घट–बढ़ सकती है।

| क्र0 | योजना का नाम | वार्ड नं0 | परिमाण विपत्र की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Construction of PCC Road form Chandan Singh house to Butta Ravidas house via Soni Kumari house in ward no.-04 under Nagar Parishad, Chatra | 04 | 5,20,000.00 | 5,000.00 | 10,500.00 | 60 दिन |
| 02 | Construction of RCC drain from Keshari Palak Store to Ramesh Jaiswal Shop (Laklakwa nath Mandir) in ward no.-08 under Nagar Parishad, Chatra | 08 | 4,10,000.00 | 1,000.00 | 8,500.00 | 60 दिन |
| 03 | Construction of RCC drain from Bijli Office boundary to Anand Motor (Culver) via Manniya Sansad Sri Kalicharan singh's house in ward no.-09 under Nagar Parishad, Chatra | 09 | 9,50,000.00 | 5,000.00 | 19,000.00 | 60 दिन |

नोट:– नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा

PR 332485 (Urban Development)24-25*D

संपादकीय

# वक्फ विधेयक विवाद और संशोधन

वक्फ विधेयक केंद्र सरकार की ओर से संसद में रखा गया है जिसपर विपक्ष की आपत्ति है कि ये मुसलमान विरोधी है जबकि सत्ता पक्ष के लोगों का कहना है कि इसे संविधान से ऊपर की शक्तियां दी गईं हैं और इसका दुरुपयोग हो रहा है। मुगल बादशाह शाहजहां की बहू के मकबरे समेत तीन ऐतिहासिक इमारतों पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने तल्ख टिप्पणी की है। एमपी हाईकोर्ट के जस्टिस जीएस अहलूवालिया ने वक्फ बोर्ड की मनमानियों को देखते हुए यह तल्ख टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा- जिस तरह से देश की प्राचीन संपत्तियों को वक्फ बोर्ड अपने अधीन कर रहा है। उसको देखते हुए ताजमहल और लाल किले को भी वक्फ बोर्ड की संपत्ति घोषित कर दी जाए। कोर्ट ने बुरहानपुर में स्थित मुगल बादशाह शाहजहां की बहू बीबी साहिब और नादिरशाह के मकबरे को वक्फ बोर्ड की संपत्ति मानने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा कि जो इमारतें देश की धरोहर की श्रेणी में आती हैं, वे केंद्र सरकार के संस्कृति विभाग के अधीन होती हैं। इस टिप्पणी को सुनकर कानून के दुरुपयोग का एहसास हुआ था, किसी भी संपत्ति को धार्मिक संपत्ति घोषित करने का चलन बढ़ गया थी और व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए पुरानी संपत्तियों को वक्फ बोर्ड की संपत्ति घोषित करने की प्रवृत्ति बढ़ गई थी। वक्फ अरबी भाषा के वकूफा से बना शब्द है जिसका अर्थ ठहरना होता है। वक्फ एक ऐसी संपत्ति होती है जो जनकल्याण को समर्पित हो। मुगल एवं सल्तनत काल में वक्फ प्रबंधन प्रकृति में बहुत ही धार्मिक रूप से केंद्रीकृत रहा। भारत में वक्फ का इतिहास दिल्ली सल्तनत की शुरूआत से है। जब सुल्तान मुइजुद्दीन सैम गौर ने जामा के पक्ष में दो गाँव समर्पित किये। मुल्तान की मस्जिद और उसका प्रशासन शेखुल इस्लाम को सौंप दिया गया। दिल्ली के रूप में भारत में सल्तनत और बाद में इस्लामी राजवंशों का विकास हुआ। मुस्लिम काल के दौरान, फि रोज शाह तुगलक शासन (1351 से 1388) में वक्फ को संगठित करने के प्रयास किये गये। फि रोज शाह तुगलक के शासनकाल के दौरान था वक्फनामा (बंदोबस्ती कर्म) बनाने की प्रथा भारत में फली-फूली। इस्लामी स्वर्ण युग के दौरान, वक्फ संस्थाओं ने इस्लामी छात्रवृत्ति और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1954 में केंद्र सरकार ने वक्फ बिल पारित किया था। फिर 1964 में केंद्रीय वक्फ काउंसिल बनी। 1995 में हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में वक्फ बोर्ड के गठन की इजाजत देने के लिए कानून में संशोधन किया गया। 2013 में तत्कालीन यूपीए सरकार ने एक्ट में संशोधन कर वक्फ बोर्ड की शक्तियां और बढ़ा दी। संशोधन बिल में प्रावधान है कि वक्फ बोर्ड के फैसले के खिलाफ अब हाई कोर्ट में अपील की जा सकती है। कहा जा रहा है कि सऊदी अरब सहित किसी भी इस्लामिक देशों में इस तरह की संस्था को इतनी असीमित शक्तियां नहीं दी गई है। बीजेपी इन संशोधनों को गरीब मुस्लिमों के हक में बता रही है। वहीं, कुछ महीनों में संयुक्त संसदीय समिति को इन बातों का अध्ययन कर रिपोर्ट देनी है जिससे उसका राजनीतिक इस्तेमाल नहीं हो पाएगा।

> वक्फ अरबी भाषा के वकूफा से बना शब्द है जिसका अर्थ ठहरना होता है। वक्फ एक ऐसी संपत्ति होती है जो जनकल्याण को समर्पित हो। मुगल एवं सल्तनत काल में वक्फ प्रबंधन प्रकृति में बहुत ही धार्मिक रूप से केंद्रीकृत रहा।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार पर चुप क्यों है भारत का विपक्ष?



आज की बात



योगेन्द्र योगी

बांग्लादेश में देश में 1 करोड़ 31 लाख के करीब हिंदू हैं। उनके घरों और दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया। अराजक तत्व हिंदू मंदिरों को भी निशाना बनाने से नहीं चूके। वैसे तो बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले कोई नई बात नहीं है। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे हमलों पर भारत के विपक्षी दलों की खामोशी बताती है कि वोट बैंक की राजनीति किस हद तक हावी है। यदि ऐसे ही हमले भारत या किसी पड़ौसी देश में मुसलमानों पर हुए होते तो विपक्षी दल आसमान सिर पर उठा लेते। इजराइल के हमास आतंकियों के खिलाफ हमले में मारे गए मुसलमानों के मामले में कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी नेताओं के दिए गए बयान इसका प्रमाण हैं। उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड सरकार ने कांवडियों के रास्तें में दुकानदारों से नामों के खुलासो के निर्देश पर विपक्षी दलों ने लोकतंत्र को खतरे में बताया था। विपक्षी दलों का कहना था कि इससे अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों का उल्लंघन होता है। इधर जब मुसलमान बांग्लादेश में हिन्दुओं के घर-मंदिर और व्यवसायिक प्रतिष्ठान जला रहे हैं, तब विपक्षी दलों को खास चिंता नहीं है। लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों की हार के एक प्रमुख वजह यही दोमुंही नीति भी रही है। बांग्लादेश में देश में 1 करोड़ 31 लाख के करीब हिंदू हैं। उनके घरों और दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया। अराजक तत्व हिंदू मंदिरों को भी निशाना बनाने से नहीं चूके। वैसे तो बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले कोई नई बात नहीं है। पहले भी हिंदुओं को यहां निशाना बनाया जाता रहा है। बांग्लादेश में जारी अनिश्चितता और अराजकता के माहौल के बीच वहां के करीब 27 राज्यों में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों को टारगेट किया जा रहा है। मुस्लिम कट्टरपंथियों की भीड़ ने करीब 27 जिलों में हिंदुओं के घरों के साथ ही उनके व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया है। इतना ही नहीं अराजक तत्व उनका कीमती सामान भी लूट ले गए। वहां पर मंदिरों और गुरुद्वारों में तोडफोड़ की जा रही है। शेख हसीना के सत्ता और देश छोड़े के बाद से वहां हालात बदतर हो गए हैं। बांग्लादेश के कट्टरपंथी हिंदुओं की संपत्तियों को चुन-चुन कर नुकसान पहुंचा रहे हैं। मंदिर हो या गुरुद्वारा किसी को भी बख्शा नहीं जा रहा है। बांग्लादेश के पंचगढ़, दिनाजपुर, बोगुरा, रंगपुर, शेरपुर किशोरगंज, सिराजगंज, मुगरा, नरैल, पश्चिम जशोर, पटुआखली, दक्षिण-पश्चिम खुलना, मध्य नरसिंगड़ी, सतखीरा, तंगैल, फेनी चटगांव, उत्तर-पश्चिम लक्खीपुर और हबीगंज जैसी जगहों पर कट्टरपंथिओं का आतंक जारी है। वह यहां रहने वाले हिंदुओं पर न सिर्फ हमले कर रहे हैं बल्कि उनकी संपत्तियों को भी लूट कर ले जा रहे हैं। उग्र भीड़ ने पंचगढ़ जिले में 22, झीनैदाह में 20 घरों और जैसोर में 22 दुकानों को निशाना बनाया। कट्टरपंथियों ने ढाका में हिंदू म्यूजिशियन राहुल आनंद के घर में न सिर्फ लूटपाट की बल्कि वहां आग भी लगा दी। राहुल आनंद, उनकी पत्नी और उनका बेटा वहां से सुरक्षित निकलने में कामयाब रहे, लेकिन हमलावरों ने उसके घर नें जमकर लूटपाट की। भीड़ उनके घर से महंगी चीजें चुरा कर ले गई, जिसमें राहुल का 3,000 से ज्यादा हस्तनिर्मित संगीत वाद्ययंत्रों का बड़ा कलेक्शन भी शामिल था। खुलना डिविजन स्थिति मेहेरपुर में करीब 4 हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया गया है। एक इस्कॉन केंद्र जला दिया गया, जिसमें भगवान जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा देवी की मूर्तियां शामिल हैं। राजधानी ढाका में इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र में भीड़ ने धावा बोल दिया और वहां पर जमकर तोडफोड़ की। इस सांस्कृतिक केंद्र को मार्च 2010 में खोला गया था। यहां पर सांस्कृतिक संगोष्ठियों, कार्यशालाओं के आयोजन के जरिए योग, हिंदी, भारतीय शास्त्रीय गायन जैसे भारतीय नृत्यों के जरिए भारत-बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा दिया जाता है। केंद्र सरकार का कहना है कि भारत हर स्थिति का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि पड़ोसी देश की स्थिति चिंताजनक है। भारत सरकार वहां के मौजूदा तंत्र के साथ संपर्क में है। हिन्दुओं पर इतना अत्याचार होने के बावजूद उनकी मदद के लिए हाथ बढ़ाना तो दूर इंडिया गठबंधन के विपक्षी दलों ने इसकी तीखी आलोचना तक नहीं की। इस आलोचना में भी विपक्षी दलों को मुस्लिम वोट बैंक खतरे में नजर आता है। साफ जाहिर है कटु आलोचना करने का मतलब है कट्टरपंथी मुसलमानों की आलोचना करना। विपक्षी दलों के लिए ऐसा करना आसान नहीं है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा के रूट पर दुकानदारों को अनिवार्य रूप से नेमप्लेट लगाने के फैसले पर विपक्षी दलों ने जमकर हायतौबा मचाई थी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा था कि जैसे दिया बुझने से पहले फडफड़ाता है, ये सांप्रदायिक राजनीति का दिया फडफड़ा रहा है इसलिए ऐसे फैसले ले रहे हैं। कांग्रेस ने कहा कि क्या हिंदुओं का बेचा गया मीट, दाल-चावल बन जाएगा? बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने कहा था कि पश्चिमी उप्र व मुजफ्फरनगर जिला के कांवड़ यात्रा मार्ग में पड़े वाले सभी होटल, ढाबा, ठेला आदि के दुकानदारों को मालिक का पूरा नाम प्रमुखता से प्रदर्शित करने का नया सरकारी आदेश एक गलत परम्परा है, जो सौहार्दपूर्ण वातावरण को बिगाड़ सकता है। मुसलमानों के हर मुद्दे पर संविधान की दुहाई देने वाले एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे घोर अत्याचारों पर लचर बयान देकर इतिश्री कर ली। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

आपकी बात

# खतरे के निशान के ऊपर है गंगा




राकेश अचल

इस समय गंगा खतरे के निशान के ऊपर बह रही है। गंगा सिर्फ एक नदी ही नहीं बल्कि एक संस्कृति है। एक संस्कार है । एक मुहावरा है और एक कहावत भी। मै जिस गंगा की बात कर रहा हूँ ,वो हिमालय की बेटी गंगा भी है धरती पर बहने वाली गंगा से इतर फाइलों में बहने वाली भ्रष्टाचार की गंगा भी है। गंगा जब सीधी बहती है तब शुभ मानी जाती है लेकिन गंगा जब उलटी बहने लगती है तो उसे अशुभ कहा जाता है। आजकल गंगा जमीन पर भी उलटी बह रही है और सरकारी फाइलों में भी। पटना से हमारे दोस्तों ने बताया है की राज्य में दोनों गंगाएं खतरे के निशान से ऊपर बह रहीं हैं। देश में जब-जब भ्रष्टाचार की गंगा उलटी या सीधी बहती है तब-तब हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आ जाती है। अमेरिकी रिसर्च कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने अपनी एक रिपोर्ट में भारत में सिक्योरिटी मार्केट रेगुलटर (नियामक) सेबी की मौजूदा चेयरमैन माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच पर वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया है। पिछले 18 महीने में भारत के कारोबारी और वित्तीय बाजार में कथित वित्तीय अनियमितता को लेकर जारी की गई उसकी ये दूसरी रिपोर्ट है। इससे पहले जनवरी 2023 में इसने भारत के प्रमुख औद्योगिक घराने अदानी समूह पर रिपोर्ट जारी कर हलचल मचा दी थी। मुझे लगता है की हिंडनबर्ग राष्ट्रद्रोही रिसर्च करती है। उसे अपनी रिपोर्ट्स हिडन रखना चाहिए , भाजपा और संघ के एजेंडे की तरह ,लेकिन हिंडनबर्ग है कि मानता ही नहीं। बार-बार रिपोर्ट्स जारी कर देता है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट झूठी है या सच्ची ये हम नहीं जानते,किन्तु सब इस रिपोर्ट की प्रतीक्षा करते है। विपक्ष के लिए हिंडनबर्ग की रिपोर्ट एक हथियार होती है और सत्तापक्ष के लिए एक भयानक वार। रिपोर्ट आने की भनक मिलते ही सरकार ने संसद का सत्र समय से पहले ही लपेट दिया,अन्यथा इस रिपोर्ट को लेकर देश में,संसद में जमकर हंगामा होता। हमारी सरकार किसी भी हंगामा में यकीन नहीं रखती। वैसे भी हमारी बैशाखियों पर टिकी सरकार हंगामा -प्रूफ सरकार है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में जिन बुच दम्पत्ति का जिक्र किया गया है सरकार और सेबी उनके पीछे ढाल बनकर खड़ी हो जाती है। सेबी की नजर में बुच दम्पत्ति और सरकार की नजर में दोनों पूरी तरह पाकीजा हैं। हमारे मध्यप्रदेश में भी किसी जमाने में एक बुच दम्पत्ति हुआ करते थे ।ईमानदारी के मामले में उनका डंका बजता था। डंका तो माधवी और धवल भी बज रहा है ,लेकिन उसकी ध्वनियाँ अलग तरह की हैं उनका नाम ऐ-2 से जोड़ा जा रहा ह। फिलहाल ऐ-1 का नाम इस रपट में नहीं आया है। बुच दम्पत्ति का दुस्साहस देखिये कि सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच ने दो पन्नों का एक बयान जारी कर हिंडनबर्ग के दावों को खारिज कर दिय। बुच दम्पत्ति का कहना है कि रिपोर्ट में जिस फंड का ज़िक्र किया गया है, उसमें 2015 में निवेश किया गया था और ये माधबी के सेबी का सदस्य बनने से दो साल पहले का मामला है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

देश की बात

# मरने से पहले शिवभक्त कांवरिए ने बचाई कइयों की जिंदगी!



डॉ श्रीगोपाल नारसन

हरियाणा से हरिद्वार कांवर लेने के लिए आए 25 वर्षीय सचिन कांवर ले जाते समय अचानक एक वाहन की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाने का प्रयास किया गया परन्तु अस्पतालों में मरीजों की संख्या ज्यादा होने के कारण जिस अस्पताल में भी जाते वही मना हो जाती, यह बात जब उत्तराखंड की राज्यसभा सांसद डॉ कल्पना सैनी तक पहुंची तो उन्होंने दिल्ली में चलते सदन के बीच ही ऋषिकेश एम्स के निदेशक को फोन किया और सचिन नामक कांवरिए को भर्ती करके उसकी जान बचाने का अनुरोध किया। सचिन की हालत बहुत गम्भीर थी,फिर भी तमाम व्यवधानों के बावजूद उसका उपचार कर जान बचाने का भरसक प्रयास किया गया। सांसद कल्पना सैनी भी पूरे समय तक एम्स के चिकित्सकों के संपर्क में रहीं ताकि एक युवा की जिंदगी बचाई जा सके।परन्तु सचिन को ज्यादा चोट लगने के कारण उसका ब्रेन डेड हो चुका था और बचने की सारी उम्मीदे खत्म हो गई थी। जब यह बात उपचार कर रहे चिकित्सकों ने सचिन के पिता सतीश को बताई और उन्हें बेटे की जिंदगी के बदले कई जिंदगियां बचाने के लिए बेटे के महत्वपूर्ण अंगों को दान करने की सलाह दी तो पहले तो वे विचलित हो गए और अपने लाडले के निर्जीव शरीर से अंग न निकालने पर अड़े रहे परन्तु काफी समझाने पर वे यह महादान करने के लिए तैयार हो गए। सचिन के ब्रेन डेड शरीर से किडनी, लीवर व आंखे अन्य मरीजों को प्रत्यारोपित करने के लिए चंडीगढ़ व नई दिल्ली तक विशेष कॉरिडोर बनाया गया, तब जाकर प्रत्यारोपण की प्रक्रिया पूरी हुई। सचिन अब स्वयं की जिंदगी के बजाए दूसरों को किए अंगदान से कई जिंदगियो के रूप में अमर हो गया है। सचिन के पिता सतीश ने समय पर मदद करने के लिए राज्यसभा सदस्य डॉ कल्पना सैनी को भावपूर्ण कर्तयज्ञता संदेश भेजा है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

फेसबुक वॉल से

**Pawan Toon**
5 Aug ·




231 · 13 comments 14 shares
Like · Comment · Send · Share

X से

**SHIVANI VERMA** @ShivaniV2901 · 1d
मुंबई एयरपोर्ट पर 2 समोसे, 1 चाय और एक पानी की बोतल की कीमत मुझे 490 रुपये पड़ी।

मुंबई से कोलकाता के लिए फ्लाइट टिकट- 9230 रुपये।

कैब ड्राइवरों ने 1500 रुपये लिए।

घर पहुंचने के लिए कुल 11220 रुपये (एक बार)।

प्रति माह वेतन 17000 है।

और मैं 100 करोड़ की आबादी में उन हिंदुओं Show more




6.1K · 2.5K · 8.3K · 872K



बोधि वृक्ष

**आपकी चेतना की लहर के पीछे ईश्वर की उपस्थिति का सागर है, आपको अपने भीतर देखना चाहिए। ईश्वर ही हमारे सभी आनंदों और प्रकृति में सभी अभिव्यक्तियों के स्रोत हैं।**

# हमारी अनंत क्षमताएं



श्री श्री परमहंस योगानंद

जब यह जानते हुए कि आप शरीर या मन नहीं हैं, आप इस संसार की चेतना से परे चले जाते हैं और फिर भी अपने अस्तित्व का बोध पहले से कहीं अधिक रखते हैं- यह वही दिव्य चेतना है जो आप हैं। आप वह हैं जिसका आधार पाकर विश्व की प्रत्येक वस्तु टिकी है। आप सभी देवता हैं, यदि आप केवल इसे जानते। आपकी चेतना की लहर के पीछे ईश्वर की उपस्थिति का सागर है। आपको अपने भीतर देखना चाहिए। दुर्बलताओं से युक्त भौतिक शरीर की आधुनिक भौतिक विज्ञानियों द्वारा पदार्थ और ऊर्जा की समानता को सिद्ध करने से शताब्दियों पहले ही, भारतीय ऋषियों ने उद्घोषणा कर दी थी कि प्रत्येक भौतिक पदार्थ के रूप को ऊर्जा के मौलिक रूपों में रूपान्तरित किया जा सकता है। छोटी सी लहर पर एकाग्र न हों; उसके भीतर देखें। जब आप अपनी चेतना को भौतिक शरीर एवं इसके अनुभवों से ऊपर उठा लेते हैं, तो आप अपनी चेतना का वह क्षेत्र महान उल्लास एवं आनन्द से परिपूर्ण पाएंगे जो तारों को प्रकाशित करता है और हवाओं तथा तूफानों को शक्ति प्रदान करता है। ईश्वर ही हमारे सभी आनंदों और प्रकृति में सभी अभिव्यक्तियों के स्रोत हैं। अज्ञानता के अन्धकार से स्वयं को जगाएँ। आपने माया की निद्रा में अपनी आँखें मूँद रखी हैं। जागें! अपनी आँखें खोलें और आप ईश्वर की महिमा के दर्शन करेंगे- ईश्वर के प्रकाश का विशाल दृश्य, जो सभी वस्तुओं पर छाया हुआ है। मैं आपको दिव्य यथार्थवादी बनने को कह रहा हूँ, और आप ईश्वर में सभी प्रश्नों के उत्तर पा लेंगे।

स्वास्थ्य की बात

# अंगदान : बीमार या मरते को नई मुस्कान



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

विश्व अंगदान दिवस प्रतिवर्ष 13 अगस्त को मनाया जाता है। किसी व्यक्ति के जीवन में अंगदान के महत्व को समझने के साथ ही अंगदान करने के लिये आम इंसान को प्रोत्साहित करने के लिये सरकारी संगठनों, सार्वजनिक संस्थानों और दूसरे व्यवसायों से संबंधित लोगों द्वारा हर वर्ष यह दिवस मनाया जाता है ताकि अंगदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके और लोगों को अंगदान से जुड़ी गलतफहमियों से अवगत कराया जा सके। इस दिवस का एकमात्र उद्देश्य मुख्य रूप से लोगों को मृत्यु के बाद अंगदान के महत्व के बारे में प्रोत्साहित करना और शिक्षित करना है ताकि अधिक से अधिक लोगों की जान बचाई जा सके, जरूरतमंदों की जीवन मुस्कान लौटायी जा सके। गुर्दे, हृदय, अग्न्याशय, आंखें और फेफड़े जैसे अंग दान से पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों की जान बचाई जा सकती है। इंसान की सम्पत्ति का कोई मतलब नहीं अगर उसे बांटा और उपयोग में नहीं लाया जाए, चाहे वे शरीर के अंग ही क्यों न हो। इस दृष्टि से अंगदान एक महान दान है, जो हमें स्वर्ग-पथ की ओर अग्रसर करता है। ऐसा दानदाता समाज, सृष्टि एवं परमेश्वर के प्रति अपना कर्त्तव्य पालन करता है। अंग दान-दाता कोई भी हो सकता है, जिसका अंग किसी अत्यधिक जरुरतमंद मरीज को दिया जा सकता है। किसी के द्वारा दिये गये अंग से किसी को नया जीवन मिल सकता है, उसकी जिन्दगी में बहार आ जाती है। वर्ष 2024 की इस दिवस की थीम है आज किसी की मुस्कान का कारण बनें! 'अंगदान दिवस' पूरे विश्व एवं भारत में मनाये जाने वाले महत्त्वपूर्ण दिवसों में से एक है। कोई भी व्यक्ति चाहे, वह किसी भी उम्र, जाति, धर्म और समुदाय का हों, वह अंगदान कर सकता है। भारत महर्षि दधीचि जैसे ऋषियों का देश है, जिन्होंने एक कबूतर के प्राणों व असुरों से जन सामान्य की रक्षा के लिये अपना देहदान कर दिया था। परंतु समय के साथ भारत में अंगदान की प्रवृत्ति में गिरावट देखी गई। निश्चित तौर पर अंगदान करके किसी अन्य व्यक्ति की जिंदगी में नई उम्मीदों का सवेरा लाया जा सकता है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

चिंतन-मनन

# शिक्षा को औपनिवेशिक सोच से मुक्त करना जरूरी है



गिरीश्वर मिश्र

औपनिवेशिक भारत में प्रमुख शिक्षा संस्थान भारतीयों को 'विदेशी' बनने या स्वीकार्य पश्चिमी मापदंडों के आधार पर अपनी सभ्यता का परीक्षण करने के लिए प्रशिक्षित करने का कार्य करते रहे। दूसरे शब्दों में भारतीयों को यूरोपीय लोगों की तरह सोचने और बनने के लिए ढाला गया। आवरण में छद्म रूप में स्वयं को प्रोत्साहित करने का यह प्रभावी उपाय अंग्रेजों की कामयाब तजबीज थी। फिर भारतीय लोग दूसरों द्वारा पेश किए गए अमूर्त और सैद्धांतिक औजारों के साथ खुद को समायोजित करते रहे और आज भी कर रहे हैं । ऐसे में वे मनुष्य के रूप में स्वायत्त या स्वाधीन जीवन कभी नहीं जी सकते। पश्चिमी दर्शन में ढले ऐसे भारतीय यह तर्क भी देते हैं कि वह एक सार्वभौमिक वैचारिक ढांचा है और इसके फलस्वरूप अधिकांशतः यूरो अमेरिकी ज्ञान मॉडल को अपनाकर उपनिवेशीकरण की प्रवृत्ति को बढ़ाने का ही काम जारी कर रहे हैं। यूरोप समर्थित शैक्षणिक परंपरा पूरी दुनिया में दूसरों को भरसक हाशिये पर धकेलती रही है। स्वतंत्रता मिलने के साथ उपनिवेशवाद से मुक्ति के प्रयास शुरू हो गए परंतु यह बात कि औपनिवेशिक साम्राज्यवादियों से विरासत में मिली ज्ञान-प्रणालियों की जांच भी करनी चाहिए थी और उन्हें दी गयी महात्मा गांधी की चुनौती भी बिसरती गई और यह कार्य उपेक्षित ही रह गया। समसामयिक स्थिति यह है कि अनेक भारतीय संस्थानों के पाठ्यक्रम भारतीय परिप्रेक्ष्य की वास्तविकताओं या इसकी समस्याओं को भी पूरी तरह से प्रतिबिंबित नहीं करते हैं। यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों में रह कर भारतीय शोधकर्ता भारतीय दर्शन और मूल्यों की सामग्रियों और गुणों से खुद को दूर कर लेते हैं। ऐसा तब है जब ज्ञान-सृजन की आधुनिक (औपनिवेशिक!) पद्धति से बहुत पहले भारत ज्ञान-मीमांसा की दृष्टि से गंभीर चिंतन का गढ़ था। आजादी के सात दशकों के बावजूद हम उधर ध्यान न दे सके। वि-उपनिवेशीकरण का आधार भारतीय होना चाहिए इस तथ्य को पहचान कर भारत में समकालीन उच्च संस्थानों और उनके उत्पादों, अनुसंधान प्रयासों और स्नातकों के लिए पाठ्यक्रम तैयार करना चाहिए। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# आज का राशिफल

**मेष :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**वृष :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मातृपक्ष के लोगो का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**कर्क :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरुआत हो सकती है।

**सिंह :** खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें।

**कन्या :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**तुला :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**वृश्चिक :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**धनु :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**मकर :** धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**कुंभ :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है।

**मीन :** आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

# सीएम नीतीश ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये देने का किया ऐलान



**एजेंसी। जहानाबाद**

बिहार के जहानाबाद जिल में स्थित बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में भगदड़ मच गई। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और 15 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। इस बीच, बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने घटना पर दुख जताया है और मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने का ऐलान किया है। सीएम नीतीश कुमार ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये देने की घोषणा की है। रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय दुकानदारों और श्रद्धालुओं के बीच हुए विवाद के कारण भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हुई। जहानाबाद जिला प्रशासन का भी मानना है कि प्रांगण के आस-पास से सूचना मिली है कि कुछ युवा श्रद्धालुओं और स्थानीय दुकानदारों के बीच विवाद के कारण भगदड़ जैसी स्थिति बनी। श्रावणी मेले में पिछले सोमवार की तुलना में 12 अगस्त (सोमवार) को जिला प्रशासन ने अधिक संख्या में सिविल मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की तैनाती की थी। भगदड़ के दौरान मंदिर प्रांगण और मार्ग के संकीर्ण होने के कारण सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई। इस घटना में 16 लोग घायल हुए हैं।

## श्रद्धालुओं के समूह को कार ने मारी टक्कर छह की मौत

**बागडोगरा।** देवघर में भगवान शिव पर जल चढ़ा कर लौट रहे 6 कांवड़ियों की सड़क हादसे में मौत हो गई। पैदल चल रहे श्रद्धालुओं को एक कार ने टक्कर मार दी। हादसा पश्चिम बंगाल के बागडोगरा में हुआ। श्रावण माह के सोमवार को बाबाधाम से भगवान शिव पर जल चढ़ाकर कार सवार सिक्किम की ओर जा रहे थे। कांवड़िए बागडोगरा रिजर्व फॉरेस्ट स्थित जंगली बाबा मंदिर की ओर से जा रहे थे। सभी फांसीदेवा के दानागंज इलाके के रहने वाले थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बाबाधाम से आ रही कार अनियंत्रित हो गई और नेशनल हाईवे 31 पर चल रहे 6 लोगों को रौंदती हुई पलट गई। कार के परखच्चे उड़ गए। वाहन सवार सभी लोग घायल हो गए, जिन्हें मशक्कत के साथ निकाल कर तत्काल उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही बागडोगरा पुलिस, ट्रैफिक गार्ड कर्मी, और अग्निशमन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। घायलों को गाड़ी से निकाला और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। सूचना मिलते ही दानागंज इलाके के निवासी और मृतकों के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए और चीख पुकार मच गई। हादसा बागडोगरा के पास मुनि चाय बागान के निकट हुआ। प्रत्यक्षदर्शी ने इसे आमने सामने की टक्कर बताई। उसके मुताबिक, "कार बड़ी ही तेजी से जा रही थी और कांवड़ियों का एक जत्था दूसरी तरफ से आ रहा था। लोगों के पास पहुंचते ही कार अनियंत्रित होकर लोगों को टक्कर मारते हुए नीचे जा गिरी।" फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और घटनास्थल पर तैनात है।

## यूपी में पहली बार खेतों से सिल्ट हटाने के लिए दिए गए मुआवजे

**एजेंसी। लखनऊ**

यूपी के बाढ़ प्रभावित इलाकों के किसानों को बड़ी राहत मिली है। प्रदेश सरकार ने पहली बार बाढ़ की वजह से खेतों में जमी सिल्ट को हटाने के लिए किसानों को सहायता धनराशि दी है।

सीएम योगी आदित्यनाथ की इस पहल का किसानों ने स्वागत करते हुए खुशी जाहिर की। बाढ़ प्रभावित लखीमपुर खीरी के 311 किसानों को सिल्ट हटाने के लिए 32 लाख से अधिक का मुजावआ भी दिया जा चुका है। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि उत्तर प्रदेश आपदा की दृष्टि से काफी संवेदनशील है। यही वजह है कि योगी सरकार ने पिछले साढ़े सात वर्षों में कई प्राकृतिक घटनाओं को आपदा में शामिल किया है। इसी के तहत उत्तर प्रदेश में पहली बार बाढ़ से खेतों में जमी सिल्ट को हटाने के लिए किसानों को मुआवजा दिया गया। आपदा गाइडलाइन के अनुसार बाढ़ से जिन किसानों के खेतों में रेत या गाद निक्षेप की मोटाई तीन सेंटीमीटर से अधिक होती है, उन्हें मुआवजा दिया जाता है। उक्त किसानों को 18 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर तथा न्यूनतम 2,200 रुपए प्रति किसान की दर से मुआजवा दिया जाता है।

## बाबाधाम जा रहे एक कांवरिया की करंट लगने से मौत

**किशनगंज।** देवघर जा रहे जिले के एक कांवरिया की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान जिले के बहादुरगंज निवासी 25 वर्षीय भक्त राज के रूप में की गई है। वह अपनी मां रीना देवी के साथ बाबाधाम जा रहा था। घटना के वक्त वो अपने कांवड़ को बस के ऊपर रख रहा था इसी दौरान बस के ऊपर से गुजर रहे हाई वोल्टेज तार के संपर्क में आ गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बनगामा गांव से करीब 62 कांवरियों का जत्था बस से सुल्तानगंज पहुंचा। उसके बाद खाली बस को कच्ची कांवरिया पथ के शाहकुंड मोड के समीप खड़ा किया गया था। सुलतानगंज में गंगा से जल भर कुछ कांवरिया पैदल बाबाधाम की ओर निकल पड़े, जबकि कुछ कांवरिया बस पर चढ़ने के लिए जब शाहकुंड के समीप पहुंचे तो मृतक बस के ऊपर कांवड़ रखने के लिए चढ़ा। इसी दौरान बस के ऊपर से गुजर रहे हाई वोल्टेज तार की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## हर गांव में जल्द से जल्द शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हो : सीएम योगी

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जल जीवन मिशन से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीएम योगी ने अधिकारियों को जल्द से जल्द प्रदेश के सभी गांवों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पाइप लाइन बिछाने के साथ ही संचालन और रखरखाव को लेकर भी समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। जल जीवन मिशन में हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने के काम में प्लंबर की भूमिका को सबसे अहम बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्लंबरों को समुचित प्रशिक्षण दिया जाए।w

उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन में उपयोग की जा रही सामग्रियों की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। पाइप, नल आदि की क्वालिटी अच्छी से अच्छी हो। टोटी चोरी होने या खराब होने पर तत्काल नई टोटी की व्यवस्था कराई जाए।

### दुष्कर्म के बाद डॉक्टर की हत्या का मामला

# देशभर के चिकित्सकों में रोष, लिखा गृह मंत्री को पत्र

- स्वास्थ्यकर्मियों के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल और विशेषज्ञ समिति के गठन की मांग
- हमने आपातकालीन सेवाओं में डॉक्टरों की संख्या बढ़ा दी है
- हम अपनी हड़ताल तब तक जारी रखेंगे, जब तक कि हमें लिखित आश्वासन नहीं मिल जाता



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कोलकाता में ट्रेनी महिला डॉक्टर की हत्या के खिलाफ देशभर के चिकित्सकों में रोष है। देश भर के कई सरकारी अस्पतालों में रेजिडेंट डॉक्टरर्स हड़ताल पर हैं। इस बीच फेडरेशन ऑफ रेजीडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (फोर्डा) ने केंद्रीय गृहमंत्री को पत्र लिखकर डॉक्टरों की सुरक्षा की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अविरल माथुर ने कहा कि पूरे देश के चिकित्सक आरजी कर मेडिकल कॉलेज के मामले में एकजुट हैं। फोर्डा इंडिया के अध्यक्ष डॉ. अविरल माथुर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि फोर्डा ने गृहमंत्री को लिखे पत्र में पांच मांगें की हैं। इसमें रेजीडेंट डॉक्टरों को सुविधा देने, आरजी कर मेडिकल कॉलेज के जिम्मेदार अधिकारियों का इस्तीफा लेने, डॉक्टरों के साथ पुलिस क्रूरता बंद की जाए, मृतका को त्वरित न्याय दिलाए जाने के साथ जाए स्वास्थ्यकर्मियों के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल और विशेषज्ञ समिति का गठन किया जाना शामिल है। माथुर ने कहा कि रेजिडेंट डॉक्टर कई अस्पताल में हड़ताल पर हैं। हमने आपातकालीन सेवाओं में डॉक्टरों की संख्या बढ़ा दी है। विरोध प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों की मांग है कि सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट को लागू किया जाए। इस मामले की पारदर्शी तरीके से जांच हो और मामाले की जांच सीबीआई को सौंपी जाए। महासचिव डॉ. सर्वेश पांडे ने कहा कि फोर्डा ने स्वास्थ्य सचिव से मुलाकात की। आरजी कर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल को तुरंत हटाया जाना चाहिए, सीबीआई जांच होनी चाहिए। हम अपनी हड़ताल तब तक जारी रखेंगे जब तक कि हमें लिखित आश्वासन नहीं मिल जाता। हड़ताल के दौरान वैकल्पिक सर्जरी में बाधा आएगी और केवल आपातकालीन सेवाएं ही काम करेंगी।

## सपा नेता नवाब सिंह यादव दुष्कर्म के प्रयास में गिरफ्तार



**कन्नौज।** कन्नौज में पूर्व ब्लाक प्रमुख और समाजवादी पार्टी के नेता नवाब सिंह यादव को दुष्कर्म के प्रयास में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बुआ के साथ डिग्री कॉलेज में नौकरी मांगने पहुंची किशोरी के साथ सपा नेता ने दुष्कर्म का प्रयास किया था। पुलिस ने सपा नेता नवाब सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कन्नौज के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि रात को 1:30 बजे 112 में पुलिस को सूचना मिली कि यहां सपा नेता ने नाबालिग के कपड़े उतार दिए और दुष्कर्म का प्रयास किया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। अमित कुमार ने बताया कि 15 वर्षीय किशोरी अपनी बुआ के साथ सपा नेता के कॉलेज में नौकरी मांगने पहुंची थी। तहरीर के आधार पर पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# हिंडनबर्ग की नई रिपोर्ट को भाजपा ने बताया विपक्ष का नियमित रूप से भारत के खिलाफ दुष्प्रचार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हिंडनबर्ग की नई रिपोर्ट ने देश में सियासी पारा बढ़ा दिया है। इस रिपोर्ट में सेबी अध्यक्ष पर सवाल उठाए गए हैं। इसके बाद से विपक्ष लगातार मोदी सरकार को घेर रहा है औ? इसकी जांच की मांग कर रहा है। इस पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पलटवार करते हुए इसे नियमित रूप से भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा (दुष्प्रचार) बताया है। सोमवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद



ने कहा कि भारत के लोगों द्वारा ठुकराए जाने के बाद कांग्रेस पार्टी, उसके सहयोगियों और टूलकिट गिरोह ने मिलकर भारत में आर्थिक अराजकता और अस्थिरता लाने की साजिश रची है।

हिंडनबर्ग रिपोर्ट शनिवार को जारी हुई। इसको लेकर रविवार को हंगामा हुआ तो सोमवार को आर्थिक बाजार अस्थिर है।

भारत शेयरों के मामले में भी एक सुरक्षित, स्थिर और आशाजनक बाजार सुनिश्चित करना सेबी की कानूनी जिम्मेदारी है। जुलाई में सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हुई पूरी जांच पूरी करने के बाद जब सेबी ने हिंडनबर्ग के खिलाफ नोटिस जारी किया तो उन्होंने अपने बचाव में कोई जवाब न देते हुए इस हमले को बेबुनियाद करार दे दिया।

## छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में दो नए अतिरिक्त न्यायाधीशों की हुई नियुक्ति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के दो अतिरिक्त न्यायाधीशों की नियुक्त की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अधिवक्ता बिभू दत्त गुरु और अमितेंद्र किशोर प्रसाद को छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति दी। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने इस नियुक्ति की जानकारी दी और नए न्यायाधीशों को शुभकामनाएं दी। मालूम हो कि, दोनों नए जज का नाम बार कोटे से तय किया गया है।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** एमए इकोनॉमिक्स एक 2 साल की पोस्टग्रैजुएशन डिग्री है जिसमें विद्यार्थी आर्थिक विकास की बारीकियों और उससे जुड़ी सभी शाखाओं का विस्तृत रूप से अध्ययन करता है। इस कोर्स में मॉनेटरी इकोनॉमिक्स, ऐलीमेंट्री स्टेटिस्टिक्स और अंतराष्टीय व्यापार से जुड़े विषयों पर ज्ञान दिया जाता है। कोर्स में आगे बढ़ते हुए आने वाले चरणों में छात्रों को चीज़ो की खपत और उत्पादन के साथ साथ मार्किट सप्लाई से जुड़ी सभी एक्टिविटीज़ के बारे में जानकारी दी जाती है। एक प्रोफेशनल एमए इकोनॉमिक्स डिग्री होल्डर अपने ज्ञान और डिग्री के आधार पर सरकारी और प्राइवेट सेक्टर दोनों में ही भविष्य बना सकता है। बैंकिंग, फाइनेंशियल इंस्टिट्यूशन, लेबर मार्केट्स कुछ टॉप वर्किंग एरियाज़ हैं जहाँ एक एमए इकोनॉमिक्स के छात्र के लिए नौकरी की संभावना बन सकती है।

# इकोनॉमिक्स में बना सकते हैं अपना करियर



### इकोनॉमिक्स क्यों चुनें

- एमए इकोनॉमिक्स में विशेषज्ञताओं की बात करें तो आप अपने पसंद के विषय में मास्टर करने का निर्णय लेकर उसी में बेहतर करियर ऑप्शंस पा सकतें हैं।
- एमए इकोनॉमिक्स करने के लिए आपको किसी विशेष सब्जेक्ट से बारहवीं करने की आवश्यकता न होने के कारण आपको एक सही विकल्प चुनने में बाधा नहीं आती। आप अपनी पसंद से इकोनॉमिक्स में किसी भी कोर्स में विस्तार से रिसर्च और आगे की पढ़ाई क्र सकते है।
- एमए इकोनॉमिक्स के ब्रॉड नेचर के कारण इसकी लोकप्रियता ज़्यादा है। अगर आप अपनी ग्रेजुएशन इकोनॉमिक्स से ही जुड़े किसी भी कोर्स से पूरी कर चुके हैं क्योकि एमए इकोनॉमिक्स में आपका फील्ड चुनने का दायरा बढ़ जाता है जिसमें आप ज्ञान के साथ साथ दो साल की मास्टर डिग्री और भरमार मौकें पा सकतें हैं।
- जॉब प्रोफाइल की बात की जाए तो आप प्रोजेक्ट मैनेजर, पॉलिसी रिसर्चर, स्ट्रेटजी एनालिस्ट, क्रेडिट ऑफिसर रिटेल, स्टॉक ब्रोकर, पॉलिसी एनालिस्ट, लेक्चरर, रिस्क एनालिस्ट जैसे फैले हुए और बहुमुखी प्रोफाइल्स में नौकरी पा सकते हैं।

### एमए इकोनॉमिक्स के लिए स्किल्स

- एनालिटिकल स्किल्स
- क्रिटिकल थिंकिंग स्किल्स
- कम्युनिकेशन स्किल्स
- मैथ्स स्किल्स
- स्ट्रेटेजिक थिंकिंग
- राइटिंग स्किल्स
- टीम वर्क



### टॉप भारतीय यूनिवर्सिटी

- दिल्ली स्कूल ऑफ़ इकोनॉमिक्स
- इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टिट्यूट, दिल्ली
- इंदिरा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ़ डेवलपमेंट रिसर्च, मुंबई
- मद्रास स्कूल ऑफ़ इकोनॉमिक्स
- सेंटर ऑफ़ डेवलपमेंट स्टडीज़, केरेला
- गोखले इंस्टिट्यूट ऑफ़ पॉलिटिक्स एंड इकोनॉमिक्स, पुणे
- हैदराबाद स्कूल ऑफ़ इकोनॉमिक्स
- जामिया मिलिया इस्लामिया, दिल्ली
- स्कूल ऑफ़ सोशल साइंसिस, जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी, दिल्ली
- लेडी श्री राम कॉलेज, दिल्ली
- फर्गसन कॉलेज, पुणे
- मिरांडा हॉउस, दिल्ली
- मद्रास क्रिस्चियन कॉलेज, चेन्नई
- लोयोला कॉलेज, चेन्नई
- संत जोसेफ़ कॉलेज, केलिकट

## एमए इकोनॉमिक्स में डिस्टेंस लर्निंग

अभी के पैंडेमिक को देखा जाए तो कई छात्र डिस्टेंस लर्निंग का विकल्प चुनते है जिसमें घर बैठे ही आपको आपकी डिग्री मिल सकती है। डिस्टेंस लर्निंग के लिए भी हर कॉलेज का अपना एक मापदंड है जिसके आधार पर वे तय करते है की आप एक विशेष कोर्स के लिए अप्लाई कर सकते है या नहीं। एमए ऑफलाइन एडमिशन लेने में और डिस्टेंस लर्निंग से कोर्स करने के एडमिशन प्रोसेस में अंतर देखने को मिलता है जिसमें डिस्टेंस लर्निंग में ख़ास तौर पर मेरिट बेस पर एडमिशन लेने को प्राथमिकता दी जाती है। निम्नलिखित यूनिवर्सिटीज़ आपको 2 साल की एमए इकोनॉमिक्स

- ईग्नू, नई दिल्ली
- केएसओयू, कर्नाटका
- मुंबई यूनिवर्सिटी , महाराष्ट्र
- श्री वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी , तिरुपति

### रोज़गार क्षेत्र

- हैल्थकेयर
- टेलीकम्युनिकेशन
- एनवायर्नमेंटल सेक्टर्स
- गवर्नमेंट ऑर्गनाइज़ेशन
- प्राइवेट कंपनीज़
- बैंकिंग एंड फाइनेंस सेक्टर
- इंश्योरेंस सेक्टर
- रिसर्च इंस्टिट्यूट
- अकादमी



# नमस्ते पेरिस... अब लॉस एंजेलिस में मिलेंगे

एजेंसी

**पेरिस।** 'अउ रेवॉयर' पेरिस 2024 ! 32 खेलों और 329 स्पधार्ओं में 16 दिनों की विश्व स्तरीय प्रतियोगिता के बाद, 33वां ग्रीष्मकालीन ओलंपिक रविवार को समाप्त हो गया। यादगार पलों में अपना योगदान देने के बाद पेरिस ने लॉस एंजेलिस को कमान सौंप दी जो 2028 ओलंपिक की मेजबानी करेगा। समापन समारोह में 270 कलाकारों और परफॉर्मर को देखने के लिए 70,000 से अधिक दर्शक स्टेडियम के अंदर मौजूद थे। खेलों का जश्न मनाने के लिए, पेरिस 2024 खेल समारोहों के कलात्मक निदेशक थॉमस जॉली ने स्टेड डी फ्रांस में आयोजित एक असाधारण शो "रिकॉर्ड्स" को एक साथ रखा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर कोई अंतिम सेकंड तक पार्टी का आनंद ले सके। यह उन एथलीटों का सामूहिक रूप से जश्न मनाने का एक शानदार तरीका था जिन्होंने अपने खेल प्रदर्शन के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्टेड डी फ्रांस एक विशाल कन्सर्ट हॉल में तब्दील हो गया, जिसमें सौ से अधिक कलाकार, कलाबाज, नर्तक और सर्कस कलाकार शामिल थे। आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाक और फ्रांसीसी गणराज्य के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन का जोरदार स्वागत हुआ, जब दोनों ने भीड़ की ओर हाथ हिलाते हुए हाथ मिलाया और एक-दूसरे को गले लगाया। इसके बाद एक ध्वज दल फ्रांसीसी ध्वज को स्टेडियम में ले गया, जहां आर्केस्टर डायवर्टिमेंटो और मैट्रिसे डी फॉन्टेनब्लियू ने विक्टर ले मस्ने द्वारा फ्रांसीसी राष्ट्रगान, ला मार्सिलेज की पुनर्व्यवस्था का प्रदर्शन किया। इसके बाद सभी एथलीट मैदान में उतरे और इस पल को कैद करने के लिए डांस करते और सेल्फी लेते नजर आए।

## हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज की लुभावनी एंट्री!

हॉलीवुड अभिनेता टॉम क्रूज ने स्टेड डी फ्रांस की छत से रैप किया ! उन्होंने एथलीटों का अभिवादन किया, जिन्होंने मंच पर जाते समय उन्हें गले लगाया और चूमा। वह पेरिस में ओलंपिक ध्वज को पेरिस की सड़कों और हॉलीवुड की पहाड़ियों के माध्यम से लॉस एंजेलिस तक ले जाने में मदद करेगा, क्योंकि उसने सिमोन बाइल्स से ध्वज लिया था। और अंत में, शाम को और अधिक मनोरंजक बनाने के लिए स्नूप डॉग गीत। इसके बाद आईओसी प्रमुख ने 2024 खेलों के समापन की घोषणा की और कहा, अब लॉस एंजेलिस में मिलेंगे..।

## बीमारी से परेशान ग्राहम थोर्प ने की थी आत्महत्या

एजेंसी

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर ग्राहम थोर्प की 5 अगस्त को निधन की खबर के बाद, दिवंगत क्रिकेटर के परिवार ने अब खुलासा किया है कि उन्होंने आत्महत्या की थी। उनकी पत्नी अमांडा ने ब्रिटिश समाचार आउटलेट द टाइम्स को बताया, हाल के दिनों में वह बहुत बीमार थे और उन्हें सचमुच लगता था कि उनके बिना हम बेहतर रहेंगे। हम इस बात से बहुत दुखी हैं कि उन्होंने ऐसा किया और अपनी जान ले ली। थोर्प के परिवार में उनकी पत्नी अमांडा और उनकी दो बेटियां किट्टी (22 वर्ष) और एम्मा (19 वर्ष) हैं। थोर्प के शानदार करियर में उन्होंने 100 टेस्ट मैचों में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया। उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 200 रन था, जो उन्होंने 2002 में क्राइस्टचर्च में खेले गए मैच के दौरान न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाया था। वनडे में थोर्प ने 82 मैचों की 77 पारियों में 2380 रन बनाए। क्रिकेट जगत में थोर्प काफी मशहूर थे और उनके प्रशंसक उनका सम्मान करते थे। इसके बाद एक कोच के रूप में उन्होंने खेल के सभी प्रारूपों में कुछ अविश्वसनीय जीत के लिए इंग्लैंड की सर्वश्रेष्ठ पुरुष प्रतिभाओं का मार्गदर्शन किया। उनकी दूसरी शादी से हुई सबसे बड़ी बेटी किट्टी ने कहा, वह पहले जैसे व्यक्ति नहीं रहे थे। मुझे लगता था कि बस ये शरीर ही उनका है और वो कोई और हैं। इसलिए हम इतने खुश हैं कि बीमारी से पहले उनके जीवन के बारे में बहुत कुछ सामने आया। मुझे खुशी है कि हर कोई उन्हें गर्व से याद करता है।



# पीटी उषा ने विनेश की अयोग्यता पर मेडिकल टीम का बचाव किया



एजेंसी

**पेरिस।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा है कि पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के 50 किलोग्राम फाइनल में भारतीय पहलवान विनेश फोगाट को अयोग्य ठहराए जाने के लिए आईओए द्वारा नियुक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनशॉ पारदीवाला को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए और यह पहलवान के कोच और सहयोगी स्टाफ हैं जिन्हें जिम्मेदारी लेनी चाहिए। आईओए ने रविवार को जारी एक बयान में इस बात पर जोर दिया कि कुश्ती, भारोत्तोलन, मुक्केबाजी और जूडो जैसे खेलों में वजन प्रबंधन की जिम्मेदारी पूरी तरह से प्रत्येक एथलीट और उनकी व्यक्तिगत कोचिंग टीम की है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने स्पष्ट किया है कि कुश्ती, भारोत्तोलन, मुक्केबाजी और जूडो जैसे खेलों में एथलीटों के वजन प्रबंधन की जिम्मेदारी प्रत्येक एथलीट और उसके कोच की है, न कि आईओए द्वारा नियुक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनशॉ पारदीवाला और उनकी टीम की।

उषा ने आगे स्पष्ट किया कि आईओए द्वारा नियुक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. दिनशॉ पारदीवाला और उनकी टीम को खेलों से कुछ महीने पहले बोर्ड में लाया गया था। उनकी प्राथमिक भूमिका प्रतियोगिताओं के दौरान और बाद में एथलीटों की रिकवरी और चोट प्रबंधन में सहायता करना थी। इसके अतिरिक्त, आईओए मेडिकल टीम को उन एथलीटों का समर्थन करने के लिए डिजाइन किया गया था जिनके पास पोषण विशेषज्ञों और फिजियोथेरेपिस्टों की अपनी टीम तक पहुंच नहीं थी।

## मनु भाकर और नीरज चोपड़ा के अफेयर की उड़ी अफवाह

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में जबरदस्त प्रदर्शन करने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर और भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा के अफेयर की अफवाहें उड़ रही हैं। मनु ने पेरिस में दो कांस्य पदक जीते जबकि नीरज ने रजत हासिल किया। पेरिस ओलंपिक में कांस्य और रजत पदक जीतने के बाद भारतीय एथलीट मनु भाकर और नीरज चोपड़ा अपने-अपने खेलों में धूम मचा रहे हैं। अब, मनु और नीरज का एक कार्यक्रम में एक दूसरे के साथ बातचीत करते हुए एक वीडियो वायरल हो रहा है। जैसे ही वे बातचीत खत्म करते हैं, भाकर की मां अपनी बेटी से चोपड़ा के साथ एक फोटो खिंचवाने के लिए कहती हैं। एक अन्य वीडियो में भाकर की मां जेवलिन स्टार से बात करती नजर आ रही हैं। भाकर और चोपड़ा की बातचीत के वीडियो ने एथलीटों के एक-दूसरे पर 'क्रश' होने की अटकलें



तेज कर दी हैं। हालाँकि, सोशल मीडिया उपयोगकतार्ओं के एक वर्ग ने उन लोगों की आलोचना की जिन्होंने उनके बीच 'रिश्ते' की अफवाहों को हवा देने का प्रयास किया। दोनों शमार्ते हुए बातें कर रहे हैं, उसकी मां तस्वीरें ले रही हैं; एक यूजर ने कहा, ''हवा में कुछ पक रहा है।'' एक अन्य यूजर ने टिप्पणी की, प्यार हवा में है; शुद्ध अंतर्ज्ञान; फिर भी, ईश्वर इन दोनों और उनके जैसे अन्य सभी लोगों को आशीर्वाद दे, जो अपने जुनूनी क्षेत्रों में उत्कृष्टता की खोज में हैं।

## कांस्य पदक का हुआ फायदा भारत पांचवें स्थान पर पहुंचा

एजेंसी

**लुसाने।** पेरिस ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक जीतने की बदौलत भारत ताजा विश्व हॉकी रैंकिंग में दो स्थान के सुधार के साथ पांचवें नंबर पर पहुंच गया है। पेरिस ओलंपिक के बाद सोमवार को जारी नई विश्व रैंकिंग में भारतीय पुरुष हॉकी टीम 2 स्थान ऊपर चढ़ गई है। भारत, जिसने ओलंपिक अभियान नंबर 7 पर शुरू किया था, रैंकिंग में नवीनतम अपडेट के बाद पांचवें स्थान पर आ गया है क्योंकि उसने पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीता था। भारत ने कांस्य पदक मैच में स्पेन को 2-1 से हराकर लगातार दूसरी बार पोडियम स्थान हासिल किया था। एफआईएच प्रो लीग के समापन के बाद भारत 7वें स्थान पर था क्योंकि उसका अभियान अच्छा नहीं रहा था। हालांकि, भारत ने पेरिस ओलंपिक के दौरान शानदार फॉर्म दिखाया, जहाँ उन्होंने सिर्फ 2 मैच हारे और 5 मैच जीते। इससे उन्हें 2848.67 अंकों के साथ ऑस्ट्रेलिया से ऊपर 5वें स्थान पर पहुंचने में मदद मिली। पेरिस में हॉकी 2024 का समापन 9 अगस्त को नीदरलैंड के लिए ऐतिहासिक दोहरे स्वर्ण के साथ हुआ, क्योंकि किसी देश की पुरुष और महिला टीमों ने पहली बार ओलंपिक के एक ही संस्करण में हॉकी स्वर्ण जीता ! जर्मनी के पुरुषों और चीन की महिलाओं ने अपनी ट्रॉफी कैबिनेट में एक रजत पदक जोड़ा, जबकि भारत के पुरुषों और अर्जेंटीना की महिलाओं ने पेरिस में कांस्य पदक जीतते हुए लगातार पदक जीते।

## जडेजा, अक्षर, गिल समेत अन्य खिलाड़ियों को दिलीप ट्रॉफी में खेलने का निदेर्श: रिपोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले बीसीसीआई ने केएल राहुल, शुभमन गिल, आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, श्रेयस अय्यर और यशस्वी जायसवाल समेत राष्ट्रीय टीम के शीर्ष खिलाड़ियों को पूरी तरह या आंशिक रूप से दिलीप ट्रॉफी में हिस्सा लेने का निर्देश दिया है। घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता देने और सभी खिलाड़ियों को इसमें हिस्सा लेने के लिए बीसीसीआई कई ठोस कदम उठा रही है।



# मोदी 3.0 में सरपट दौड़ रहा शेयर बाजार राहुल गांधी को हुआ 46.50 लाख का मुनाफा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में शेयर बाजार में तेजी देखने को मिल रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार मजबूत होने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी नए रिकॉर्ड बना रहे हैं। इस कारण से आम निवेशकों के साथ-साथ देश के बड़े राजनेताओं को भी जमकर मुनाफा हो रहा है। इसमें विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी शामिल हैं। राहुल गांधी को बीते करीब पांच महीने में शेयर बाजार से 46.49 लाख रुपये का मुनाफा हुआ है। यह मुनाफा उनकी ओर से रायबरेली लोकसभा के लिए भरे गए चुनावी नामांकन में दर्ज शेयरों के आधार पर कैलकुलेट किया गया है, जिसमें बताया गया था कि 15 मार्च, 2024 को उनके पोर्टफोलियो की वैल्यू 4.33 करोड़ रुपये थी। शेयर बाजार में 12 अगस्त, 2024 तक उनके पोर्टफोलियो की कीमत बढ़कर 4.80 करोड़ रुपये हो गई है। राहुल गांधी के पोर्टफोलियो में एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस, दीपक नाइट्रेट, डिवीज लैब्स, जीएमएम फॉडलर, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, आईटीसी, टीसीएस, टाइटन, ट्यूब इन्वेस्टमेंट और एलटीआई माइंडट्री जैसे शेयरों के नाम शामिल हैं।

इसके अलावा वर्टोज एडवरटाइजिंग और विनाइल केमिकल जैसी कई छोटी कंपनियां उनके पोर्टफोलियो में शामिल हैं। बड़ी बात यह है कि उनके पोर्टफोलियो में करीब 24 शेयर हैं, जिसमें से केवल 4 कंपनियों -- एलटीआई माइंडट्री, टाइटन, टीसीएस और नेस्ले इंडिया में ही उन्हें घाटा हो रहा है। बाकी की कंपनियों में राहुल गांधी मुनाफे में हैं। उनके पोर्टफोलियो में मौजूद वर्टोज लिमिटेड में कॉरपोरेट एक्शन देखने को मिला है, जिसके कारण उनके पास इस कंपनी के शेयर की संख्या बढ़कर 5,200 हो गई है, जो कि 15 मार्च, 2024 को 260 थी।



## जुलाई में खुदरा महंगाई 59 महीने के निचले स्तर 3.54 प्रतिशत पर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** महंगाई के मोर्चे पर राहत की बड़ी खबर आई है। ईंधन एवं बिजली की कीमतों में पांच फीसदी से ज्यादा की गिरावट के कारण जुलाई में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति की दर घटकर 3.54 प्रतिशत पर आ गई है जो 59 महीने का निचला स्तर है। खास बात यह है कि खाद्य महंगाई भी बड़ी गिरावट के साथ 5.42 प्रतिशत पर रही जो जून 2023 के बाद सबसे कम है। इसकी प्रमुख वजह सब्जियों के दाम में अपेक्षाकृत कम बढ़ोतरी है। सरकार द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में साल-दर-साल आधार पर दालों एवं उनसे बने उत्पादों के दाम 14.77 प्रतिशत बढ़े। अनाज और उनके उत्पाद एक साल पहले के मुकाबले 8.14 प्रतिशत और सब्जियां 6.83 प्रतिशत महंगी हुईं। अंडों के दाम 6.76 फीसदी बढ़े जबकि मांस और मछलियों की कीमतों में 5.97 प्रतिशत की वृद्धि हुई। महंगाई दर में नरमी का मुख्य कारण सब्जियों की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी में ठहराव रहा। पिछले कई महीनों से सब्जियों की महंगाई दर लगातार काफी ऊंचे स्तर पर रही थी। इसके अलावा ईंधनों की कीमतों में नरमी का असर भी महंगाई दर पर दिखा है। आंकड़ों में बताया गया है कि ईंधन एवं बिजली के दाम जुलाई 2023 की तुलना में जुलाई 2024 में 5.48 प्रतिशत कम हुए। जून 2024 में ओवरऑल खुदरा महंगाई दर 5.08 प्रतिशत और खाद्य महंगाई दर 9.36 फीसदी रही थी। पिछले साल जुलाई में ये क्रमशः 7.44 प्रतिशत और 11.51 प्रतिशत पर थीं।




## इंटरनेशनल ट्रेड शो, यूपी की ब्रांडिंग का बेहतरीन अवसर : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 25 से 29 सितंबर के बीच यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को ट्रेड शो आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने प्रदेश के प्रमुख विभागों को निर्देश दिया है कि वो कार्यक्रम में अपनी उपलब्धियों का प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश की ब्रांडिंग का बेहतरीन अवसर है। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में उत्तर प्रदेश के 'क्राफ्ट, और कल्चर' का पूरी दुनिया साक्षात्कार करेगी। इसका दूसरा संस्करण 'सोर्सिंग का अद्वितीय मंच' थीम पर आधारित होगा। उन्होंने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में बड़े उद्योग, आईटी/आईटीईएस, एमएसएमई, स्टार्ट अप, शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, पर्यटन व संस्कृति, ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा, ओडीओपी जैसे सेक्टरों के उद्यमियों, आंत्रप्रेन्योर, विनिमार्ताओं और निर्यातकों के लिए वैश्विक मंच उपलब्ध कराएगा।

## भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में विदेशी निवेश 165 अरब डॉलर के पार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पिछले एक दशक में भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में विदेशी निवेश करीब 69 प्रतिशत बढ़कर 165.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। यह जानकारी सरकार की ओर से दी गई। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में बीते 10 वित्त वर्षों (2014-24) में विदेशी इक्विटी निवेश 69 प्रतिशत बढ़कर 165.1 अरब डॉलर हो गया है। यह आंकड़ा 2004 से 2014 के बीच 97.7 अरब डॉलर था। राज्यसभा में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के कारण बीते पांच वर्षों (2019-20 से 2023-24) में 383.5 अरब डॉलर का फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (एफडीआई) निवेश भारत आया है। एचएसबीसी के ताजा सर्वे में दी गई जानकारी में कहा गया कि मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों में भारत में जुलाई में लगातार इजाफा हुआ है। इसकी वजह मजबूत घरेलू मांग और नए एक्सपोर्ट ऑर्डर में बढ़ोतरी होना है। एसएंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित एचएसबीसी फाइनल इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) पिछले महीने 58.1 पर रहा था। पीएमआई इंडेक्स में जुलाई 2021 के बाद यह लगातार 50 के ऊपर बना हुआ है, जो दिखाता है कि इस क्षेत्र की गतिविधियों में इजाफा हो रहा है। सरकारी डेटा से मिली जानकारी के मुताबिक, पीएलआई स्कीम के तहत 14 मुख्य सेक्टर में निवेश के 755 प्रस्तावों को अनुमति दी गई है और मार्च तक 1.23 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ है, जिसके कारण करीब 8 लाख रोजगार सृजित हुए हैं। केंद्र सरकार की ओर से 14 सेक्टरों के लिए 1.97 लाख करोड़ रुपये (करीब 26 अरब डॉलर) के बजट से देश में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ाने के लिए पीएलआई स्कीम शुरू की गई है।



## जज उत्तम के दोषियों की क्रिमिनल अपील पर सुनवाई 13 को

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में धनबाद के दिवंगत जज उत्तम आनंद हत्याकांड के दोषियों लखन वर्मा और राहुल वर्मा की क्रिमिनल अपील पर मंगलवार को अंतिम सुनवाई होगी। हाई कोर्ट के जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस प्रदीप श्रीवास्तव की डबल बेंच में सोमवार को दोनों दोषियों की याचिका पर आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सब्यसांची ने बहस की। दरअसल, झारखंड में धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम उत्तम आनंद की हत्या मामले में धनबाद सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने 22 जुलाई ऑटो चालक लखन वर्मा और उसके सहयोगी राहुल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सीबीआई कोर्ट ने दोनों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। सीबीआई कोर्ट के इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है।

### सैल्यूट टू बीएलओ व इलेक्शन क्विज कार्यक्रम किया लॉन्च

# युवाओं को चुनाव के प्रति जागरूक करने का है प्रयास : के रवि कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की आहट के बीच चुनाव आयोग जागरूकता लाने के लिए चुनाव क्विज 2024 का आयोजन करने जा रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा सैल्यूट टू बीएलओ और इलेक्शन क्विज कार्यक्रम लॉन्च किया गया है। क्विज का रजिस्ट्रेशन 16 अगस्त से शुरू होगा जो 26 सितंबर तक चलेगा। 29 सितंबर को ऑनलाइन क्विज परीक्षा होगी, जिसमें कोई भी वोटर भाग ले सकता है। इसके बाद 5 अक्टूबर को सभी जिलों के विजेता प्रतिभागियों की ऑफलाइन क्विज प्रतियोगिता राजधानी रांची में होगी जिसमें विजेता को प्रथम पुरस्कार 50,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 30,000 रुपये और तृतीय पुरस्कार 20,000 रुपये दिए जाएंगे।

इसके अलावा प्रत्येक जिले के विजेता को 10,000 रुपये दिए जाएंगे। इसी कार्यक्रम में लोकसभा के चुनाव की सांख्यिकी रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि झारखंड निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव में बेहतर काम करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया जाएगा। राज्य में 29,562 बीएलओ हैं और चुनाव कराने में इनकी अहम भूमिका होती है। इसके लिए सैल्यूट टू बीएलओ कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि चुनाव में जमीन पर काम करने वाले बीएलओ को सम्मानित करने के पीछे मकसद उनका उत्साहवर्धन करना है। हर विधानसभा क्षेत्र से तीन बीएलओ को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही कहा कि कुछ बीएलओ को राज्यपाल की ओर से सम्मानित किए जाने की योजना है।

महाराष्ट्र सहित देश के चार राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में झारखंड में भी विधानसभा चुनाव इस साल के अंत तक होने की संभावना है। जिसके मद्देनजर चुनाव आयोग प्रारंभिक स्तर की तैयारियों में जुटा हुआ है। विधानसभा चुनाव तैयारी का जायजा लेने भारत निर्वाचन आयोग की टीम के सितंबर के पहले सप्ताह में झारखंड आने की संभावना है।



### क्विज के लिए 16 से होगा रजिस्ट्रेशन

इस अभियान को लेकर झारखंड इलेक्शन कमीशन के सीईओ के रवि कुमार ने जानकारी साझा की है। उन्होंने कहा कि युवाओं को चुनाव के प्रति जागरूक करने के इरादे से इस क्विज का आयोजन किया जा रहा है। इसका रजिस्ट्रेशन 16 अगस्त से 26 सितंबर तक चलेगा। 29 सितंबर को ऑनलाइन क्विज परीक्षा होगी। इसके बाद 5 अक्टूबर को सभी जिलों के विजेता प्रतिभागियों की ऑफलाइन क्विज प्रतियोगिता राजधानी रांची में होगी। इसमें निर्वाचन से संबंधित व्यक्ति को छोड़ कर झारखंड का कोई भी वोटर हिस्सा ले सकता है।

## रांची नगर निगम के नए प्रशासक संदीप सिंह ने संभाला पदभार



**रांची।** रांची नगर निगम के नए प्रशासक संदीप सिंह ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान प्रशासक अमीत कुमार ने उन्हें प्रभार सौंपा और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अपर प्रशासक सौरभ प्रसाद, उप प्रशासक अनवर हुसैन, उप प्रशासक रविन्द्र कुमार, मुख्य अभियंता रमा शंकर राम, सहायक प्रशासक मुकेश कुमार, चंद्रदीप कुमार, निहारिका तिर्की, निकेश कुमार, सूरज प्रकाश सिंह चौधरी, निगम के अभियंतागण एवं अन्य पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।


### कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक................../दिनांक..................

**आम सूचना**

दिनांक 15.08.2024 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मेदिनीनगर नगर निगम के क्षेत्रान्तर्गत सभी मीट, मुर्गा एवं मछली की दुकाने बंद रहेगी। मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत मीट, मुर्गा एवं मछली विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि उक्त तिथि को अपने सभी माँस की दुकानों को बन्द रखेगें। अन्यथा पकड़े जाने पर नगरपालिका अधिनियम 2011 के तहत् कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 332538 District (24-25)_D


## छवि और विष्णु की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई 23 को

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** बरियातू के चेशायर होम रोड स्थिति एक एकड़ जमीन की खरीद-फरोख्त के फर्जीवाड़े मामले में आरोपित रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और व्यवसायी विष्णु अग्रवाल के दाखिल डिस्चार्ज पिटीशन पर पीएमएलए कोर्ट में सोमवार को आंशिक सुनवाई हुई। अदालत ने दोनों आरोपितों की पिटीशन पर अगली सुनवाई की तिथि 23 अगस्त निर्धारित की है।

**इस मामले में ईडी को जवाब दाखिल करनी है :** दोनों ने 19 जुलाई को मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुए डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। मामला आरोप गठन पर है। उल्लेखनीय है कि रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन फजीर्वाड़े में भी आरोपित हैं।

इस मामले में वह चार मई 2023 से जेल में है। चेशायर होम मामले में भी कुछ दिनों बाद उनको रिमांड पर लिया गया। तब से छवि रंजन जेल में हैं। जबकि विष्णु अग्रवाल जमानत पर हैं।

# बांग्लादेशी घुसपैठिए बन गए हैं झामुमो के वोटर : अमर बाउरी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने सोमवार को राज्य सरकार पर फिर बड़ा निशाना साधा। बाउरी ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों पर हेमंत सरकार कार्रवाई करने से डर रही। ये घुसपैठिए झामुमो के वोट बैंक बन चुके हैं। इसलिए राज्य सरकार इनका संरक्षक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि घुसपैठिए आदिवासी दलित समाज के लोगों की संपत्ति पर कब्जा कर रहे। बहन-बेटियों से शादी कर के जमीन पर कब्जा कर रहे। इतना ही नहीं हिंदू आबादी को अपना घर द्वार छोड़कर भागने को मजबूर कर रहे। उन्होंने कहा कि संथाल परगना में तारानगर, गोपीनाथपुर, गाय बथान जैसे गांव में घुसपैठियों का साम्राज्य स्थापित हो चुका है। घुसपैठिए राज्य को दीमक की तरह चाट रहे और राज्य सरकार मौन है। उन्होंने कहा कि एक तरफ उच्च न्यायालय ने घुसपैठियों के संबंध में चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार को कड़े निर्देश दिए हैं। फिर भी हेमंत सरकार इसकी लीपापोती में लगी हुई है। बाहर में राज्य सरकार बांग्लादेशी घुसपैठ से इंकार करती है जबकि कोर्ट ने एफिडेविट कर स्वीकार भी करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही घुसपैठियों को चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी।


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना
अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या – 06/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक – 12.08.2024

1.कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंक में (लाख में) | अक्षर में | |
| 1 | रमकण्डा | RWD/GARHWA/ 16/2024-25 | चोरवा सेमर से उदयपुर पंचायत भवन तक पथ निर्माण कार्य। (6.300 कि0मी0) | 840.519 | आठ करोड़ चालीस लाख एकावन हजार नौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |
| 2 | रंका | RWD/GARHWA/ 17/2024-25 | चुटिया बलीगढ़ पी0एम0जी0एस0वाई0 रोड से पंचायत भवन तक पथ निर्माण कार्य।(3.800 कि0मी0) | 483.377 | चार करोड़ तिरासी लाख सैंतीस हजार सात सौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 20.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 28.08.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 30.08.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR 332571 Rural Development(24-25).D


# हमारा प्यारा तिरंगा त्याग, निष्ठा, और शांति का प्रतीक है : रक्षा राज्य मंत्री

### संजय सेठ लोगों से अपने घरों में तिरंगा लगने की अपील की

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हर घर तिरंगा अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर विगत दो वर्षों से पूरे देश में मनाया जा रहा है। विगत 2 वर्षों में जन-जन का अभियान बन चुका है। पूरे देश भर में 9 अगस्त से 15 अगस्त तक एक उत्सव के रूप में उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा तिरंगा हमारी आन, बान और शान है। तिरंगा को देखकर देश प्रेम जागृत होता है। देश भावना का दिल में ज्वार फूटता है। हमारा तिरंगा त्याग, निष्ठा, और शांति का प्रतीक है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य देश के हर घरों में राष्ट्रीय ध्वज लगे ताकि देश के नागरिकों में राष्ट्रीय एकता और गौरव की अनुभूति हो। क्योंकि इस तिरंगे के खातिर लाखों लोगों ने अपना बलिदान दिया हमारे वीर योद्धाओं ने अपनी जान की बाजी लगाकर इस तिरंगे की आन, बान, और शान, को कायम रखा इसलिए हम सबों का कर्तव्य बनता है कि सभी लोग अपने घरों में व्यावसायिक, स्थलों में अवश्य तिरंगा लगे और लोगों को तिरंगा लगने के लिए प्रेरित करें। आज इसी के निमित्त रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने आवास पर पत्नी संग एवं रांची महानगर के पदाधिकारी के साथ अपने घर पर तिरंगा लगाया।



### सेठ ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को किया सम्मानित

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ ने सोमवार को रांची महानगर की भाजपा की नई टीम एवं 19 मंडलों के नवनियुक्त मंडल के अध्यक्ष को आज अपने आवास पर बुलाकर सम्मानित किया। सभी कर्मयोगी कार्यकताओं को बधाई और शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा भाजपा एक परिवार है और हम सब लोग एक परिवार के रूप में अपनी सेवाएं देते हैं भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है और हम सब एक कार्यकर्ता हैं पार्टी जो जिम्मेवारी देती है हम सब उस जिम्मेवारी का निर्वहन करते हैं इसलिए आज हम विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। इस अवसर पर कांके विधायक समरी लाल, रांची महानगर भाजपा अध्यक्ष वरुण साहू महामंत्री बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, युवा मोर्चा रांची महानगर के अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह सहित रांची महानगर के सभी नवनियुक्त पदाधिकारी एवं 19 मंडल के अध्यक्ष उपस्थित थे। सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

## दो दिवसीय राजभाषा तकनीकी कायार्शाला का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय, रांची स्थित प्रकाश हॉल में दो दिवसीय (12-13 अगस्त, 2024) राजभाषा तकनीकी कार्यशाला आरंभ हुआ। जिसका विषय 'उच्चस्तरीय एमएस ऑफिस व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' था। कायार्शाला का उद्घाटन सीसीएल के निदेशक (कार्मिक)हर्ष नाथ मिश्र ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व मुख्य प्रबंधक, एडवांस माइक्रोसाफ्ट के विशेषज्ञ ओम प्रकाश अग्रवाल थे। अवसर विशेष पर निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि ऑफिस के साथ-साथ दैनिक जीवन में भी कंम्प्यूटर की अनिवार्यता हो गयी है। आज की कार्यशाला इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि तकनीक के साथ राजभाषा को आगे बढ़ाने का दायित्व हम सभी पर है। अतः इस कार्यशाला से भरपूर लाभ लेने का प्रयास करें। सीखने के साथ-साथ अपने सहकर्मियों के साथ भी अर्जित ज्ञान साझा करें, तभी इस कार्यशाला का उद्देश्य पूरा होगा। महाप्रबंधक (अ.स्था/राजभाषा) संजय ठाकुर ने कहा कि हमारे दैनिक कार्यनिष्पादन में एमएस वर्ड, एक्सेल से संबंधित जो भी समस्या आती है वह इस कार्यशाला से निश्चय ही हल हो सकता है। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता ओम प्रकाश अग्रवाल कंम्प्यूटर की नवीनतम तकनीकों विशेषकर एमएस वर्ड के विभिन्न तकनीकी पहलुओं एवं टूल्स से प्रतिभागियों को अवगत कराया। इस कार्यशाला में मुख्यालय एवं विभिन्न क्षेत्रों के कर्मियों ने भाग लिया। कार्यशाला का आयोजन महाप्रबंधक (अधि.स्था/राजभाषा) संजय ठाकुर, दिविक दिवेश, बलिराम सिंह एवं अन्य के सक्रिय सहयोग से किया जा रहा है।



*तकनीक के साथ राजभाषा को भी आगे बढ़ाने का दायित्व हम सभी पर है*


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/08/2024-25,**

दिनांक–10.08.2024

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वी0 की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | लम्बाई (मी0 में) | Group |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के मझिआंव प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम–बोदरा टढ़हे रोड में गोपालपुर धोबनी नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण | 1,86,99,500.00 | 3,74,000.00 | 10000.00 | 15 माह | 28.60 | Gr.-01 |
| 2 | गढ़वा जिला के बरडीहा प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम–लोका में जमुनदाहा (जमुनिया) नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण | 2,19,14,500.00 | 4,38,500.00 | 10000.00 | 15 माह | 34.22 | Gr.-02 |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 14.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–14.08.2024 से दिनांक–21.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–23.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8002373581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्र.सं.–02, गढ़वा

PR 332507 Rural Development(24-25)#D


### नगर विकास मंत्री से चैंबर पदाधिकारियों की वार्ता

# भवन नियमितीकरण योजना को जल्द प्रभावी किए जाने का किया गया आग्रह

- *राज्य में लगभग 8.5 लाख भवन/मकान टूटने से बचेंगे और प्रत्यक्ष रूप से लगभग 50 लाख लोग लाभान्वित होंगे*

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राज्य में वर्षों पूर्व निर्मित भवनों को रेगुलराइज करने के लिए नगर विकास विभाग द्वारा अनाधिकृत निर्माण को नियमितीकरण करने के लिए योजना 2022-23 को जल्द प्रभावी करने की मांग की गयी। इसी को लेकर चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर विकास मंत्री हफीजुल हसन से मुलाकात की। उन्हे बताया गया कि विभाग द्वारा प्रस्तावित इस योजना के जल्द प्रभावी होने से राज्य में लगभग 8.5 लाख भवन/मकान टूटने से बचेंगे और प्रत्यक्ष रूप से लगभग 50 लाख लोग लाभान्वित होंगे। यह भी सुझाव दिया गया कि शहर के बाहर अवस्थित वेयरहाउस और छोटे-छोटे व्यवसायिक प्रतिष्ठान बना लिए गए हैं, उन्हें भी इस योजना के दायरे में लाया जाए, ताकि यह व्यवसायी भी राज्य के विकास में अपना योगदान दे सकें।

मुलाकात के दौरान चैंबर ने रांची मास्टर प्लान 2037 में संशोधन के लिए नागरिकों द्वारा पूर्व में दिए गए सुझावों पर कार्रवाई करने की आवश्यकता बताई। कहा गया कि शहरवासियों ने भूमि उपयोग में सुधार के लिए अपनी आपत्तियां और सुझाव प्रस्तुत की हैं जिनमें यह बताया गया है कि इन संशोधनों के बिना वे अपनी भूमि का प्रभावी ढंग से उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार रांची नगर निगम ने भूमि उपयोग में सुझाये गये सभी बदलावों को नगर विकास विभाग को निर्गत कर दिया है तथा वर्तमान में यह संचिका विभाग में लंबित है।

चैंबर अध्यक्ष ने बाजार टांड स्थित दुकानों के किराया से जुडे विवाद के स्थाई समाधान हेतु कर समाधान योजना लाने का भी आग्रह किया। यह कहा कि निगम द्वारा बाजार टांड में आवंटित दुकानों में अतिरिक्त संरचना निर्माण के कारण किराया, ब्याज और उसपर फाइन की दर जुड़ते-जुड़ते काफी अत्यधिक हो गई है जिस कारण यह मामला जटिल हो चुका है। लाइसेंसधारी के निधनोपरांत या परिवार के सदस्य के अलग होने की स्थिति में दुकान के नाम हस्तांतरण के साथ ही दुकानदारों की अन्य कठिनाईयां भी हैं, जिसकी समीक्षा आवश्यक है। मंत्री हफीजुल हसन ने प्रतिनिधिमंडल के सभी सुझावों पर उचित कार्रवाई का भरोसा दिया। यह भी आश्वस्त किया कि सभी मामलों में 20 तारीख तक विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर, स्थिति की समीक्षा की जायेगी। प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, लैंड रिफॉर्म उप समिति चेयरमेन रमेश साहू, अमित अग्रवाल और नगर निगम किरायेदार संघ के सचिव शंकर झा शामिल थे।

## दुकान में डकैती करने के 4 आरोपित साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची।** अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने सोमवार को बंद दुकान में डकैती करने से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए चार आरोपितों को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया है। अदालत में सुनवाई के दौरान चारों आरोपितों संजीव लोहरा, संजय लोहरा, बलवंत सिंह एवं सुनील लोहरा पर लगे आरोप को अभियोजन पक्ष साबित नहीं कर सका। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र कुमार ने अदालत में पक्ष रखा था। चारों पर अरगोड़ा स्थित पंकज कुमार अम्बष्ट की दुकान में मुंह में मास्क लगाकर 15 जून 2021 पर डकैती कराने का आरोप था। घटना को लेकर अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। घटना के बाद आरोपितों को गिरफ्तार जेल भेज दिया गया था। फैसले के दिन सिर्फ बलराम सिंह जेल में था। शेष तीन आरोपी जमानत पर बाहर था। अधिवक्ता जितेंद्र कुमार ने कहा कि घटना का अंजाम किसने दिया था, इसको कोर्ट में साबित नहीं किया जा सका।


### e-Procurement Cell
### URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT
### NAGAR PARISHAD CHATRA JHARKHAND

**Very Short e-procurement Notice**

**e-Tender Reference No.- UDD/CH/NPC/07/2024-25 Dated-10.08.2024**

| Sl. No. | Particular | Details (15th Finance Untied Grant Scheme) | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Name of Work (Group No.-01) | Construction of 18 no. of solar energy based water plant with basement mounting HDPE, Water Storage Tank having capacity 10000 ltr. HYDT borewell at dry zone area under Nagar Parishad, Chatra. | | | |
| | | Estimate Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
| | | 1,80,00,000/- | 3,60,000/- | 10,000/- | 04 Months |
| 02 | Name of Work (Group No.-02) | Construction of 22 no. (One for each Ward) of solar energy based mini water plant with basement mounting HDPE, Water Storage Tank having capacity 5000 ltr. On existing borewell in every ward under Nagar Parishad, Chatra. | | | |
| | | Estimate Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
| | | 1,10,00,000/- | 2,20,000/- | 10,000/- | 04 Months |
| 03 | Date of Tender Uploading in Website - http://jharkhandtenders.gov.in | 16.08.2024 at 10:00 AM | | | |
| 04 | Bid Submission Start Date & Time | 17.08.2024 at 10:00 AM | | | |
| 05 | Last Date/Time for Receipt of Bid | 24.08.2024 upto 5:00 PM | | | |
| 06 | Date & Address for Opening of Bid. | 27.08.2024 upto 11:00 AM, in the e-Procurement Cell, Nagar Parishad Chatra | | | |
| 07 | Name & Address of Office inviting Tender | Administrator, Nagar Parishad, Chatra (Jharkhand) | | | |
| 08 | Contact No. of Procurement Office | +91- 7717752315, 7004394602 | | | |
| 09 | Helpline No. of e-Procurement Cell | 0651-2480345 | | | |

**Any change can be seen on Website http:// jharkhandtenders.gov.in**
**Any other information can be seen on http://jharkhandtenders.gov.in**
**Note:- 1. According to Secretary, Information Technology & e-Governance Department Order memorandum no.-120, dt.-03.10.2023, the entire process of receiving the tender fee and EMD amount is done through online method.**
2. नवीकरण उर्जा मंत्रालय भारत सरकार (MNRE) द्वारा अनुमोदित सोलर उपकरण के **Distributor or Manufacturer** हीं निविदा में भाग ले सकतें है। इसका प्रमाण पत्र अद्यतन संलग्न करना होगा।

Administrator,
Nagar Parishad Chatra.

PR.NO.332487 Urban Development(24-25):D

**KASHYAP'S DENTAL CLINIC**

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

**Facilities**

❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# मेरे इस्तीफे के पीछे अमेरिका : शेख हसीना

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपने इस्तीफे के पीछे अमेरिका की भूमिका की संभावना होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि अगर उन्होंने बंगाल की खाड़ी में सेंट मार्टिन द्वीप पर संप्रभुता अमेरिका को सौंप दी होती और बंगाल की खाड़ी में उसे बेस बनाने की अनुमति दे देतीं तो वह सत्ता में बनी रह सकती थीं। अब भारत में 76 वर्षीय शेख हसीना में भारत में अपने करीबी सहयोगियों से यह खास बातें साझा की हैं। हसीना के इस दावे के बाद से बंगाल की खाड़ी के उत्तर पूर्वी भाग में केवल तीन किमी वर्ग क्षेत्रफल में फैले इस द्वीप समूह की चर्चा चारों ओर हो रही है। दरअसल, अमेरिका इस द्वीप पर इसलिए क जा चाह रहा है ताकि हिंद महासागर में वह अपना प्रभुत्व स्थापित कर सके। बता दें कि हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की उपस्थिति बढ़ रही है। चीन की बढ़ती उपस्थिति ने अमेरिका में खतरे की घंटी बजा दी है। अमेरिका ने अपनी इंडो-पैसिफिक रणनीति का जवाब दिया है, जिसमें भारत एक प्रमुख रणनीतिक भागीदार है। दोनों देशों ने क्षेत्र में चीन की बढ़ती उपस्थिति के जवाब में चतुर्भुज सुरक्षा संवाद (क्वाड) और मालाबार नौसैनिक अभ्यास जैसे अन्य तंत्र विकसित किए हैं। दरअसल, इस द्वीप की भौगोलिक स्थिति ऐसी है जो इसे रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण बनाती है। यहां से दुनिया में कही भी समुद्र के रास्ते जाया जा सकता है। इतना ही नहीं, इस द्वीप से न सिर्फ बंगाल की खाड़ी बल्कि आस-पास के पूरे इलाके पर नजर रखी जा सकती है। ऐसे में सामरिक रूप से सेंट मार्टिन द्वीप का खासा महत्व है।सेंट मार्टिन द्वीप बांग्लादेश का एकमात्र मूंगा द्वीप है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। इस द्वीप में साफ नीला पानी और मूंगे जैसे विविध समुद्री जीव पाए जाते हैं। वहीं, इस द्वीप को नारिकेल जिंजिरा (नारियल द्वीप) और दारुचिनी द्वीप (दालचीनी द्वीप) के नाम से भी जाना जाता है।



## विवाद का कारण

मार्टिन द्वीप तब चर्चा में आया, जब बांग्लादेश और म्यांमार इस क्षेत्र के आसपास मछली पकड़ने के अधिकार को लेकर भिड़ गए। दोनों देशों ने अपनी समुद्री सीमा के परिसीमन पर द्वीप पर संप्रभु दावों का विरोध किया था। हालांकि, 2012 में इंटरनेशनल ट्रिब्यूनल फॉर द लॉ ऑफ द सी (आईटीएलओएस) ने अपने फैसले में इस द्वीप को बांग्लादेश के क्षेत्रीय समुद्र, महाद्वीपीय शेल्फ और ईईजेड का हिस्सा बताया था। इसके अलावा, 2018 में, बांग्लादेश सरकार ने म्यांमार के अद्यतन मानचित्र का विरोध किया था, जिसमें द्वीप को उसके संप्रभु क्षेत्र के हिस्से के रूप में दिखाया गया था। बाद में म्यांमार ने इसे एक गलती के रूप में स्वीकार किया था।

## शेख हसीना और अमेरिका के रिश्तों में खटास...

शेख हसीना के प्रधानमंत्री रहने के दौरान अमेरिका और बांग्लादेश के बीच संबंधों में तनातनी देखने को मिली थी। अमेरिका ने यहां तक कह दिया था कि बांग्लादेश में जनवरी में हुए चुनाव निष्पक्ष नहीं थे। जनवरी में हुए चुनाव में आवामी लीग सत्ता में लौटी थी। बांग्लादेश छोड़ने से कुछ महीने पहले ही शेख हसीना ने बड़ा दावा किया था। उन्होंने कहा था कि उनकी सरकार गिराने के लिए साजिशें रची जा रही हैं। उन्होंने अमेरिका पर बांग्लादेश और म्यांमार से बाहर एक नया ईसाई देश बनाने की साजिश करने का आरोप लगाया था। इस वर्ष मई के महीने में शेख हसीना ने कहा था, 'अगर मैं किसी खास देश को बांग्लादेश में हवाई अड्डा बनाने की अनुमति देती तो इस तरह की साजिशें नहीं रची जाती।

# नौ साल से भारत में ही था हसीना का सबसे बड़ा विरोधी

### सरकार बदलते ही पहुंचा बांग्लादेश सलाहुद्दीन

बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के पतन बाद उनके विरोधी अमेरिका मैन कहे जाने वाले नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के हाथों में देश की कमान है। ऐसे में शेख हसीना के कार्यकाल में देश छोड़कर भागे मुख्य विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेता अब बांग्लादेश वापस लौट गए हैं। बीएनपी की स्थायी समिति के सदस्य सलाहुद्दीन अहमद भी उनसे से एक हैं जो भारत में नौ साल से ज्यादा समय बिताने के बाद बांग्लादेश वापस लौट गए हैं। द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, बीएनपी के मीडिया सेल के सदस्य शैरूल कबीर खान ने बताया कि पार्टी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। 2015 में, 62 दिनों तक लापता रहने के बाद, पूर्व राज्य मंत्री सलाहुद्दीन 11 मई को पूर्वोत्तर भारतीय राज्य मेघालय की राजधानी शिलांग में थे । उन्हें वैध दस्तावेजों के बिना भारत में प्रवेश करने के लिए गिरफ़्तार किया गया और विदेशी अधिनियम के तहत उन पर आरोप लगाए गए। बाद में शिलांग पुलिस ने मामले में उनके खिलाफ आरोप लगाए। बीएनपी ने आरोप लगाया था कि सलाहुद्दीन को 10 मार्च, 2015 को उत्तरा, ढाका स्थित उसके घर से जासूस बनकर आए लोगों ने अगवा कर लिया था। 26 अक्टूबर, 2018 को शिलांग की एक अदालत ने उसे अवैध प्रवेश से संबंधित आरोपों से बरी कर दिया। इस फैसले को 28 फरवरी, 2023 को उच्च न्यायालय ने बरकरार रखा, जिसने भारत सरकार को उसके बांग्लादेश लौटने की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया ।सलाहुद्दीन अहमद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के राजनेता हैं, जिन्होंने 1996-2006 के दौरान संचार राज्य मंत्री के रूप में काम किया था। वह कॉक्स बाजार-1 निर्वाचन क्षेत्र से संसद सदस्य के रूप में चुने गए थे। वे खालिदा जिया की बीएनपी पार्टी के प्रवक्ता थे।

> **2015** में, 62 दिनों तक लापता रहने के बाद, पूर्व राज्य मंत्री सलाहुद्दीन 11 मई को पूर्वोत्तर भारतीय राज्य मेघालय की राजधानी शिलांग में थे।
>
> **2015** जनवरी में, उन्हें खालिदा जिया द्वारा बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी का प्रवक्ता नियुक्त किया गया था।

# चुपके से भारत आए मुजीब को कर दिया था पाकस्तानी पुलिस के हवाले

1970 के दशक की शुरुआत में पूर्वी पाकिस्तान में स्वतंत्र देश की मांग तेज होने लगी। शेख मुजीबुर्रहमान की अगुवाई में स्वाधीन बांग्ला बिप्लबी परिषद का गठन हुआ। यह एक सशस्त्र आंदोलन था। बिप्लबी परिषद ने अपनी राजनीतिक इकाई का भी गठन किया और इसका नाम रखा बांग्लादेश लिबरेशन फ्रंट। इन्होंने पूर्वी पाकिस्तान को बांग्लादेश के तौर पर एक स्वतंत्र देश बनाने के लिए गुप्त अभियान चलाया। इसी क्रम में 1962 में शेख मुजीबुर्रहमान चुपके से भारत आए। अविनाश पालीवाल ने अपनी किताब 'इंडियाज नीयर ईस्टः ए न्यू हिस्ट्री' में लिखा है कि भारत की गुप्तचर एजेंसी आईबी शुरू से ही बांग्लादेश लिबरेशन फ्रंट के संपर्क में थी। शेख मुजीबुर्रहमान नेहरू का समर्थन पाने अगरतला आए। नेहरू का मानना था कि अगर पूर्वी पाकिस्तान में सशस्त्र विद्रोह का समर्थन किया तो इससे भारत के पाकिस्तान से रिश्ते और खराब हो जाएंगे। इससे निराश 'बंगबंधु' 6 फरवरी 1962 को अगरतला से वापस बांग्लादेश लौटने लगे, तो भारत के सुरक्षा अधिकारियों ने सीमा पर उन्हें पकड़ लिया और पाकिस्तान की बॉर्डर पुलिस के हवाले कर दिया। भारतीय सुरक्षा बलों को यह पता ही नहीं था कि शेख मुजीब भारत किस उद्देश्य से आए थे। पालीवाल लिखते हैं कि जब प्रधानमंत्री नेहरू को इस बात की जानकारी मिली तो वह बहुत नाराज हुए। उनके खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया और कारागार में डाल दिया गया जहां से 5 महीने बाद 18 जून 1962 को शेख मुजीब रिहा हुए।

### शेख हसीना के बेटे की पीएम मोदी, आईएसआई और बांग्लादेश के हिंदुओं पर टिप्पणी

# बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को बताया असंवैधानिक

बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे सजीब वाजिद ने अपनी मां की सरकार के पतन के लिए देश के एक छोटे समूह और आईएसआई की साज़िश को जिम्मेदार ठहराया है और अपनी मां की जान बचाने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया है। उन्होने इस बात का भी खंडन किया है कि पश्चिमी देशों ने शेख़ हसीना का वीजा रद्द कर दिया है या फिर उन्होंने किसी देश में राजनीतिक शरण की मांग की है। सजीब वाजिद ने एक वीडियो इंटरव्यू में कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि देश के एक छोटे से समूह और एक विदेशी ख़ुफ़िया एजेंसी संभवतः आईएसआई ने ये स्थिति पैदा की है। क्योंकि सरकार के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन का कोई कारण नहीं था। सरकार ने आरक्षण को घटाकर काफ़ी कम कर दिया था। उन्होंने कहा कि आरक्षण कोटा बहाल करने का निर्णय हसीना सरकार का नहीं बल्कि का कोर्ट का था। सरकार ने कभी भी पुलिस को हमले का आदेश नहीं दिया था। सरकार ने तुरंत बल प्रयोग करने वाले पुलिस अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया था लेकिन प्रदर्शनकारी उनकी मां की सरकार से इस्तीफ़ा लेने को उतारू थे।

उन्होंने सवाल किया कि प्रदर्शनकारी छात्रों के पास हथियार कहां से आए? वे छात्र नहीं थे बल्कि दंगाइयों की भीड़ थी। वे आतंकवादी थे, जिन्हें एक निर्वाचित सरकार गिराने के लिए उकसाया गया था। मेरी मां ने इस्तीफा





दे दिया क्योंकि वो देश में नरसंहार को रोकना चाहती थीं। ''समर्थकों की ओर से शेख हसीना के सरकार के पतन के लिए पश्चिमी देशों को जिम्मेदार ठहराने से जुड़े सवालों पर सजीब वाजिद ने कहा कि उनके पास इस बात के सुबूत नहीं हैं कि अमेरिका इसमें शामिल था या नहीं। लेकिन हालात पर गौर करें तो पाएंगे कि सरकार के विरुद्ध प्रदर्शनकारियों को भड़काया गया। उन्होंने बताया कि शुरू में प्रदर्शन शांतिपूर्ण थे और पहले दौर के प्रदर्शन के बाद सरकार ने आरक्षण घटा दिया था। सरकार ने हिंसा रोकने के लिए सबकुछ किया। सरकार ने हिंसा का आदेश नहीं दिया था । हिंसा कुछ अनाम समूहों ने फैलाई थी । ये जानबूझ कर किया गया। मुझे पूरा विश्वास है कि हिंसा को पश्चिमी देशों की ओर से हवा दी गई। ''सजीब वाजिद ने अपनी मां शेख हसीना की जान बचाने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'दिल से आभार' व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि वे भारत सरकार की तुरंत कार्रवाई के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से आभारी हैं । तुरंत निर्णय लेने के कारण ही मेरी मां की जान बच सकी । ''भारत को विश्व में अब नेतृत्वकारी भूमिका निभानी चाहिए। वो पड़ोस में किसी विदेशी ताकत को हावी न होने दे । बांग्लादेश भारत का पूर्वी पड़ोसी देश है। इसलिए भारत को सतर्क रहना होगा। उन्होंने कहा कि इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि शेख़ हसीना की सरकार ने देश को आर्थिक तरक्की की बुलंदियों तक पहुंचाया। अतिवादियों को काबू किया और इस महादेश की पूर्वी सरहदों पर स्थिरता कायम की। हमने साबित करके दिखाया कि हम जो सोचते हैं वो कर सकते हैं। लेकिन देश की दूसरी सरकारें नाकाम रहीं। सजीब वाजिद ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को असंवैधानिक करार दिया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के संविधान के अनुसार कोई भी गैर निर्वाचित सरकार सत्ता में नहीं रह सकती। नब्बे दिनों के अंदर चुनाव कराने होंगे इसलिए अंतरिम सरकार की पहली प्राथमिकता चुनाव कराने की होनी चाहिए। बांग्लादेश में नोबेल पुरस्कार प्राप्त अर्थशास्त्री मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनी है। 8 अगस्त को राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने उन्हें और अंतरिम परिषद में शामिल सदस्यों को शपथ दिलाई थी। उन्होंने यूनुस को अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाने पर कहा कि इन लोगों को यहां के एक छोटे समूह, इलिट और पश्चिमी देशों का समर्थन हासिल है। सरकार में सलाहकार के तौर पर काम करने के अनुभव के आधार पर मैं कह सकता हूं कि किसी के ज़रिये पद पर बिठाया जाना एक बात है और सरकार चलाना अलग बात है। बिना राजनीतिक और गवर्नेंस के अनुभव के देश चलाना बहुत कठिन है। मैं देखना चाहता हूं वो कैसे काम करते हैं ? क्या वो सरकार चला भी पाएंगे। ''बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों पर सजीब वाजिद ने कहा, ''इस देश के इतिहास में केवल एक ही सरकार रही है जिसने अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर अपनी विश्वसनीयता कायम की है और इस देश को सुरक्षित रखा है। पिछले 15 साल बांग्लादेश के इतिहास में अल्पसंख्यकों के लिए सबसे सुरक्षित समय था। जो लोग शेख़ हसीना की आलोचना करते हैं वो भी इससे इनकार नहीं कर सकते कि उनके समय में देश में बहुत तेज़ आर्थिक प्रगति की है। मौजूदा इस गैर-निर्वाचित सरकार को बांग्लादेश की लगभग पूरी आबादी का समर्थन प्राप्त नहीं है। उसके पास कोई जनादेश नहीं है क्या ऐसे में वो अल्पसंख्यकों को सुरक्षित रख पाएगी। उन्होंने कहा कि आप देख रहे हैं कि अल्पसंख्यक देश से भागने की कोशिश कर रहे हैं।

# 53 साल पहले हसीना को बचाने वाले अफसर बोले- बांग्लादेश हिंसा के पीछे चीन : अमेरिका

### शेख हसीना पाकिस्तानियों से घिरी थीं, मेजर अकेले बचा लाए

1971 में पाकिस्तान की सेना सरेंडर कर चुकी थी। बांग्लादेश अब अलग और आजाद देश था। उधर, ढाका के धनमंडी में पाकिस्तानी फौजियों ने शेख मुजीबुर्रहमान की फैमिली को घेर रखा था। शेख मुजीबुर्रहमान की पत्नी, बेटी शेख हसीना, रेहाना और बेटे रसेल बंकर में छिपे थे। बाहर से जो भी बंकर की तरफ आता, पाकिस्तानी सैनिक उसे गोली मार देते। भारतीय सेना को पता चला तो एक मेजर और दो जवान भेजे गए। मेजर ने अकेले पाकिस्तानी सैनिकों को सरेंडर करवाया और शेख हसीना के परिवार को बचा लिया। वो मेजर थे अशोक कुमार तारा, जो बाद में कर्नल की पोस्ट से रिटायर हुए। उनका कहना है बांग्लादेश में हंसा के पीछे चीन और अमेरका का हाथ है। हिंसक प्रदर्शन के बाद मुजीब की बेटी शेख हसीना बहन शेख रेहाना के साथ 5 अगस्त को भारत आ गईं और सेफ हाउस में रह रही हैं। एक फौजी अधिकारी ने बताया कि वे बांग्लादेश की आजादी के वक्त मैं मिजोरम में तैनात थे । 15 दिसंबर को आदेश मिला कि मुझे ढाका एयरपोर्ट पहुंचकर रिपोर्ट करनी है। वे ढाका एयरपोर्ट पहुंचे। हमारी कंपनी ने एयरपोर्ट के चारों तरफ घेरा बना लिया ।अगले ही दिन 16 दिसंबर, 1971 को पाकिस्तानी सेना ने सरेंडर कर दिया। मुझे एयरपोर्ट की सुरक्षा में रहने का आदेश मिला ।17 दिसंबर की सुबह 9 बजे मुक्ति वाहिनी का एक सिपाही आया। वो शेख मुजीबुर्रहमान की ड्यूटी में रहा था। उसने बताया कि शेख मुजीबुर्रहमान का परिवार पाकिस्तानी सेना की कैद में है। उन्हें बचाया नहीं गया, तो सैनिक उन्हें मार सकते हैं। एक दिन पहले ही उन पर हमले की कोशिश की गई थी। पाकिस्तानी सेना एक दिन पहले ही सरेंडर कर चुकी थी। जंग खत्म हो गई थी। इसलिए हमने उसकी बात को बहुत गंभीरता से नहीं लिया। सीनियर अफसरों ने भी ध्यान नहीं दिया। फिर भी हम सिपाही की बात नजरअंदाज नहीं कर सकते थे। मैं दो जवानों के साथ उसकी बताई जगह पर पहुंच गया। वो जगह ढाका का धनमंडी एरिया थी। एक घर के बाहर बने बंकर में शेख मुजीबुर्रहमान की फैमिली बंद थी ।मैं उस घर से सिर्फ 100 गज दूर था। वहां काफी भीड़ थी। लोकल लोग थे, मीडिया वाले भी थे। वे बोले, आगे मत जाओ। पाकिस्तानी फौजी फायरिंग कर रहे हैं। मुझे सामने एक कार दिखाई दी।



**अशोक कुमार तारा**
रिटायर्ड कर्नल

- 1963 • भारतीय सेना के 14 गार्ड में कमीशंड हुए
- 1971 • भारत-पाकिस्तान जंग के वक्त सिर्फ 29 साल के थे
- 1994 • कर्नल पद से रिटायर हुए
- 2012 • फ्रेंड्स ऑफ बांग्लादेश लिबरेशन वॉर अवॉर्ड मिला